✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात


नालंदा जिले के हिलसा में आयोजित संवाद कार्यक्रम में भाग लेते सीएम नीतीश कुमार

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 130 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, सोमवार, 6 अक्टूबर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com

## संक्षिप्त समाचार

### इंटर-मैट्रिक परीक्षा के लिए 12 अक्टूबर तक भरा जाएगा फॉर्म

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार बोर्ड से इंटर-मैट्रिक 2026 की परीक्षा में शामिल होनेवाले विद्यार्थियों का आवेदन फॉर्म अब 12 अक्टूबर तक भरा जाएगा। बोर्ड ने विद्यार्थियों को एक और मौका देते हुए आवेदन फॉर्म भरने की तिथि बढ़ा दी है। बोर्ड ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को सूचना जारी की है। इससे पहले आवेदन फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 5 अक्टूबर निर्धारित थी।

### पटना मेट्रो रेल का उद्घाटन आज

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पटना मेट्रो रेल परियोजना के तहत प्रायरिटी कॉरिडोर के तीन स्टेशनों- पाटलिपुत्र बस टर्मिनल, जीरोमाइल और भूतनाथ का उद्घाटन आज सोमवार 6 अक्टूबर को हो रहा है। सुबह 11 बजे उद्घाटन के साथ पटना मेट्रो इन तीन स्टेशनों के बीच दौड़ने लगेगी। भूतनाथ मेट्रो स्टेशन पर उद्घाटन कार्यक्रम में पहला सफर चुनिंदा लोगों और मीडियाकर्मियों के साथ होगा। इसके बाद आम लोगों के लिए सेवा शुरू करने का एलान किया जाएगा।

### बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** कादिरगंज थाना क्षेत्र के जमुआवा गांव में शनिवार देर रात तार का पेड़ काटने को लेकर हुए विवाद में एक 60 वर्षीय बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान नारायण यादव के रूप में हुई है। परिजनों ने आरोप लगाया है कि सोते समय नारायण यादव पर लोहे और ईंट से हमला किया गया जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी गांव से फरार हो गये।

### हम के कई नेता जन सुराज में शामिल

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** रविवार को गया जिला से आए हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के कई नेताओं ने जन सुराज पार्टी (जसुपा) की सदस्यता ले ली। पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने पीला गमछा ओढ़ाकर उन सभी का स्वागत किया। उन सभी ने कहा कि जीतनराम मांझी की पार्टी परिवार और रिश्तेदार तक सिमट कर रह गई है। हम के एससी-एसटी प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे राजेश्वर मांझी, राष्ट्रीय महासचिव रही डॉ. शशि यादव, प्रदेश महासचिव लक्ष्मण मांझी, प्रदेश सचिव राकेश कुमार सिंह, प्रदेश युवा सचिव सुनील चंद्रवंशी, जिला परिषद सदस्य पार्वती देवी और गणेश मांझी आदि जसुपा में आए हैं।

### नदी में डूबने से किशोर की मौत

**भभुआ(नबिटा ब्यूरो)।** थाना क्षेत्र के रूपपुर मध्य विद्यालय के पास 12 वर्षीय बालक की नदी से निकले बाहा में डूबने से मौत हो गई। मृतक की पहचान रूपपुर गांव निवासी भोला पटेल के पुत्र आनंद पटेल के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार आनंद अपने गांव के कुछ दोस्तों के साथ खेलने के लिए विद्यालय के पास गया था। खेलते-खेलते सभी बच्चे पास की नदी से निकले बाहा में नहाने लगे। इसी दौरान आनंद गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। साथी बच्चों ने शोर मचाकर लोगों को बुलाने की कोशिश की लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

# बिहार विधानसभा का कार्यकाल समाप्त होने से पहले होगा चुनाव : आयोग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा का कार्यकाल 22 नवंबर, 2025 को समाप्त हो रहा है और उससे पहले चुनाव करा लिए जाएंगे। यह बात मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राजधानी पटना में रविवार को प्रेस वार्ता में कही। इस दौरान उन्होंने बिहार में होनेवाले विधानसभा चुनाव को लेकर कई अहम जानकारियां साझा कीं। उन्होंने कहा कि निर्वाचन आयोग ने पहली बार बूथ-स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया है। एसआईआर 24 जून, 2025 को शुरू किया गया और समय सीमा तक पूरा हुआ। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि चुनाव आयोग की पूरी टीम पिछले दो दिनों से बिहार में है। इससे पहले भी हमारे सीनियर अधिकारी पूरे बिहार का दौरा कर चुके हैं। यहां आने के बाद आयोग ने सबसे पहले मान्यता प्राप्त दलों के साथ बैठक की। राज्य के सीनियर अधिकारियों के साथ भी मीटिंग हुई है। अब हम लोग आखिरी चरण में हैं और



पूरा ब्यौरा देकर दिल्ली जाना है। सीईसी ने कहा कि चुनाव आयोग ने पहली बार बूथ लेवल एजेंट्स को ट्रेनिंग दी। इसकी शुरुआत बिहार से हुई। यह ट्रेनिंग कुछ महीने पहले दिल्ली में सम्पन्न हुई। उन्होंने बताया कि बूथ लेवल ऑफिसर्स की भी खास ट्रेनिंग दी गई है। साधारण तौर पर पुलिस अधिकारियों की ट्रेनिंग जिला या स्टेट टीम में होती थी लेकिन इस बार दिल्ली में भी ट्रेनिंग शुरू की गई। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि नामांकन की अंतिम तारीख से 10 दिन पहले तक अभी समय है। अगर किसी व्यक्ति या किसी राजनीतिक दल को यह चिंता है कि कोई पात्र मतदाता छूट गया है या कोई अपात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में है, तो वे अपनी दावे और आपत्तियां दर्ज कर सकते हैं। प्राप्त दावों और आपत्तियों का समाधान ईआरओ स्तर पर किया जाएगा। नामांकन प्रक्रिया समाप्त होने के बाद चुनाव समाप्त होने तक सूची स्थिर रहती है। अभी भी समय बाकी है। उन्होंने कहा कि जहां तक व्यय सीमा का सवाल है तो निर्वाचन आयोग की ओर से व्यय सीमा के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं। प्रत्येक जिले में एक व्यय पर्यवेक्षक भी नियुक्त किया गया है, जो राजस्व सेवाओं से होगा और व्यय का हिसाब रखेगा। सीईसी ने बताया कि किसी भी बूथ पर 1200 से ज्यादा वोटर नहीं होंगे। 100 फीसदी वेब कास्टिंग होगी। इसके अलावा पोलिंग बूथ के कमरे के बाहर मोबाइल जमाकर वोट डालने की सुविधा होगी। सभी 90 हजार पोलिंग बूथ पर ये सुविधा होगी। मतदाताओं को दी जानेवाली वोटर स्लिप बूथ की संख्या बड़े अक्षरों में होगी, जिससे बूथ ढूंढना आसान होगा। सीईसी ने बताया कि चुनाव आयोग 17 नए प्रयोग बिहार चुनाव में करने जा रही है। आगे यह पूरे देश में लागू होगा। ईवीएम पर प्रत्याशियों की रंगीन फोटो होगी। वोटर आईडी कार्ड में वोटर आईडी नंबर बड़ा होगा। इवीएम की काउंटिंग में कोई भी गलती होगी तो सभी वीवीपैट की गिनती होगी। इसके अलावा बैलेट वोट की भी गिनती अनिवार्य होगी।

# विशिष्ट और प्रधान शिक्षकों को मिलेगा वेतन संरक्षण का लाभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सरकारी स्कूलों में नियोजित से बने विशिष्ट शिक्षकों और प्राथमिक विद्यालय के प्रधान शिक्षकों को वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा। रविवार को शिक्षा विभाग के सचिव ने प्रेस नोट जारी कर यह जानकारी दी है। इस प्रावधान से राज्य के तीन लाख से अधिक शिक्षकों को प्रतिमाह वेतन में चार से पांच हजार रुपए तक का लाभ मिलेगा। शिक्षा विभाग ने कहा है कि सक्षमता प्रथम और द्वितीय परीक्षा उत्तीर्ण स्थानीय निकाय के 2 लाख 45 हजार शिक्षक, जो विशिष्ट शिक्षक के रूप में योगदान कर चुके हैं, उन्हें विद्यालय में योगदान की तिथि से वेतन संरक्षण (पे-प्रोटेक्शन) का लाभ मिलेगा। इन शिक्षकों को अक्टूबर 2025 माह के वेतन के साथ ही योगदान की तिथि से बकाया वेतन वृद्धि का लाभ मिलेगा। साथ ही शेष तृतीय, चतुर्थ और पंचम सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण होनेवाले स्थानीय निकाय शिक्षकों को भी विद्यालय में योगदान की तिथि से वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा। इसी प्रकार लगभग 28 हजार 750 प्रधान शिक्षकों को भी योगदान की तिथि से वेतन संरक्षण का लाभ मिलेगा। राज्य के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में हाल ही में प्रधान शिक्षक के पद पर लगभग 28 हजार 750 विशिष्ट शिक्षक या स्थानीय निकाय शिक्षकों ने योगदान किया है। ये सभी नवनियुक्त प्रधान शिक्षक पहले विशिष्ट शिक्षक या स्थानीय निकाय शिक्षक थे। ऐसे में शिक्षा विभाग की ओर से यह निर्णय लिया गया है कि प्रधान शिक्षक के पद पर योगदान करनेवाले विशिष्ट शिक्षक या स्थानीय निकाय शिक्षक को योगदान की तिथि से ही वेतन संरक्षण का लाभ दिया जाएगा। बिहार प्रारंभिक विद्यालय प्रधान शिक्षक नियमावली-2024 के आलोक में वेतन संरक्षण देने के लिए अधिसूचना जारी की जा रही है। नियोजित शिक्षक के रूप में काम कर रहे शिक्षकों का मूल वेतन 28 से 31 हजार रुपए तक हो गया था लेकिन विशिष्ट शिक्षक बनने के बाद इनका मूल वेतन 25 हजार हो गया। ऐसे में नियोजित से विशिष्ट बने शिक्षक वेतन संरक्षण की मांग कर रहे थे। अब शिक्षा विभाग की ओर से वेतन संरक्षण का लाभ देने के बाद इन्हें प्रतिमाह चार से पांच हजार रुपए का लाभ मिल जाएगा। कई ऐसे विशिष्ट शिक्षक हैं, जिन्हें नियोजित शिक्षक के रूप में मिल रहे वेतन से प्रतिमाह 10 से 12 हजार रुपए कम मिल रहे थे। अब वेतन संरक्षण से इन्हें मिल रहे पुराने वेतन से कम नहीं मिलेगा।

# भाजपा ने शुरू किया सुझाव पेटी रथ, जनता से मांगा सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा ने जनता से सीधे जुड़ने और उनके विचारों को अपने घोषणा पत्र में शामिल करने की दिशा में कदम उठाया है। आज प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने पटना से पूरे राज्य में विशेष 'सुझाव पेटी रथों' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही उन्होंने पार्टी की नई वेबसाइट 'विकसित बिहार' का भी शुभारंभ किया। इस वेबसाइट के माध्यम से राज्य के लोग अब ऑनलाइन भी अपने सुझाव पार्टी तक भेज सकेंगे। नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, युवाओं के रोजगार, महिला सशक्तिकरण, उद्योग और बुनियादी ढांचे जैसे विषयों पर अपने विचार साझा कर सकते हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि भाजपा की मेनिफ़ेस्टो कमेटी ने राज्य की जनता से सुझाव लेने के लिए सुझाव संग्रह अभियान की शुरुआत की है। एनडीए सरकार ने बिहार के विकास, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण और किसान हित में जो काम धरातल पर किए हैं, उसी को आगे बढ़ाने के लिए हम जनता से पारदर्शी तरीके से सुझाव मांग रहे हैं। हम चाहते हैं कि जनता खुद यह तय करे कि विकसित बिहार कैसा हो। भाजपा की यह रथ यात्रा हर जिले, हर विधानसभा क्षेत्र, और गांव-शहर के चौराहों तक पहुंचेगी, जहां आम लोग अपने सुझाव पेटी में डालकर पार्टी के घोषणा पत्र को आकार देने में भागीदार बन सकेंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने जानकारी दी कि पार्टी 20 अक्टूबर तक जनता से सुझाव एकत्र करेगी। उसके बाद भाजपा की घोषणा पत्र समिति इन सुझावों का विश्लेषण कर केंद्र नेतृत्व की मौजूदगी में 'घोषणा पत्र' जारी करेगी। इस बार भाजपा का घोषणा पत्र गरीब का कल्याण केंद्रित होगा। हम जो वादा करेंगे, उसे लागू करने के लिए पहले से तैयार खाका लेकर चलेंगे।

## मुख्यमंत्री का दिवाली गिफ्ट, देश के दूसरे सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम का उद्घाटन

# हर तबके के विकास के लिए काम कर रही बिहार सरकार : नीतीश

**राजीव वर्मा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार देश के खेल प्रेमियों और खिलाड़ियों को चुनाव से पहले दिवाली का बड़ा तोहफा दिया है। नालंदा के राजगीर में एक हजार 121 करोड़ की लागत से बना इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम जनता को समर्पित कर दिया। सात सालों में बनकर तैयार यह स्टेडियम गुजरात के अहमदाबाद के बाद देश का दूसरा सबसे बड़ा स्टेडियम है। यह आईसीसी और बीसीसीआई के मानकों को पूरा करता है। सीएम ने कहा कि इससे खेल गतिविधियों में बिहार आगे बढ़ेगा और राज्य के खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगे और बिहार का नाम रौशन करेंगे। इस स्टेडियम की आधारशिला 2018 में रखी गयी थी। खिलाड़ियों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं बहाल की गई हैं। इसे 90 एकड़ में बनाया गया है। स्टेडियम में 40 हजार दर्शकों के बैठने की जगह है। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने आयोजित समारोह में 87 उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सरकारी नौकरी का चयन पत्र और 812 खिलाड़ियों के बीच करीब 8 करोड़ रुपये की खेल सम्मान राशि का वितरण किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने पुलिस अवर निरीक्षक में चयनित खिलाड़ी अंशिका कुमारी, सपना कुमारी, पायल प्रीति, निखत खातून, खुशबू कुमारी, सुल्ताना बानो, स्वीटी कुमारी,



माही श्वेतराज, नीरज कुमार एवं बॉबी कुमार को सांकेतिक रूप से चयन पत्र प्रदान किया। इन 10 खिलाड़ियों में 8 महिला खिलाड़ी और 2 पुरूष खिलाड़ी शामिल हैं। साथ ही मुख्यमंत्री ने 3 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों को खेल सम्मान राशि का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने शैलेश कुमार को 75 लाख, बॉबी कुमार को 35 लाख और गोल्डी कुमारी को 10 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। इसके बाद नीतीश कुमार नालंदा जिले के हिलसा विधानसभा भी पहुंचे जहां उन्होंने कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में शामिल होकर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने हमेशा समाज के हर तबके के विकास के लिए काम किया है। चाहे अगड़ा वर्ग हो या पिछड़ा, अति पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक या महिला सबको समान अवसर देने का काम किया गया है। उन्होंने कहा कि 2005 के बाद जब जनता ने उन्हें अवसर दिया, तब से बिहार ने विकास की दिशा में बड़ी छलांग लगाई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पूरे बिहार में बिजली, सड़क, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसी बुनियादी सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हैं। गांवों में पक्की सड़कों का जाल बिछ चुका है, हर घर में बिजली पहुंच चुकी है और स्कूलों के साथ-साथ अस्पतालों की स्थिति में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने कहा कि विकास का यह कार्य निरंतर जारी रहेगा और सरकार की प्राथमिकता है कि राज्य के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचे। विपक्ष पर निशाना साधते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ लोग केवल अपने परिवार का विकास करना चाहते हैं जबकि हमारी सरकार ने समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए योजनाएं चलाई हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं को पंचायतों और नगर निकायों में 50 प्रतिशत आरक्षण देकर समाज में नई सोच और नेतृत्व की दिशा दी गई है, जो देशभर में एक मिसाल है। मुख्यमंत्री ने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि **(शेष पृष्ठ 7 पर)**

# बिप्रसे के 102 अधिकारियों का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य सरकार ने रविवार को बिहार प्रशासनिक सेवा के 102 पदाधिकारियों का ट्रांसफर किया है। इस तबादले में एक उप विकास आयुक्त, छह जिला परिवहन पदाधिकारी, चार जिला पंचायत राज पदाधिकारी, एक नगर आयुक्त और एक भूमि सुधार उप समाहर्ता समेत कई अधिकारियों को बदला गया है। सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना के अनुसार जिन अधिकारियों को स्थानांतरित किया गया है उनमें अपर समाहर्ता स्तर के अधिकारी भी शामिल हैं। पटना के अपर जिला दंडाधिकारी आपूर्ति अमलेंदु कुमार सिंह को गृह विभाग में संयुक्त सचिव, पटना के अपर समाहर्ता विशेष कार्यक्रम रवींद्र कुमार दिवाकर को उप विकास आयुक्त, किशनगंज, अपर समाहर्ता आपदा, कटिहार बनाया गया है। वहीं मनोज कुमार को विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग, पदस्थापना की प्रतीक्षा में चल रहे संजीव कुमार को विशेष सचिव राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, औरंगाबाद के बंदोबस्त पदाधिकारी शैलेश कुमार दास को अपर समाहर्ता, आपदा प्रबंधन, नालंदा, दरभंगा के अपर जिला दंडाधिकारी, विधि व्यवस्था, राकेश रंजन को अपर जिला दंडाधिकारी विधि व्यवस्था, भागलपुर, अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, पटना बनाया गया है। इसके अलावा राजेश रौशन को संयुक्त निदेशक, पर्यटन, विशेष कार्य पदाधिकारी, योजना एवं विकास विभाग, सतीश रंजन सिन्हा को अपर सचिव मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, मो, सफीक को अपर जिला दंडाधिकारी, विधि-व्यवस्था, गयाजी, सुधांशु शेखर को संयुक्त सचिव योजना एवं विकास विभाग, राखी कुमारी केसरी को सचिव बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग. जिला भू अर्जन पदाधिकारी, अररिया वसीम अहमद को विशेष कार्य पदाधिकारी पंचायती राज विभाग, जिला भू अर्जन अधिकारी,भोजपुर बनाया गया है। साथ ही सत्यप्रकाश को जिला भू अर्जन पदाधिकारी, पटना, रंजन कुमार चौधरी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी , पटना को अपर समाहर्ता विभागीय जांच, नालंदा, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सीतामढ़ी, विकास कुमार को अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग व बिहार युवा आयोग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार बनाया गया है। इसके अलावा बांका के जिला परिवहन पदाधिकारी प्रेमकांत सूर्य को अपर समाहर्ता, विधि व्यवस्था पटना, अरवल के वरीय उप समाहर्ता, देवज्योति कुमार को नगर दंडाधिकारी, पटना, बक्सर के वरीय उप समाहर्ता, आदित्य कुमार को जिला पंचायती राज पदाधिकारी गयाजी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी, सहरसा, अखिलेश कुमार सिंह को विशेष कार्य पदाधिकारी, पंचायती राज विभाग, बियाडा के उप महाप्रबंधक विशाल आनंद को महाप्रबंधक (परियोजना) बेल्ट्रान व सुनील कुमार को संयुक्त सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग बनाया गया है।

# चुनाव बाद टीआरई-4 की वैकेंसी आने की संभावना

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** शिक्षा विभाग का बीपीएससी सेचौथेचरण के तहत स्कूलों मेंशिक्षकों की भर्ती का लक्ष्य फिलहाल पूरा होता नहीं दिख रहा है। अब टीआरई 4 (अध्यापक भर्ती परीक्षा) की वैकेंसी विधानसभा चुनाव के बाद आनेकी संभावना है, क्योंकि अभी तक सभी जिलों से टीआरई 4 के लिए रिक्ति नहीं मिल सकी है। लगभग आधा दर्जन जिलों सेरिक्ति मिलना अब भी बाकी है। विभाग का लक्ष्य था कि सितंबर तक तक शिक्षकों की रिक्ति बीपीएससी को भेज दी जाए, ताकि चुनाव आचार संहिता लागू होनेके पहलेवैकेंसी जारी हो जाए। शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने 21 सितंबर को प्रेस वार्ताके दौरान कहा था कि पांच दिनों मेंरिक्ति बीपीएससी को चली जाएगी लेकिन अभी तक रोस्टर क्लीयरेंस के साथ विभाग को रिक्ति जिलों सेनहीं मिल सकी है। टीआरई-4 में 27 हजार रिक्ति संभावित बताई जा रही है। वैसेशिक्षा विभाग नेपहलेही टीआरई-4 की परीक्षा की तिथि 16 से 19 दिसंबर 2025 निर्धारित कर दी है। इसका रिजल्ट जारी करनेकी तिथि भी 20 से 24 जनवरी 2026 तक रखा है। लेकिन वैकेंसी कब जारी होगी, इसकी तिथि नहीं बताई गई है। इसी सप्ताह चुनाव आचार संहिता लगनेकी संभावना है। ऐसेमेंचुनाव आचार संहिता मेंशिक्षक नियुक्ति की वैकेंसी बाधित होगी।

# अरवल के एसपी का तबादला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार ने रविवार को पांच आइपीएस और दो बिहार पुलिस सेवा के अफसरों का भी तबादला किया है। अधिसूचना के मुताबिक हाल ही में निलंबन मुक्त हुए आदित्य कुमार को बिहार पुलिस की नयी इकाई मद्य निषेध एवं राज्य स्वापक नियंत्रण ब्यूरो का एसपी बनाया गया है। इनके साथ ही केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) में एसपी रहे मनीष कुमार को अरवल का एसपी, अरवल के एसपी डॉ इनामुल हम मेंगनू को पटना का रेल एसपी बनाया है। इसके अलावा पुष्कर आनंद को बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 09 जमालपुर का समादेष्टा और पटना के रेल एसपी रहे डॉ अमृतेंदु शेखर ठाकुर को केंद्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) का एसपी बनाया गया है। बिहार पुलिस सेवा के बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस 09 जमालपुर के समादेष्टा रंजन कुमार और पदस्थापन की प्रतीक्षा में रहे डीएसपी डॉ शंकर कुमार झा को विशेष शाखा में एसपी की जिम्मेदारी मिली है। इसके अलावा राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने अंचलाधिकारी सह समकक्ष पद के 76 अधिकारियों का तबादला किया है। विभाग ने स्थानांतरित अधिकारियों को रविवार की शाम में ही विरमित कर दिया है। छह अक्टूबर को स्थानांतरित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से योगदान करने को कहा गया है। विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय की ओर से तबादले की अधिसूचना जारी की गई है।

# धर्मेन्द्र प्रधान ने ललन सिंह, मांझी व उपेन्द्र कुशवाहा से की मुलाकात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री और बिहार भाजपा चुनाव प्रभारी धर्मेन्द्र प्रधान ने रविवार को एनडीए घटक दलों के तीन शीर्ष नेताओं से मुलाकात की। उन्होंने बारी-बारी से केंद्रीय पंचायती राज मंत्री और जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री और हम के संरक्षक जीतन राम मांझी तथा रालोमो प्रमुख उपेन्द्र कुशवाहा से भेंट की। इन मुलाकातों के दौरान भाजपा के बड़े नेताओं की भी उपस्थिति रही। मालूम हो कि विधानसभा चुनाव को लेकर एनडीए के बीच सीट बंटवारे पर मंथन अंतिम चरण में है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सितंबर के अपने बिहार दौरे पर भी कहा था कि नवरात्र के बाद जल्द ही एनडीए में सीट बंटवारे पर अंतिम निर्णय ले लिया जाएगा। इसी कड़ी में धर्मेंद्र प्रधान की घटक दलों के नेताओं के साथ इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। चुनाव प्रभारी बनने के बाद उनकी सहयोगी दलों के नेताओं के साथ यह पहली बैठक थी। ललन सिंह से उनकी मुलाकात भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतुराज सिन्हा के आवास पर हुई। वहीं, अन्य दोनों नेताओं के आवास पर श्री प्रधान गये हुए थे। हर जगह पर वह करीब आधे घंटे रुके और नेताओं के साथ बातचीत की। हालांकि मुलाकात के बाद संबंधित नेताओं ने इसे एक शिष्टाचार भेंट बताया है। मुलाकात के दौरान बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े भी श्री प्रधान के साथ थे। जीतन राम मांझी के आवास पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी भी गये हुए थे। उपेन्द्र कुशवाहा के आवास पर ऋतुराज सिन्हा भी उपस्थित थे। ललन सिंह ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान और उनकी शिष्टाचार मुलाकात थी। हमलोग मित्र हैं और इस नाते मिलते रहते हैं। मीडिया के सवाल पर कहा कि एनडीए में सीट बंटवारा समय पर हो जाएगा। एनडीए के बीच सबकुछ पुख्ता है। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा पहले एनडीए के अन्य घटक दलों के साथ सीट बंटवारे पर बात करेगी। फिर, भाजपा और जदयू के बीच बातें होंगी। वहीं, जीतन राम मांझी ने भी कहा कि यह शिष्टाचार मुलाकात थी। इस दौरान कोई राजनीतिक बातें नहीं हुई हैं। बता दें कि बीजेपी की राज्य चुनाव समिति की दो दिवसीय बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने की है, उन्हें बिहार विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का प्रभारी नियुक्त किया गया है। बैठक में उम्मीदवारों और टिकटों पर चर्चा हो रही है। साथ ही इसी दौरान घटक दलों को भी मनाने की कोशिश जारी है ताकि सभी सहयोगियों के बीच सीटों का तालमेल बन सके, सभी लोग संतुष्ट रहें लेकिन तमाम सहयोगी कम सीटों पर मानने के लिए तैयार नहीं हैं।

# चार आइएएस अधिकारियों को मिली नयी जिम्मेदारी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** राज्य सरकार ने चार आइएएस अधिकारियों को नयी जिम्मेदारी सौंपी है। सामान्य प्रशासन विभाग की रविवार को जारी अधिसूचना के मुताबिक मधुबनी नगर निगम के आयुक्त अनिल कुमार चौधरी को गृह विभाग में विशेष सचिव बनाया गया है। इनके साथ ही जहानाबाद के बंदोबस्त पदाधिकारी उपेन्द्र प्रसाद को सामान्य प्रशासन विभाग में अपर सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव संजय कुमार को बिहार विकास मिशन का मुख्य महाप्रबंधक जबकि किशनगंज के डीडीसी स्पर्श गुप्ता को बिहार राज्य बीज निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

# इवीएम डेमोंस्ट्रेशन वैन के माध्यम से लोगों को दी जा रही इवीएम व वीवीपैट की जानकारी

## मतदाताओं को वोटिंग का कराया जा रहा अभ्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार व डीएम के दिशा-निर्देशन में मसौढी विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। जहां मसौढ़ी प्रखंड के निशियावां, उस्मानचक, नूरा, देवरिया, हसनपुरा, नदौना, नदौल, भगवानगंज, समेत कई पंचायत में ईवीएम डेमोंसट्रेशन वैन के जरिए जागरूकता की जा रही है। ताकि मतदान के दिन किसी प्रकार की कठिनाई खासकर बुजुर्ग एवं महिलाओं को न हो। गांव गांव में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में जाकर निर्वाचकों को इवीएम और वीवीपैट के प्रयोग से संबंधित जानकारी दे रही है, इन वैनों के माध्यम से मतदाताओं को हैंडस-आन अभ्यास कराया जा रहा है, ताकि मतदान के दिन उन्हें किसी प्रकार की कठिनाई न हो. विशेषकर नए मतदाताओं महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रयास किया जा रहा है कि मतदान प्रक्रिया के प्रति किसी भी तरह का भ्रम दूर हो. अभियान में युवाओं और प्रथम बार वोट करने वाले निर्वाचकों को विशेष रूप से प्रेरित किया जा रहा है। मतदान दिवस से पहले यह डेमो अभ्यास उन्हें ईवीएम और वी वी पैट की प्रयोगात्मक अभ्यास कर आत्मविश्वास प्रदान कर रहा है, साथ ही मतदाताओं के भ्रम को दूर कर वोट डालने की बिल्कुल सरल और पारदर्शी प्रक्रिया से रूबरू कराया जा रहा है। इसके तहत यह दिखाया जा रहा है कि मतदान के बाद वीवीपैट से पर्ची निकलती है जिसे मतदाता देखकर पुष्टि कर सकते हैं कि उनका वोट सही उम्मीदवार को गया है। इससे ग्रामीण शहरी मतदाताओं की शंकाएं दूर होने से मतदाता प्रक्रिया के विश्वास बढ़ रहे हैं. शत प्रतिशत मतदान का लक्ष्य डेमोंसट्रेशन वैन गांव-गांव और मोहल्ले में पहुंचकर लोगों को मतदान का महत्व समझा रही है।

### तीन जगहों पर बना चेक पोस्ट

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** विधानसभा चुनाव तक शराब मादक पदार्थ, अवैध राशि और बहुमूल्य धातु के तस्करी को रोकने के लिए मसौढ़ी विधानसभा में तकरीबन 3 जगह पर चेक पोस्ट तैयार किए गए हैं, जिसमें मसौढ़ी के भगवानगंज थाना क्षेत्र में रौनिया मोड के पास,धनरूआ में पभेडा मोड एवं पटना गया हाईले पर नदौल में चेक पोस्ट बनाए गए हैं। जहां पर तीन पालियों में तीन-तीन पदाधिकारी प्रतिनियुक्त किए गए हैं। यह सभी चेक पोस्ट शहर और जिलों की सीमा और महत्वपूर्ण नदी के आसपास स्थापित किए गए हैं। दरअसल सीमा पर मादक पदार्थ अवैध शराब जाली करेंसी, अनाधिक राशि एवं बहुमूल्य धातु के परिचालन पर रोक तथा प्रभावी नियंत्रण के लिए अथवा चेक पोस्ट चिन्हित किए गए हैं। मध निषेध विभाग कई जगहों को हॉटस्पॉट चिन्हित का निरोधत्मक कार्रवाई भी की जा रही है।

## एक नजर

### बारिश से किसानों को परेशानी

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** लगातार हो रही रुक-रुक कर बारिश और तेज आंधी पानी में और हवा से किसानों की चिंता बढ़ा दी है। इस प्राकृतिक आपदा के कारण खेतों में खड़ी धान की फसल गिर गई है। ऐसे में अब किसानों की चिंताएं बढ़ गई है और आर्थिक नुकसान होने का डर सता रहा है। मसौढी के राजाबीघा गांव में कई खेतों में खड़ी धान की फसल तेज आए हवा-पानी से गिर गई है। किसानों के अनुसार, अचानक आई बारिश और तेज हवाओं से उनकी तैयार फसल को भारी क्षति पहुंची है। फसल के खेतों में गिरने से उपज पर बुरा असर पड़ने की आशंका है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान का सामना करना पड़ सकता है। स्थानीय लोग इस स्थिति से काफी परेशान हैं। राजा बीघा गांव के किसान मनोज यादव ने बताया कि तेज हवा के साथ हो रही बारिश से धान की खाड़ी भी फसल खेतों में गिर गई है इसकी डेंटल टूट गई है ऐसे में आप वह दोबारा नहीं उठ पाएगा और अगर मौसम ऐसा ही रहा तुम्हारी नुकसान हो सकता है किसानों की मेहनत बेकार हो जाएगी। जिस उम्मीद से किसान अपने खेतों में खून पसीना एक कर धान की फसल उपजाये है।

### दिलीप ने सिल्वर और ब्रान्ज मेडल किया अपने नाम

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित 6वें जूनियर एंड सीनियर सी राष्ट्रीय योगासन प्रतियोगिता में बिहार को मिला 14 मेडल, जिसमें सीनियर सी से मसौढ़ी के डॉ दिलीप कुमार ने फॉरवर्ड बैंड इंडिविजुअल में 1 सिल्वर मेडल एवं ट्विस्टिंग इंडिविजुअल में 1 ब्रॉन्ज मेडल अपने उम्दा प्रदर्शन कर यह मेडल अपने नाम की है। डॉ दिलिप ने आंध्रप्रदेश मे आयोजित योगासन प्रतियोगिता मे मेडल जीतकर न केवल मसौढ़ी का नाम रौशन किए बल्कि पूरे बिहार को गौरवान्वित किए, इस जीत के लिए अपने माता पिता, अपने कोच एवं समस्त गुरुजन एवं बिहार राज्य खेल प्राधिकरण सभी बच्चों को एक महीना का विशेष योगासन का प्रशिक्षण दिलवाए। मसौढी के कई समाजसेवीयो ने डॉ दिलिप को शुभकामना दी है और उज्वल भविष्य की कामना की है जिसमें विश्वरंजन, राहुल चंद्रा, नवल भारती, डॉ रामजयपाल, डॉ सुधीर सिंह, डॉ मंगल, अनिल कुमार मिठ्ठू, रामाकांत रंजन किशोर, अरफराज साहिल,मृत्युंजय पांडे आदी ने शुभकामना दी है।

### करंट से एक की मौत

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना क्षेत्र के अलावलपुर गांव में करंट लगने से एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। मृतक की पहचान मुन्नी देवी उम्र करीब 40 वर्ष पति लोचन बिंद ग्राम अलवालपुर हुई है। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने घटना के संदर्भ में बताया की मुन्नी देवी रविवार को।खेत में बकरी चराने गई थी, जहां खेत में गिरे बिजली के नंगे तार के संपर्क में आ जाने से उसकी मौत हो गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है मामले की जांच की जा रही है।

### पुनपुन नदी में स्नान करने के दौरान युवक डूबा

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पुनपुन थाना अंतर्गत ग्राम श्रीपालपुर गांव के समीप पुनपुन नदी में नहाने के दौरान एक व्यक्ति डुब गया है। जिसका नाम मिथुन मांझी उम्र 34 वर्ष पिता मुंद्रिक मांझी ग्राम श्रीपालपुर है।थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने बताया की यह हादसा नहाने के दौरान हुआ है,घटना की सूचना मिलते ही गोताखोर के जरिए शव की तलाश की जारी है।

### माले का दलित गरीब अधिकार मार्च

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** भाकपा माले का इन दिनो दलित गरीब अधिकार मार्च पूरे बिहार में चलाया जा रहा है। ऐसे में रविवार को धनरूआ प्रखंड के पथरहट पंचायत में दलित गरीब अधिकार मार्च निकाला गया और नीतीश, मोदी का पुतला दहन किया गया, पुतला दहन में संबोधित करते हुए कामरेड वीरेंद्र प्रसाद ने कहा कि नीतीश सरकार 1 प्रति एकड़ पूंजीपतियों के नाम पर लूटा रही है और गरीब बटाईदार किसानों को 30,000 रुपए प्रति एकड़, यह कहां का न्याय है ।इसलिए हर भूमिहीन को पांच डिसमिल वासगीत जमीन चाहिए हर बेरोजगार को रोजगार चाहिए, हर एक बच्चों को निःशुल्क शिक्षा चाहिए, हर गरीब को आवास चाहिए तो आने वाले विधानसभा चुनाव में नीतीश सरकार को उखाड़ फेंकना है और महागठबंधन सरकार को जिताना है।चुनाव नजदीक आने पर नीतीश सरकार की घोषणाओं का अंबार लगा दिया गया है और सरकारी पैसे से वोट ख़रीदने के लिए गरीबों महिलाओं के अकाउंट में ?10000 दिया जा रहा है यह नीतीश सरकार की नाकामी है। कार्यक्रम में प्रखंड सचिव अक्लू पासवान, वीरेंद्र प्रसाद,श्री भगवान पासवान,प्रमोद यादव, निरंजन वर्मा उपेंद्र मांझी आदि थे।

# मुंगेर विश्वविद्यालय के तीन कॉलेजों में होगा विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मुंगेर।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित मुंगेर विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा विकसित भारत युवा संसद 2026 का आयोजन किया जाएगा। एनएसएस क्षेत्रीय निदेशालय, पटना के क्षेत्रीय निदेशक विनय कुमार के पत्रानुसार विकसित भारत युवा संसद 2026 कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से आयोजित करने का दायित्व तीन कॉलेजों को दिया गया है:- केएसएस कॉलेज, लखीसराय, महिला कॉलेज, खगड़िया, डीएसएम कॉलेज, झाझा। मुंगेर विश्वविद्यालय के कार्यक्रम समन्वयक मुनींद्र कुमार सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का समय सारणी निम्नवत है- माई भारत पोर्टल के माध्यम से प्रतिभागियों का 29 सितम्बर 2025 से पंजीकरण, सभी जिलों में जिला स्तरीय वीबीवाईपी प्रतियोगिता का आयोजन 13 अक्टूबर से 23 नवम्बर 2025 तक, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 25 नवम्बर से 22 दिसंबर 2025 तक, राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता की घोषणा बाद में की जाएगी। जिला स्तरीय प्रतियोगिता हेतु विषय है- 'आपातकाल के 50 वर्षः भारतीय लोकतंत्र के लिए सबक' युवा संसद में प्रतिभागिता के लिए युवा 18 से 25 वर्ष की आयु के बीच होना चाहिए। हिंदी या अंग्रेजी भाषा में प्रतिभागिता की जा सकती है।

मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ घनश्याम राय ने कहा कि विकसित भारत युवा संसद के आयोजन का उद्देश्य- युवाओं को सार्वजनिक मुद्दों से जुड़ने के लिए प्रोत्साहित करना, निर्णय लेने की क्षमताओं को विकसित करना एवं दूसरों के विचारों के लिए सम्मान और सहिष्णुता विकसित करना, अपने विचार को नीति निर्माताओं और कार्यान्वयनकर्ताओं को इसे आगे ले जाने के लिए एक मंच उपलब्ध करना है। मुंगेर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार ने कहा कि भारत के युवा न केवल विकास के लाभार्थी हैं, बल्कि इसके भविष्य के वास्तुकार भी हैं। विकसित भारत युवा संसद के फलस्वरुप युवा-संचालित नीति सिफारिशें राष्ट्रीय स्पॉटलाइट में आएगी। यह युवाओं को वैचारिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी। इस आयोजन के फलस्वरुप मुंगेर विश्वविद्यालय का राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाने का एक सुनहरा अवसर है।

# साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जहानाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 227वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इक्किल एवं ठाकुरवाड़ी परिसर में किया गया। इस दौरान तीस छायादार पौधों का रोपण किया गया। लोजपा नेत्री इंदू कश्यप ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्रकृति के उदार उपहार की तरह हैं। वे जीवन को सुचारू रखने और प्रकृति को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते हैं। कम से कम पेड़ होने की समस्या के साथ-साथ इसके साथ आने वाली अन्य सभी चुनौतियों को ठीक करने के लिए हम क्या कर सकते हैं। पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। लेकिन वनों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक संतुलन का खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे जलवायु परिवर्तन जैसे बड़े विकराल समस्या पैदा हो रही है। साथ ही बहुत सारे पेड़ - पौधों और जानवरों की प्रजाति हमेशा के लिए विलुप्त हो रहे हैं।अब समय आ गया है कि हम इसके बारे में कुछ करें। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की ज़रूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। गायत्री परिवार के द्वारा चलाया जा रहा नियमित वृक्षारोपण कार्यक्रम चलता रहेगा।

## पृष्ठ 1 का शेष

### हर तबके के विकास...

आनेवाले विधानसभा चुनाव में विकास और एकता के मुद्दे पर मजबूती से खड़े रहें ताकि बिहार की तरक्की निरंतर जारी रहे। मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में नालंदा जिले में चल रहेविकास कार्यों का भी विस्तार से उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि राजगीर में बन रहा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम जल्द ही बिहार की पहचान बनेगा। यह स्टेडियम बिहार के युवाओं को खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर देगा। उन्होंने बताया कि राजगीर में स्पोर्ट्स अकादमी और साइंस सेंटर जैसी परियोजनाओं के माध्यम से युवाओं को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। राजगीर रोपवे के आधुनिकीकरण से पर्यटन को नई ऊंचाई मिली है, वहीं नालंदा विश्वविद्यालय का पुनर्निर्माण राज्य के गौरव को फिर से विश्व मंच पर स्थापित कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने ग्रामीण इलाकों में सड़कों और सिंचाई की योजनाओं पर विशेष ध्यान दिया है ताकि किसानों को फसल उत्पादन में किसी तरह की दिक्कत न हो। उन्होंने बताया कि महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में जीविका समूहों के माध्यम से लाखों महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है। वहीं हिलसा अनुमंडल अस्पताल के उन्नयन से अब लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं स्थानीय स्तर पर मिल रही हैं। राजगीर बाईपास रोड और नए रेलवे ओवरब्रिज के निर्माण से आवागमन में भी भारी सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी कार्य बिहार की बदली हुई तस्वीर का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल सत्ता में बने रहना नहीं बल्कि समाज को आगे बढ़ाना है। हमने सबका साथ और सबका विकास के भाव से काम किया है। आनेवाले समय में बिहार को और ऊंचाइयों पर ले जाने का संकल्प हमारा है। मौके पर ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और नालंदा सांसद कौशलेंद्र कुमार भी मौजूद रहे।

# ग्लोबल यूथ फेस्टिवल में बिहारी युवाओं ने मचाया धमाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**दनियावां (पटना)।** दनियावां, फतुहा, खुशरूपुर और पटना सिटी अनुमंडल से जुड़े प्रेम यूथ फाउंडेशन के दर्जनों स्वयंसेवक हरियाणा के पानीपत में आयोजित ग्लोवल यूथ फ़ेस्टिवल में बिहार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। राष्ट्रीय युवा योजना पूरे देश मे युवाओं को संगठित कर देश प्रेम का अलख जगाने का पहल करता है। टीम लीडर अनन्ता ने बताया कि फ़ेस्टिवल में इंडोनेशिया, बंग्लादेश, नेपाल समेत भारत के 26 राज्यों से चार सौ से अधिक शांति दूत भाग ले रहे है। फ़ेस्टिवल में श्रम संस्कार, भाषा ज्ञान, बौद्धिक सत्र के साथ हम एक दूसरे के रहन सहन, खान पान, संस्कृति और सभ्यता से अवगत हो रहे है। इसके माध्यम से सभी प्रदेश के लोक कलाओं को देखने और समझने का अच्छा अवसर प्राप्त हुआ है। वही फाउंडेशन के स्वयंसेवक एवं यूथ एजेंडा के दिल्ली ब्यूरो रघुवीर ने बताया कि राष्ट्रीय एकता और अखंडता को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए इस प्रकार के शिविर अधिक से अधिक आयोजित किये जायें। भिन्नता में एकता भारत की पहचान है तो गंगा यमुनी संस्कृति हमारी शान है। भारत मे हजारों भाषा भाषी के लोग एक साथ प्यार और मोहब्बत से सदियों से रहते आ रहे हैं। फ़ेस्टिवल में युवाओं को अपने प्रतिभा को निखारने का मौका मिलता है। प्रेम यूथ फाउंडेशन के स्वयंसेवक लगातार दूसरे देश में प्रदेश में जाकर शांति का संदेश देते हैं।हर गांव में पीस क्लब के गठन किया जा रहा है। शांति के बिना विकास संभव नहीं है। फ़ेस्टिवल को सफल बंनाने में डॉ रणसिंह परमार, सुकुमारन, नरेंद्र भाई लगे हैं।

# मोतिहारी में ही पूरा होगा स्टूडेंट्स के डॉक्टर बनने का सपना : डॉ. विपिन योगी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मोतिहारी।** कोटा के प्रमुख एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने बिहार के मोतिहारी में अपने सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। देश में मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ साइंस ओलंपियाड की तैयारियों के लिए ख्याति प्राप्त कोटा के एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट की मोतिहारी में शुरुआत से स्थानीय अभिभावकों व विद्यार्थियों में उत्साह है। एलन मोतिहारी में वर्ष 2026-27 से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं कक्षा 6 से 10 (जूनियर डिवीजन) नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड कोर्सेज के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षाएं जनवरी माह से शुरू होंगी।

मोतिहारी के होटल रामसन में आयोजित उद्घाटन समारोह में जोनल हैड एवं वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही जेईई डिवीजन के जोनल हैड कपिल बिरथरे, नीट डिवीजन के जोनल हैड हेमंत योगी, जूनियर डिवीजन के जोनल हैड विशाल केजरीवाल, एलन पटना के सेंटर हैड चेतन शर्मा एवं एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में स्टूडेंट्स व पेरेन्ट्स की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर शहर के प्रमुख शिक्षाविद एवं एलन कोटा से पूर्व में पढ़ चुके एवं बेतिया मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुए और उन्होनें एलन के बारे में अपने अनुभव साझा किए। डॉ. विपिन योगी ने बताया कि अब मोतिहारी के स्टूडेंट्स को डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने के लिए किसी दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। यहां की प्रतिभाओं को यहीं संबल मिलेगा और वो आगे बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पटना ने अपनी स्थापना के एक वर्ष के अध्यापन कार्य में नीट व जेईई परीक्षाओं में शानदार परिणाम दिए हैं। बिहार के सौ से ज्यादा विद्यार्थियों को आईआईटी सहित बिहार के मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन मिल चुका है। वर्तमान में 13 हजार से ज्यादा विद्यार्थी एलन पटना में अध्ययनरत हैं। मोतिहारी में सौम्यदर्शन रोड़ पर राजा बाजार स्थित कैम्पस में पढ़ाई होगी। जबकि स्टेशन रोड़ पर चरखा पार्क के नजदीक मंगलम बिल्डिंग में एडमिशन ऑफिस होगा। देवेन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव जो कि पिछले 20 वर्षों से एलन कोटा में बॉयोलॉजी पढ़ा रहे हैं, उनको एलन मोतिहारी का सेंटर हेड बनाया गया है। एलन मोतिहारी में मुख्य रूप से कोटा की एक्सपर्ट फैकल्टीज के द्वारा ही अध्यापन कार्य होगा। नीट एवं जूनियर डिवीजन के बैच जनवरी माह से राजा बाजार स्थित कैम्पस में लगाए जाएंगे। कक्षा 5 से 10वीं तक के स्टूडेंट्स एलन स्पार्क एग्जाम में शामिल होकर एलन फीस में 90 प्रतिशत तक की स्कॉलरशिप प्राप्त कर सकते हैं। यह परीक्षा आगामी 9 व 12 नवंबर को आयोजित होगी। इसके लिए रजिस्ट्रेशन जारी है।

### डॉ ख़्वाजा सलाउद्दीन को दी गई श्रद्धांजलि

**दरभंगा (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में कार्यरत सहायक प्राध्यापक (सीनियर स्केल) डॉ. ख़्वाजा सालाउद्दीन नहीं रहें। उनकी आत्मिक शांति के लिए विश्वविद्यालय में शनिवार को शोक सभा आहूत की गई। डॉ ख़्वाजा बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा बॉटनी विभाग में फरवरी 2019 में चयनित हुए थे। 3 अक्टूबर, शुक्रवार को सुबह लगभग 9:00 बजे पटना के पारस अस्पताल में उन्होंने अंतिम सांसें लीं। अत्यंत सौम्य, मृदुभाषी व युवा मेधावी शिक्षक का जाना विश्वविद्यालय के लिए अपूरणीय क्षति है। श्रद्धांजलि सभा में बेहद गमगीन माहौल के बीच विश्वविद्यालय के सभी पदाधिकरी, शिक्षक और कर्मी उपस्थित रहें।

# चाय पर चुनावी चर्चा :1981 में मसौढ़ी अनुमंडल बना, मगर आज तक नहीं है डिग्री कॉलेज

शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव की तैयारियां जोरों पर चल रही है। हर तरफ चुनावी सरगर्मी बढ़ने लगी है। हर चौक चौराहे, चाय की दुकानों पर चुनावी चर्चाएं हो रही है। ऐसे में रविवार को चुनावी चौपाल में मसौढ़ी बाजार स्थित चाय की दुकानों पर चुनावी चर्चा की गई जहां पर आम मतदाताओं ने अपने विधानसभा की समस्याओं से साझा किया। गौरतलब है की 1957 में मसौढी विधानसभा का गठन किया गया, तब से लेकर आज तक कई राजनीतिक दलों के यहां पर विधायक रहे हैं। मसौढ़ी विधानसभा को स्विंग सीट माना जाता है। लेकिन 2005 में जब नीतरश कुमार की सुशासन की हवा चली उसके बाद से जदयू का कब्जा रहा, लेकिन 2015 में यह सीट नीतीश कुमार ने लालू यादव को सौगात में दे दी थी, तब से लेकर आज तक यहां आरजेडी का कब्जा है और अब राजद और जदयू के बीच राजनीतिक द्वंद देखी जा रही है। बहरहाल चुनावी चर्चा में समाजसेवी लालमोहन सिंह ने कहा की 1981 में अनुमंडल तो बना लेकिन आज तक एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है, लड़कियों के लिए कोई भी अलग से कॉलेज नहीं बनाए हैं, किसान गोपाल सिंह ने कहा कि मसौढी अनुमंडल में वैसे पांच नदियां हैं बावजूद किसान पटवन के लिए जूझ रहे हैं, कहीं भी नदियों में पानी नहीं है। वहीं शिक्षक महामाया प्रसाद ने डिग्री कॉलेज के बारे में चर्चा की, पूर्व वार्ड पार्षद पन्नालाल ने कहा कि शहर में जाम की स्थिति है। सरकारी बस स्टैंड नहीं बने हैं, कूडा डंपिंग जोन नही बना, वहीं मोहम्मद मकबूल आलम ने बताया की रोजगार प्रमुख मुद्दा है।जाम की बहुत समस्या है। मृत्युंजय पांडे ने बताया कि यहां पर शिक्षा की बहुत ही समस्या है एक भी शिक्षण संस्थान नहीं खुले हैं, वहीं मोहम्मद आरफराज साहिल ने कहा पुरानी बायपास रोड की स्थिति बहुत ही जर्जर और भयावह है लोगों ने रोड नहीं तो वोट नहीं का बैनर भी लगा रखा है, सरकार जो बनती है पहले बायपास रोड पर काम करें, रंजीत पटेल ने कहा किसी की भी सरकार बनती है तो वह स्थानीय मुद्दे पर कम करें। गौरतलब है कि मसौढ़ी विधानसभा में 3,25,142 मतदाता है तकरीबन 394 मतदान केंद्र यहां बनाए गये हैं, कई समस्याएं हैं कई लोगों ने अपने-अपने समस्याओं को साझा किया है। चुनावी चौपाल में लालमोहन सिंह, मामाया प्रसाद सिंह, पूर्व वार्ड पार्षद पन्नालाल सिंह, किसान गोपाल सिंह, रंजीत पटेल, मो. मकबूल आलम, मृत्युंजय पांडे, पिंटू रजक, मो. अरफराज साहिल, जयप्रकाश कुमार उर्फ भानू आदि शामिल रहे।

**चुनावी मुद्दे**

**मसौढी विधानसभा में एक भी सरकारी कॉलेज नहीं है नतीजन वित रहित शिक्षा महाविद्यालय में पढ़ने को विवश हैं, महिलाओं के लिए एक भी महाविद्यालय नहीं है, मसौढी अनुमंडल में पांच नदियां हैं फिर भी किसानों को पटवन की समस्या से जूझना पड़ता है, अनुमंडल अस्पताल में चिकित्सकों की भारी कमी है, सरकारी बस स्टैंड नही है महजाम की समस्या आदि मुद्दे हैं**

**मसौढ़ी विधानसभा**

**कुल मतदताओ की संख्या : 3,25,142**
**मतदान केन्द्र : 394**

# इंदिरा आइवीएफ ने भागलपुर में किया पैथलैब्स का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भागलपुर।** रेशमी नगरी के नाम से प्रसिद्ध भागलपुर ने चिकित्सा जगत में एक और ऐतिहासिक अध्याय जोड़ दिया है। बिहार में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और सटीकता को नई ऊंचाई देने की दिशा में इन्दिरा आईवीएफ ने अपनी अत्याधुनिक डायग्नोस्टिक इकाई इन्दिरा पैथलैब्स का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोजित सर्जिकल वर्कशॉप एवं उद्घाटन समारोह में शहर और आसपास के क्षेत्रों से अनेक प्रतिष्ठित चिकित्सक, स्त्री रोग विशेषज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि के रूप में आईएमए अध्यक्ष डॉ. रेखा झा ने समारोह की शोभा बढ़ाई, जबकि इन्दिरा आईवीएफ बिहार हेड डॉ. दयानिधि कुमार गेस्ट ऑफ ऑनर के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में इन्दिरा आईवीएफ भागलपुर सेंटर हेड डॉ. निधि अग्रवाल, हेड, इन्दिरा पैथलैब्स बिहार, डॉ. अनुजा मिश्रा, कंसल्टेंट आईवीएफ स्पेशलिस्ट, इन्दिरा आईवीएफ पटना, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. शिप्रा भारती, दिनेश माहेश्का, सचिव, नवयुग विद्यालय, भागलपुर, तथा डॉ. किरण सिंह, प्रसिद्ध स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, भागलपुर, विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत हिस्टेरोस्कोपी इन इन्फर्टिलिटी एंड रीसेंट एडवांसमेंट्स विषय पर एक वैज्ञानिक सत्र से हुई। वर्कशॉप में डॉक्टरों को डायग्नोस्टिक और ऑपरेटिव हिस्टेरोस्कोपी, पॉलिपेक्टॉमी, बायोप्सी, ऑफिस हिस्टेरोस्कोपी, और मायोमेक्टॉमी जैसी नवीन तकनीकों पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया।

# पारस हॉस्पिटल कैंसर मरीजों का करेगी और बेहतर इलाज : राज्यपाल



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजवंशी नगर स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम के सभागार में मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने पारस हॉस्पिटल में कैंसर के मरीजों की तेजी और सटीकता से इलाज के लिए अत्याधुनिक दो मशीनें लिनेक और पेट सीटी का उद्घाटन किया। इससे पहले कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, एम डी डॉ. धर्मिंदर नागर, जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार, जनरल सर्जरी के डायरेक्टर डॉ.अहमद अब्दुल हई, आर्थोपेडिक के डायरेक्टर डॉ. जॉन मकोपाध्याय, रेडिएशन आंकोलॉजी डॉ. शेखर केशरी और डॉ. चिन्मय बिसवाल ने दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की। अतिथियों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि आधुनिक तकनीक की दूसरी मशीनें लिनेक और पेट सीटी को पारस हॉस्पिटल में प्रतिस्थापित किया जा रहा है। यहां सिर्फ मशीन स्थापित नहीं हो रही है बल्कि एक नई उम्मीद जगी है। पारस हॉस्पिटल शुरू से ही बहुत अच्छा काम कर रहा है। अब और ज्यादा सुविधाओं के साथ बेहतर तरीके से अपने मरीजों का उपचार कर सकेगा। एक समय कैंसर का नाम सुनकर ही लोग डर जाते थे। यह बताने को भी तैयार नहीं होते थे कि उन्हें यह बीमारी है, लेकिन आज दुनिया में जो आधुनिक विज्ञान है, नई शोध है, नई दवाइयां है और उससे भी बढ़कर हमारे चिकित्सक है जिस तरीके से वे इलाज करते हैं उनकी बड़ी भूमिका होती है। चिकित्सक का जो संवाद होता है वो कैसे अपने मरीजों से बात करते हैं जिससे मरीजों का और उनके परिजनों का मनोबल बढ़ता है। पटना शहर में ऐसी चिकित्सा सुविधाएं है तो हम उम्मीद करते हैं कि आने वाले दिनों में बिहार के मरीज इलाज के लिए बाहर नहीं जायेंगे जो चिकित्सा सेवा आज बिहार में उपलब्ध है वो किसी भी तरह से कम नहीं है। भारतीय समाज में निरोगी काया को बहुत महत्व दिया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में लगातार सुधार होने चाहिए। किसी भी अच्छे कार्य के लिए स्वस्थ शरीर की जरूरत है।

एमडी डॉ. धर्मिंदर नागर ने कहा कि मैने इंग्लैंड में एक चिकित्सक के तौर पर कार्य किया और मैंने महसूस किया कि हर इंसान की जरूरत बराबर है। हॉस्पिटल वहां होने चाहिए जहां जरूरत है। मुझे याद है एनसीआर और कोलकाता के बीच में एक पेट सीटी स्कैन था और देश की एक तिहाई आबादी जहां पेट सीटी स्कैन नहीं है तब मैने कहा कि जब गुड़गांव और दिल्ली में पेट सीटी स्कैन है तो बिहार में क्यों नहीं। हम अपने मरीजों से वायदा करते हैं कि हम आपका ईमानदारी से और उचित कीमत पर इलाज करेंगे। जोनल डायरेक्टर अनिल कुमार ने कहा कि बिहार की धरती पर मोस्ट एडवांस मेडिकल साइंस का सपना आज से 10 वर्ष पहले देखा था इसे आज धरातल पर देख रहे हैं। इसका सारा श्रेय हमारे एमडी डॉ. धर्मेंद्र नागर को जाता है। उनके गाइडेंस से हर वो चीज संभव हो पाया है जो आज दुनिया के किसी भी कॉरपोरेट मेडिकल में उपलब्ध है। बेहतर इलाज के कारण पारस हॉस्पिटल रोज आगे बढ़ रहा है। मरीजों का विश्वास हमे आगे लेकर जा रही है। आथोर्पेडिक डायरेक्टर डॉ. जॉन मकोपाध्याय ने कहा कि यह मशीन बिहार में चिकित्सा के भविष्य के लिए बेहतर होगा। जनरल सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. अहमद अब्दुल हई ने कहा कि कैंसर बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है जो कि चिंता का विषय है, लेकिन आज कैंसर का इलाज आसान हो गया है।

# मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने किया पांच हजार मे. टन गोदाम का उद्घाटन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने 5000 मे. टन गोदाम का उद्घाटन किया। सहकारिता मंत्री ने मुरलीगंज प्रखंड, मधेपुरा में बिहार राज्य भंडार निगम के द्वारा निर्मित 5000 मे. टन के वृहत गोदाम का उद्घाटन कर भंडारण हेतु लोकार्पित किया। इस गोदाम से बिहार राज्य भंडार निगम के द्वारा मधेपुरा में स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप भंडारण क्षमता सृजित किया गया है। इस कार्यक्रम में बिहार राज्य भंडार निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. गगन सहित, कार्यपालक अभियंता, सहायक अभियंता तथा सहकारिता विभाग के विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# जंगलराज, गुंडाराज वाले लोगों से बिहार के लोग सावधान और सतर्क रहें : नित्यानंद राय



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने पटना में पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय जनता दल और विपक्ष के नेता तेजस्वी यादव की हकीकत को बिहार के लोगों के सामने एक बार फिर से रखने का काम किया। केंद्रीय गृह राज्यमंत्री ने राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल 1990-2005 को बिहार के लिए दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि उस 15 वर्ष के बिहार की दुर्दशा के लिए अगर कोई जिम्मेदार है तो वह राष्ट्रीय जनता दल और लालू परिवार है। केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि राष्ट्रीय जनता दल का मतलब अपराध, नरसंहार, अपहरण, गुंडाराज, जंगलराज है। पूरा बिहार जानता है कि किस तरह से 1990 से 2005 के शासनकाल में राष्ट्रीय जनता दल ने बिहार को लूट, अपहरण, हत्या, बलात्कार का केंद्र बना दिया। रात तो रात दिन में भी लोगों को घर से बाहर निकलने में डर लगता था। राज्य में हालात इतने खराब थे कि स्कूली बच्चों तक का अपहरण कर लिया जाता था। सरकारी आंकड़ों के अनुसार 1990 से 2005 के बीच में 32000 से ज्यादा अपहरण की घटनाएं बिहार में सामने आई। बिहार में अपहरण एक उद्योग बन चुका था और उस उद्योग के संचालक और संरक्षक कोई और नहीं लालू परिवार और राष्ट्रीय जनता दल था।

# एसबीआई म्यूचुअल फंड ने नवरात्रि पर निवेशक जागरुकता अभियान चलाया

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** नवरात्रि के पावन अवसर पर एसबीआई म्यूचुअल फंड ने निवेशक शिक्षा एवं जागरुकता के लिए एक विशेष पहल की है। 'एसआईपी के तीर से वित्तीय अनुशासनहीनता के 10 सिरों को हराएं' शीर्षक से शुरू किए गए इस अभियान का उद्देश्य लोगों को बेहतर वित्तीय अनुशासन अपनाने और सुरक्षित भविष्य बनाने के लिए प्रेरित करना है। अभियान में समझाया गया कि जैसे रावण के दस सिर बुराइयों के प्रतीक थे, उसी तरह आम जिंदगी में वित्तीय अनुशासन की कमी भी दस प्रमुख समस्याओं के रूप में सामने आती है। इनमें निवेश में टालमटोल, आपातकालीन फंड का अभाव, आवेगपूर्ण खर्च, बजट न बनाना, कर्ज का जाल, अल्पकालिक सोच, महंगाई की अनदेखी, कर अक्षमता, एक ही संपत्ति वर्ग पर निर्भरता और बिना लक्ष्य निवेश करना शामिल है। ये दसों सिर किसी भी व्यक्ति की वित्तीय सेहत को कमजोर कर सकते हैं। एसबीआई म्यूचुअल फंड का मानना है कि इन सभी बुराइयों से निपटने के लिए सबसे कारगर साधन है सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी)। नियमित और अनुशासित निवेश से न केवल कंपाउंडिंग का लाभ मिलता है बल्कि महंगाई से लड़ते हुए दीर्घकालिक लक्ष्यों जैसे शिक्षा, रिटायरमेंट या घर बनाने की योजना को भी पूरा किया जा सकता है।

# विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत पटना जंक्शन पर अमृत संवाद का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**दानापुर।** दानापुर मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा व विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत पटना जंक्शन पर अमृत संवाद का आयोजन किया गया। यह पहल अमृत काल की भावना और पंच प्रण के सिद्धांतों पर आधारित है जिसका उद्देश्य नागरिकों को रेलवे के विकास में भागीदार बनाना है और रेल परिसर को साफ और स्वच्छ रखना है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य स्वास्थय निरीक्षक ने यात्रियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने स्टेशन पर सुविधाओं व सुधारों जैसे प्रतीक्षालय, शौचालय, लिफ्ट, आधुनिक टिकटिंग व्यवस्था, एस्केलेटर, वाई-फाई, दिव्यांग अनुकूल सेवाओं सहित जन औषधि केंद्र जैसी सुविधाओं की जानकारी दी। यात्रियों से इन सुधारों पर प्रतिक्रिया ली गई और आगे की अपेक्षाओं व सुझावों को जाना गया। यह संवाद यात्रियों को उनकी जिम्मेदारी का बोध कराते हुए स्वच्छता और स्टेशन की देखरेख में भागीदारी के लिए प्रेरित करता है। इसके साथ ही दानापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्वच्छता अभियान, जन-जागरूकता गतिविधियां सक्रिय रूप से जारी हैं। विदित हो कि विशेष अभियान 5.0 के अंतर्गत क्रियान्वयन चरण में आगामी दिनों में कार्यालयों और स्टेशनों की सफाई के साथ स्थान प्रबंधन, लंबित मामलों का निस्तारण, स्क्रैप निपटान, ई. वेस्ट निपटान, हरित पहल, डिजिटलीकरण को बढ़ावा और सभी प्रमुख स्टेशनों पर अमृत संवाद कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साथ दानापुर मंडल के कोचिंग डिपो में महत्वपूर्ण प्रीमियम ट्रेनों व अन्य ट्रेनों की सघन सफाई की गई।

# बिहार के डॉ. धीरेंद्र नारायण सिन्हा विश्व के शीर्ष 2% वैज्ञानिकों में शामिल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रसिद्ध चिकित्सा वैज्ञानिक डॉ. धीरेंद्र नारायण सिन्हा को वर्ष 2024 के लिए विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में स्थान मिला है। यह सूची अमेरिका के प्रतिष्ठित स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी की गई है। स्कूल ऑफ प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी, पटना के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. सिन्हा लगातार इस प्रतिष्ठित वैश्विक सूची में अपना स्थान बनाए हुए हैं। वे बिहार के पहले वैज्ञानिक हैं जिन्हें चिकित्सा क्षेत्र में यह अंतरराष्ट्रीय सम्मान प्राप्त हुआ है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों द्वारा तैयार की गई इस रैंकिंग में विश्वभर के एक लाख से अधिक शोधकर्ताओं का मूल्यांकन किया गया है। इसमें वैज्ञानिक प्रभाव और उद्धरणों के आधार पर कंपोजिट स्कोर तय किया गया है। डॉ. सिन्हा ने अब तक 300 से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले शोध-पत्र विश्व के प्रतिष्ठित जर्नलों में प्रकाशित किए हैं। उनके शोध कार्यों का उल्लेख 90,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय प्रकाशनों में किया गया है। वे हीलिस सेखसारिया इंस्टिट्यूट फॉर पब्लिक हेल्थ, मुंबई के साथ कई अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक परियोजनाओं से भी जुड़े रहे हैं। स्कूल ऑफ प्रिवेंटिव ऑन्कोलॉजी की स्थापना से पहले डॉ. सिन्हा ने पटना मेडिकल कॉलेज और बिहार के अन्य प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों में अध्यापन किया है।

# रानाघाट-बनगांव खंड के दोहरीकरण के लिए 396 करोड़ की मंजूरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**कोलकाता।** रानाघाट-बनगांव खंड पूर्व रेलवे के सियालदह मंडल का एक प्रमुख खंड है जो अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट बनगांव स्टेशन को सियालदह-कृष्णानगर मुख्य लाइन से कम दूरी पर जोड़ता है जिससे निकटवर्ती जिलों नदिया और उत्तर 24 परगना के बीच माल और स्थानीय यात्रियों की त्वरित आवाजाही संभव हो पाती है। रानाघाट-बनगांव खंड के दोहरीकरण से खंड के विभिन्न स्टेशनों के पूर्व दूरस्थ क्षेत्रों से माल और यात्रियों की निर्बाध आवाजाही संभव हो सकेगी। कूपर हॉल्ट, नबा रायनगर हॉल्ट, गंगनापुर, माझेरग्राम, अकाईपुर हॉल्ट, गोपालनगर और सतबेरिया से पश्चिम बंगाल के अन्य हिस्सों के साथ-साथ देश के अन्य राज्यों तक रेल संपर्क स्थापित किया जाएगा।

रेलवे बोर्ड ने रानाघाट-बनगांव दोहरीकरण कार्य (32.93 किमी) के लिए 396.04 करोड़ की स्वीकृत दी है जो इस परियोजना को शीघ्र पूरा करने में सहायक सिद्ध होगी। इस खंड के दोहरीकरण कार्य में कुल 9 स्टेशन और 2 सीमित ऊंचाई वाले सबवे (एलएचएस) शामिल होंगे जिनमें से एक सबवे को रानाघाट और माझेरग्राम के बीच और दूसरे सबवे को माझेरग्राम और गोपालनगर के बीच बनाया जाएगा। रानाघाट जंक्शन सियालदह-कृष्णानगर-लालगोला मुख्य लाइन खंड पर स्थित एक स्टेशन है जबकि बनगांव सियालदह/ कोलकाता-दमदम बनगांव-पेट्रापोल (बांग्लादेश सीमा के पास) खंड पर स्थित एक जंक्शन स्टेशन है। भौतिक रूप से ये दोनों स्टेशन नदिया और उत्तर 24 परगना जिलों के सुदूर छोर पर स्थित है जो अब सिंगल लाइन रेलवे नेटवर्क से जुड़े हैं, लेकिन बढ़ती आबादी और तेज रसद और यात्री आवाजाही की आवश्यकता को देखते हुए तेज कनेक्टिविटी की सख्त जरूरत होगी। हाल ही में राणाघाट और सियालदह के बीच बनगांव होते हुए (रानाघाट-बनगांव मार्ग से) एसी ईएमयू लोकल ट्रेन सेवा शुरू की गई है जिससे इस क्षेत्र में यात्री सेवा में भी वृद्धि हुई है और रानाघाट और बनगांव के बीच दोहरीकरण कार्य इस क्षेत्र के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए रेलवे सेवा के विस्तार के रेलवे के प्रयासों को गति प्रदान करेगा।

# 79वीं जन्म-जयंती पर याद किए गए लघुकथा आंदोलन के जनक स्व. सतीशराज पुष्करणा



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** अखिल भारतीय प्रगतिशील लघुकथा मंच के संस्थापक एवं लघुकथा आंदोलन के जनक स्व. सतीशराज पुष्करणा की 79वीं जयंती पर महेंद्रू स्थित व्योम में एक स्मृति- गोष्ठी का आयोजन किया गया। लघुकथा मंच की उपाध्यक्ष प्रो. अनीता राकेश की अध्यक्षता एवं महासचिव डॉ ध्रुव कुमार के संचालन में आयोजित स्मृति गोष्ठी में लघुकथाकारों ने इस साहित्यिक विधा को स्थापित करने में डॉ पुष्करणा के योगदान की विस्तार से चर्चा की। वरिष्ठ लघुकथाकार तारिक असलम तस्नीम ने कहा कि उन्होंने 1987 में लघुकथा मंच की स्थापना के साथ ही देश भर के लघुकथाकार को हर वर्ष पटना आमन्त्रित कर राष्ट्रीय विमर्श को आगे बढ़ाया। चितरंजन भारती ने कहा कि लघुकथा के प्रति पुष्करणा जी के समर्पण की चर्चा उत्तरपूर्व राज्यों के साथ पूरे देश में होती थी और उनके प्रयास से पटना लघुकथा के एक केंद्र के रूप में उभरा। कार्यक्रम में वीरेंद्र भारद्वाज, विभा रानी श्रीवास्तव, अनिल रश्मि, सुमन कुमार आदि ने भी श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए उन्हें लघुकथा के लिए समर्पित योद्धा बताया।

## 'जननायक' की पावन धरती समस्तीपुर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन

# एनडीए की प्रचंड बहुमत से जीत सुनिश्चित : डॉ. दिलीप जायसवाल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** जननायक कर्पूरी ठाकुर की पावन धरती समस्तीपुर जिले के सरायरंजन विधानसभा के नरघोघी हाईस्कूल मैदान में आज एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस सम्मेलन में बिहार भाजपा के अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल सहित एनडीए के दिग्गज नेताओं की उपस्थिति में कार्यकर्ताओं ने एनडीए सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया। इस मौके पर सभी दिग्गज नेताओं ने कार्यकर्ताओं को उत्साहित करते हुए कहा कि आने वाला चुनाव बिहार का भविष्य तय करेगा। इस सम्मेलन में आए कार्यकर्ताओं के हुजूम को संबोधित करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कार्यकर्ताओं के उत्साह, ऊर्जा और सेवा भावना की सराहना करते हुए कहा कि कर्मठ और निष्ठावान कार्यकर्ता ही एनडीए की ताकत हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार के उज्जवल भविष्य की नींव रखी है और यही एनडीए सरकार बिहार को विकसित बिहार भी बनाएगी। उन्होंने कहा कि आज एनडीए सरकार ने किसानों, महिलाओं, युवाओं, विद्यार्थियों यानी सभी के उत्थान और विकास के लिए ही काम नहीं किया है बल्कि प्रदेश की आधारभूत संरचनाओं को भी विकसित किया है। उन्होंने कहा कि जो कार्य शेष रह गए थे, मुख्यमंत्री उसे पूरा करने के लिए जिलों में पहुंच रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने जोर देकर कहा कि बिहार की जनता एनडीए के साथ खड़ी है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में एनडीए की प्रचंड बहुमत से सरकार बनेगी। उन्होंने राजद सरकार की चर्चा करते हुए कहा कि आज भी बिहार के लोग उस दौर को नहीं भूले हैं। उन्होंने कहा कि अब कोई चांदी का चम्मच लेकर आने वाला राजा नहीं बनेगा, अब गरीब का बेटा ही राजा बनेगा। उन्होंने इस दौरान जदयू नेता विजय चौधरी के कार्यों की जमकर तारीफ की। उन्होंने लोगों से आह्वान करते हुए कहा कि बिहार में डबल इंजन की सरकार जरूरी है। उन्होंने महागठबंधन के नेता तेजस्वी यादव और राहुल गांधी को 'जननायक' की टाइटल छिनने की बात कही। इस सम्मेलन में बिहार के मंत्री विजय चौधरी, हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह मंत्री डॉ. संतोष कुमार सुमन, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, लोजपा (आर) के प्रदेश उपाध्यक्ष अभय सिंह, रालोमो के प्रदेश महासचिव रामपुकार सिन्हा, मंत्री मदन सहनी, जनक राम सहित एनडीए के अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## भाजपा घोषणा पत्र के लिए सुझाव संग्रह अभियान 20 अक्टूबर तक

# युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सशक्तिकरण और किसानों का कल्याण होगा: डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा प्रदेश कार्यालय से आज पार्टी के घोषणा पत्र के लिए लोगों से सुझाव लेने हेतु 'पेटियां रथों' को रवाना किया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल झंडी दिखाकर इन रथों को रवाना किया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसावल ने इस मौके पर कहा कि भाजपा के द्वारा मतदाताओं से सुझाव लेने के लिए सुझाव संग्रह अभियान की आज से शुरूआत की जा रही है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बिहार में गरीब कल्याण और महिला सशक्तिकरण और किसान के कल्याण के लिए धरातल पर बहुत सारे काम किये है। एनडीए की फिर से सरकार बने इसके लिए हम मतदाताओं से घोषणा पत्र के लिए सुझाव चाहते है कि जनता बिहार विकसित बिहार बनाने के लिए वे अपना सुझाव देने का काम करे। उन्होंने कहा कि घोषणा पत्र के लिए एक करोड़ लोगों से सुझाव लिया जाएगा। यह रथ सभी विधानसभा क्षेत्रों के शहरों और गाँव में पहुंचेगा और लोगों से सुझाव लेगा। लोगों से इसके लिए सुझाव मांगा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रथ सभी 243 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंचेगा। उन्होंने कहा यह अभियान 20 अक्टूबर तक चलेगा। इस बार हमारा घोषणा पत्र गरीबों का कल्याण, युवाओं को रोजगार, महिलाओं को सशक्तिकरण और किसानों का कल्याण होगा। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. जायसवाल ने कहा कि अब तक एनडीए सरकार जो काम की है उसे और आगे बढ़ाने का काम किया जाएगा। इस मौके पर विकसित बिहार वेबसाइट का भी लॉन्चिंग किया गया। इसके जरिये भी लोग अपना सुझाव दे सकते हैं। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार, कार्यक्रम संयोजक प्रदेश प्रवक्ता सुरेश रूंगटा, विधानपार्षद देवेश कुमार, प्रदेश उपाध्यक्ष संतोष पाठक, प्रो सीता सिन्हा, प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अमित प्रकाश बबलु, प्रभात कुमार, सूरज पाण्डे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद रहे।

# बिहार में पिछड़ा वर्ग के सामाजिक न्याय को लेकर आयोग की जनसुनवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर की अध्यक्षता में पटना के स्टेट गेस्ट हाउस में बिहार राज्य की विभिन्न जातियों को अन्य पिछड़ा वर्ग की केंद्रीय सूची में शामिल करने संबंधी जनसुनवाई आयोजित की गई। आज की जनसुनवाई में आयोग के सदस्य भुवन भूषण कमल भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बिहार राज्य की बाथम वैश्य, वियाहुत कलवार, छिपी, दोनवार, गोसाई, लक्ष्मी नारायण गोला, सैंथवार, मोदक मायरा, सामरी वैश्य, सूत्रधार, गोढ़ी (छाबी), परथा और सुरजापुरी मुस्लिम सहित कुल 18 जातियों/उपजातियों को केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने के प्रस्ताव पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ। विभिन्न समुदायों के जनप्रतिनिधियों ने आयोग के समक्ष अपनी बात रखी और इन जातियों को केंद्रीय सूची में शामिल किए जाने का पूरजोर समर्थन किया। यह आयोग और बिहार सरकार के बीच आयोजित चौथी महत्वपूर्ण बैठक रही जिसमें राज्य सरकार के प्रतिनिधियों ने भी सहभागिता की। आयोग के अध्यक्ष हंसराज गंगाराम अहीर ने बिहार सरकार के अधिकारियों से इन जातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक पिछड़ेपन के समसामयिक आंकड़े प्रस्तुत करने का आग्रह किया।

## लखीसराय में कृषि विकास को मिलेगी नई दिशा-चार परियोजनाओं का शुभारंभ

# 42 करोड़ की लागत से कृषि बाजार समिति का जीर्णोद्धार : विजय कुमार सिन्हा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा द्वारा लखीसराय जिले के विभिन्न स्थलों पर चार महत्वपूर्ण कृषि विकास परियोजनाओं का विधिवत उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य राज्य में आधुनिक कृषि तकनीकों के प्रसार, गुणवत्तापूर्ण बीज उत्पादन, बागवानी विकास एवं दलहन फसलों के प्रोत्साहन को नई दिशा देना है। बड़हिया प्रखंड में दलहन विकास केन्द्र के क्षेत्रीय कार्यालय का शुभारंभ किया गया। यह केन्द्र दलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार, बीज वितरण, प्रशिक्षण और उत्पादन संवर्धन में अहम भूमिका निभाएगा। इस पहल से किसानों को दाल उत्पादन के माध्यम से अतिरिक्त आय प्राप्त होगी तथा राज्य में पोषण सुरक्षा को भी बल मिलेगा। उसी परिसर में 'टिश्यू कल्चर लैब' का भी शुभारंभ किया गया। इस अत्याधुनिक प्रयोगशाला में रोगमुक्त एवं उच्च गुणवत्ता वाले पौधों और बीजों का उत्पादन किया जाएगा। यह पहल बिहार में उन्नत बीज प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देगी तथा राज्य को आत्मनिर्भर बीज उत्पादन की दिशा में सशक्त बनाएगी। आदर्श बागवानी केन्द-शुष्क बागवानी की स्थापना से क्षेत्र में बागवानी आधारित कृषि को नई गति मिलेगी। यह केन्द्र आम, अमरूद, आंवला, बेर जैसे फलों के पौध उत्पादन, प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन का प्रमुख केन्द्र होगा। इससे कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहन मिलेगा और किसानों को अधिक आय के अवसर प्राप्त होंगे।

# 1242 करोड़ की योजनाओं का सीएम ने किया उद्घाटन व शिलान्यास





नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजगीर स्टेट गेस्ट हाऊस मैदान परिसर में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 1242 करोड़ रुपये लागत की कुल 48 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। इनमें प्रगति यात्रा के दौरान जिले के विकास के लिए घोषित योजनाओं का शिलान्यास भी शामिल है। इन योजनाओं से जिले में विकास कार्यों को नई गति एवं दिशा मिलेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सकारात्मक सुधार होगा एवं उन्हें इसका प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा। इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने राजगीर स्टेट गेस्ट हाऊस मैदान परिसर में ही आयोजित संवाद कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित पेंशनधारी लाभुकों, जीविका दीदियों, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका सहित अन्य लाभुकों के साथ संवाद किया। वहां उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के तहत सभी वृद्धजनों, दिव्यांगजनों एवं विधवा महिलाओं की पेंशन राशि बढ़ाकर 400 रुपये से 1100 रुपये किया गया है। इसके अलावा गृह रक्षकों का दैनिक भत्ता 774 रुपये से बढ़ाकर 1121 रुपये, आंगनबाड़ी सेविका के मानदेय 7 हजार रुपये से बढ़ाकर 9 हजार रुपये, आंगनबाड़ी सहायिका का मानदेय 4 हजार रुपये से बढ़ाकर 4500 रुपये, विद्यालय रात्रि प्रहरी का मानदेय 5 हजार रुपये से बढ़ाकर 10 हजार रुपये, किसान सलाहकारों का मानदेय 13 हजार रुपये से बढ़ाकर 21 हजार रुपये तथा आशा कार्यकर्ताओं के मानदेय में भी वृद्धि की गई है। इससे हम सभी लोग काफी खुश हैं। घरेलू उपभोक्ताओं के लिये 125 यूनिट बिजली फ्री करने से हमलोगों को काफी फायदा हो रहा है। इससे होने वाली बचत राशि का उपयोग हमलोग अन्य विकास कार्यों में कर रहे हैं। जीविका दीदियों ने उनके लिए किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। मुख्यमंत्री ने जीविका दीदियों से कहा कि आप सभी लोग बहुत अच्छा काम कर रही हैं। इसी प्रकार पूरी बुलंदी के साथ काम करते रहिए और आगे बढ़िये। सरकार हर संभव मदद करेगी। उन्होंने उपस्थित जनसमूह से कहा कि आप लोग अच्छे से मिल-जुलकर रहें तथा बिहार को आगे बढ़ाने में अपना अहम योगदान दें। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार, खेल मंत्री सुरेंद्र मेहता, भवन निर्माण मंत्री जयंत राज, विधायक कौशल किशोर, विधायक कृष्ण मुरारी शरण उर्फ प्रेम मुखिया, विधायक डॉ० जितेंद्र कुमार, विधान पार्षद रीना यादव, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ० चंद्रशेखर सिंह, पटना प्रमंडल के आयुक्त अनिमेष पराशर, पटना प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेंद्र राणा, नालंदा के जिलाधिकारी कुंदन कुमार, नालंदा के पुलिस अधीक्षक भारत सोनी सहित अन्य वरीय अधिकारीगण, लाभार्थीगण, गणमान्य व्यक्ति एवं बड़ी संख्या में आमलोग उपस्थित थे।

## सफाइकर्मियों को कई माह से मानदेय नहीं

**पकरीबरावां।** विद्यालयों में एजेंसी के माध्यम से कार्य करने वाले सफाईकर्मियों को कई महिनों से मानदेय नहीं मिला है। बताया गया कि सफाईकर्मियों को अप्रैल माह से ही मानदेय नहीं मिला है। कई सफाईकर्मियों ने बताया कि एक तो उन्हें कम पैसे मिलते हैं। दूसरी ओर उन्हें नियमित मानदेय भी नहीं मिलता है। उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सफाईकर्मियों ने इस दिशा में पहल का आग्रह किया है।

## सेक्टर पदाधिकारियों ने ली मतदान केंद्रों का जायजा

**पकरीबरावां।** सेक्टर पदाधिकारियों ने मतदान केंद्रों का जायजा लिया। मतदान केंद्रों पर बिजली, पेयजल की व्यवस्था, शौचालय आदि की जानकारी ली गई। कमरों की स्थिति आदि के बारे में जानकारी ली गई। इधर, बिजली विभाग के कर्मियों ने मतदान केंद्र वाले भवनों में बिजली कनेक्शन का जायजा लिया।

# आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर प्रशासन अलर्ट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** जिले के टेहटा मेला रोड़ के समीप पानी टंकी के बगल में सैकड़ों की संख्या में झुंड बनाकर परमपिता परमेश्वर की पूजा करने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। रविवार के दिन मामले की जानकारी देते अंचलाधिकारी रंजीत कुमार उपाध्याय ने बताया कि स्थानीय लोगों द्वारा सूचना दी गई के टेहटा पानी टंकी के समीप कुछ लोगों के द्वारा बड़ी संख्या में भीड़ लगाकर धर्म परिवर्तन करवाया जा रहा है, तथा धार्मिक उन्माद फैलाया जा रहा है। घटना की सूचना पाकर अंचलाधिकारी मखदुमपुर रणजीत कुमार उपाध्याय टेहटा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे अंचल अधिकारी ने बताया कि जब घटनास्थल पर पहुंचा तो वहां देखा की एक कमरे में क्षमता से बहुत अधिक लोगों को रखा गया है जिससे लोगों को घुटन हो रही थी। उन्होंने बताया कि जब लोगों से पूछताछ किया तो लोगों ने बताया कि यहां हम लोग परमपिता परमेश्वर की पूजा करने आते हैं। जिससे हम लोगों की बीमारियां एवं परेशानियां दूर हो रही है। उन्होंने बताया कि लोगों के बयान से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि यहां पर भोली भाली आम जनता को बेवकूफ बनाकर अंधविश्वास फैलाया जा रहा है और आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर रखते हुए इस तरह का कृत करना कहीं से भी सही नहीं है। जिसे लेकर आयोजनकर्ता प्रीति कुमारी एवं उसकी बेटी अंजली कुमारी सहित तीन लोगों के विरुद्ध अंचलाअधिकारी के आवेदन पर टेहटा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इस बाबत टेहटा थाना अध्यक्ष पंकज कुमार ने बताया कि अंचलाधिकारी के लिखित आवेदन पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। साथ ही पूरे मामले को लेकर जांच पड़ताल की जा रही है। उन्होंने बताया कि इस तरह के आयोजन से आसपास के लोगों में काफी नाराजगी उत्पन्न हो रही थी। जिसमें कभी भी विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती थी। जिसे लेकर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है।

# खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर से लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर खाक

**अंचलाधिकारी ने कहा पीड़ित परिजनों को मिलेगा मुआवजा**



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** थाना क्षेत्र के विनोबा नगर में रविवार की सुबह लगभग 6:15 बजे रसोईघर में खाना बनाने के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने से एक युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। वहीं रसोईघर में रखे फ्रिज, मिक्सर मशीन व बर्तन समेत कई अन्य सामग्री आगलगी से जलकर खाक हो गया। आगलगी से पूरे घर में वृहत पैमाने पर धुआं फैलने से मोहल्ले में अफरा-तफरी का माहौल हो गया। आसपास के लोगों द्वारा अग्निशमन विभाग और डायल 112 की टीम को मदद के लिए बुलाया गया। सूचना पर पहुंची अग्निशमन कर्मी द्वारा रसोईघर से जलते सिलेंडर को घर से बाहर निकालकर आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस दौरान गैस सिलेंडर से गैस का रिसाव होते रहा,जिसे ग्रामीणों ने आबादी वाले क्षेत्र से दूर पानी के हौज में फेंक दिया गया।

**कैसे हुई घटना**

विनोबा नगर निवासी मिथलेश कुमार ने बताया कि उनका चचेरा भाई मोहित कुमार अपने पिता त्रिवेणी प्रसाद के साथ घर में था।रविवार को सुबह खाना बनाने के लिए जैसे ही गैस चूल्हे में माचिस मारी,वैसे ही गैस सिलेंडर में आग लग गया।आग की लपटें इतनी ज्यादा तेज थी कि मोहित कुमार बुरी तरह झुलस गया और रसोईघर में रखा सभी समान आग में जलकर खाक हो गया। पीड़ित ने कहा कि वे शनिवार को सुबह 10:30 बजे रजौली बाईपास स्थित धनंजय वर्णवाल उर्फ धन्नू के यहां से इंडियन गैस सिलेंडर लेकर आए थे,जिसे रविवार की सुबह खाना बनाने के लिए इस्तेमाल कर रहे थे।

**अस्पताल में पंखा तक की सुविधा उपभोक्ता फोरम में केस करने की कही बात**

पीड़ित परिजनों ने कहा कि गैस एजेंसी द्वारा सील किया हुआ सिलेंडर दिया गया था,जिसके पहले बार उपयोग किए जाने से आगलगी की घटना में उन्हें लाखों रुपए का नुकसान हुआ है और एक व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया है।परिजनों ने कहा कि आगलगी की घटना के बारे में गैस एजेंसी को सूचना दिए जाने पर भी वे घटनास्थल पर आकर जांच करने से आनाकानी कर रहे हैं। गैस एजेंसी द्वारा बरती गई लापरवाही को लेकर उपभोक्ता फोरम में केस दर्ज कराएंगे।

**क्या कहते हैं अंचलाधिकारी**

इस बाबत अंचलाधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने बताया कि गैस सिलेंडर से आगलगी की सूचना मिली है। अंचल में पदस्थापित कर्मचारी को घटनास्थल की जांच हेतु भेजा गया है। साथ ही आश्वासन दिया कि जांच रिपोर्ट के बाद सरकार द्वारा मिलने वाला मुआवजा पीड़ित परिवार को दिया जाएगा।

## भाजपा कार्यालय में मनी कैलाशपति की जयंती

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और संगठन के प्रेरणा कैलाशपति मिश्र की जयंती पर भाजपा कार्यालय में उनके चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके योगदान को याद किया।

श्रद्धांजलि के दौरान माहौल भावुक हो गया। कार्यकर्ताओं ने 'कैलाशपति मिश्र अमर रहें' और 'उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प दोहराएं' जैसे नारों से वातावरण गुंजायमान कर दिया। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष मुकेश कुमार ने कहा कि कैलाशपति मिश्र न केवल एक कुशल राजनेता थे, बल्कि संगठन के सच्चे साधक और विचारक भी थे। वे हमेशा आदर्श जीवन और नैतिक राजनीति के प्रतीक बने रहे। इस मौके पर युवा मोर्चा ज़िला अध्यक्ष अजित शंकर, मीडिया प्रभारी गुलशन कुमार, मंडल अध्यक्ष गरीवन महतो, राहुल सिन्हा, राहुल चन्द्रवंशी, संदीप महतो, अजय वर्मा एवं अन्य शामिल थे।

# डबल इंजन की सरकार में बह रही विकास की गंगा : डॉ सुनील कुमार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** सोहसराय स्थित किसान कोल्ड स्टोरेज परिसर में आयोजित लघुस्तरीय चाय-पान व्यवसायी सम्मान समारोह में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छोटी दुकानों से अपनी आजीविका चलाने वाले सैकड़ों चाय और पान विक्रेताओं को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने उनसे आत्मीय संवाद करते हुए कहा कि आप सभी हमारे समाज की रीढ़ हैं, जो अपने परिश्रम से शहर को जीवंत बनाए रखते हैं। मंत्री ने दुकानदारों की समस्याओं को सुना और उनके समाधान के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार छोटे दुकानदारों और स्व-रोजगार से जुड़े लोगों के हित में लगातार नीतिगत फैसले ले रही है। समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि 2014 के पहले कांग्रेस सरकार के दौरान देश समस्याओं से जूझ रहा था, लेकिन जब एक गरीब चायवाले का बेटा नरेन्द्र मोदी देश का प्रधानमंत्री बना, तब भारत की तस्वीर पूरी तरह बदल गई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने 11 वर्षों के कार्यकाल में सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं लागू कीं, जिससे 25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी रेखा से बाहर निकले। प्रधानमंत्री ने गरीबों के जीवन में सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया अध्याय लिखा। डॉ. सुनील कुमार ने कहा कि केंद्र में नरेन्द्र मोदी और राज्य में नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में विकास की नई गंगा बह रही है। प्रधानमंत्री ने बिहार के विकास के लिए खजाना खोल दिया है, जिससे राज्य का कायाकल्प हो रहा है। इस अवसर पर मौजूद चाय-पान व्यवसायियों ने एक स्वर में कहा कि हम सभी आगामी विधानसभा चुनाव में डॉ. सुनील कुमार को भारी मतों से विजयी बनाकर फिर से एनडीए की सरकार बनाएंगे। इसके बाद टाउन हॉल परिसर में आयोजित प्रबुद्ध समागम सह विकास संवाद कार्यक्रम में डॉ. सुनील कुमार ने शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों, शिक्षकों, चिकित्सकों, अधिवक्ताओं और समाजसेवियों को संबोधित किया। उन्होंने अपने बीस वर्षों के विधायक कार्यकाल की उपलब्धियों को विस्तार से बताया और केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं की सफलता का उल्लेख किया। मंत्री ने कहा कि उनके नेतृत्व में बिहार शरीफ विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पेयजल, खेल और पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुए हैं। उन्होंने टाउन हॉल से ही करोड़ों रुपए की लागत से शहर के विकास हेतु विभिन्न परियोजनाओं का सामूहिक शिलान्यास किया। शहरवासियों से संवाद के दौरान मंत्री ने कहा मैंने अपने राजनीतिक जीवन में कभी निजी स्वार्थ नहीं देखा। मेरा हर निर्णय जनता के हित में रहा है। आपके आशीर्वाद से ही आज जो कुछ भी संभव हुआ है, वह आपके विश्वास का परिणाम है।

# घास काटते समय पानी में डूबकर महिला की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** जिले के सरमेरा थाना क्षेत्र के छोटी मिसिया गांव के पास एक महिला की डूबने से मौत हो गई। मृतका की पहचान बड़ी मिसिया गांव निवासी विवेका पासवान की पत्नी सुलेखा देवी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार सुलेखा देवी सुबह अपने पशुओं के लिए घास काटने निकली थी। इसी दौरान पैर फिसलने से वह पानी से भरे एक गहरे गड्ढे में गिर गई, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सरमेरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। सुलेखा देवी की मौत की खबर सुनते ही उनके मायके वाले भी सरमेरा पहुंचे और आक्रोश जताते हुए हंगामा किया। हालांकि, पुलिस और ग्रामीणों के समझाने के बाद वे शांत हुए। बताया जा रहा है कि सुलेखा देवी अपने पीछे एक बेटी और एक बेटे को छोड़ गई हैं। गांव में माहौल गमगीन है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिर्फ एक सप्ताह पहले भी इसी स्थान पर पानी में डूबने से एक अन्य महिला की मौत हो गई थी। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस इलाके में पानी भरे गड्ढों को पाटने और सुरक्षा के उचित इंतजाम की मांग की है।

## सुरक्षा के बीच प्रतिमा का विसर्जन

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड के मेघीपुर में सुरक्षा के बीच प्रतिमा का विसर्जन किया गया। प्रतिमा विसर्जन में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस अवसर पर मेला आयोजित की गई। आस पास के कई गांवों के लोग मेला देखने पहुंचें। गौरतलब है कि मेघीपुर में भव्य पंडाल एवं प्रतिमा बनाकर पूजा अर्चना की गई।

## चित्रगुप्त पूजा समिति की बैठक

**पकरीबरावां।** पकरीबरावां प्रखण्ड मुख्यालय के कायस्थ टोला में चित्रगुप्त पूजा समिति की बैठक हुई। बैठक में प्रतिमा के निर्माण, पूजा की तैयारी सहित अन्य बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस अवसर पर चित्रगुप्त पूजा समिति के अध्यक्ष झूलन प्रसाद, कोषाध्यक्ष सतीश कुमार उर्फ बंटू सहित अन्य उपस्थित थे।

# नगरनौसा में बंद घर से लाखों के जेवरात और सामान चोरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नगरनौसा थाना क्षेत्र के महान्नपुर शाहपुर गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद घर को निशाना बनाकर बड़ी चोरी को अंजाम दिया। घर के मालिक गौरव शर्मा और उनका परिवार दिल्ली में रहते हैं, जिससे घर लंबे समय तक बंद पड़ा था। चोरों ने देर रात घर का ताला तोड़कर प्रवेश किया और सोने-चांदी के जेवर, बैटरी, इनवर्टर, गैस चूल्हा, महंगे कपड़े और अन्य महत्वपूर्ण कागजात चोरी कर लिए। घर में रखे सभी गोदरेज और बक्से तोड़ दिए गए और सामान बिखरा पाया गया। ग्रामीणों के अनुसार चोरी की कुल राशि लगभग दस लाख रुपये से अधिक बताई जा रही है। वास्तविक नुकसान का पता गृहस्वामी के लौटने के बाद ही चलेगा। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की स्थानीय टीम मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। नगरनौसा थाना के थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि अपराधियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस ने ग्रामीणों से अपील की है कि वे किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत थाने को दें। यह घटना एक बार फिर इलाके में सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती है और लोगों को सतर्क रहने की जरूरत दिखाती है।

# रेड क्रॉस सोसाइटी ने शिविर लगाकर 126 रोगियों का किया निशुल्क इलाज



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्वास्थ्य जांच शिविर लगाकर 126 रोगियों का निशुल्क इलाज किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में विशेष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर चिकित्सकों द्वारा चिकित्सा परामर्श दिया गया। इस शिविर का उद्देश्य निसहाय और जरूरतमंद लोगों को निशुल्क स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराना है शिविर में जांच करवाने आए लाभार्थियों ने रेड क्रॉस सोसाइटी के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि इस तरह के शिविर उनके लिए बहुत मददगार साबित हो रहे हैं यह स्वास्थ्य जांच शिविर आगे भी जारी रहेगा और हर रविवार को निशुल्क सेवा प्रदान की जाएगी इस शिविर में बिहार शरीफ के प्रख्यात डॉक्टरों के द्वारा 126 लोगों का इलाज किया गया।जिसमें शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ श्याम बिहारी ( अध्यक्ष रेड क्रॉस सोसायटी नालंदा) के द्वारा 35 लोगो को, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अरविंद कुमार सिंह द्वारा 41 लोगो को, डॉ उमेश कुमार सिंह ,डॉक्टर अखिलेश कुमार फिजिशियन के द्वारा 54 लोगो,, डॉक्टर रवि कुमार दंत रोग विशेषज्ञ के द्वारा 12 लोगों होम्योपैथिक चिकित्सा डॉक्टर गौतम कुमार के द्वारा 14 लोगो का इलाज किया गया। इन डॉक्टरों ने विभिन्न रोगियों की जांच कर उन्हें उचित चिकित्सा परामर्श दिया और उनके स्वास्थ्य किस्से संबंधित समस्याओं का समाधान किया शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी के कार्यकारिणी सदस्य एवं आजीवन सदस्यों भी पूरी सक्रियता के साथ उपस्थित रहे। रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव राजेश कुमार, आजीवन सदस्यों मे प्रमोद पंडित , नागेंद्र कुमार, चंद्रमणि प्रसाद, अरविंद पंडित, प्रोफेसर स्वधर्म कुमार, साधु शरण प्रसाद, रवि भूषण, राकेश कुमार पंकज, आकाश रोशन, एडवोकेट शंभू कश्यप, रवि भूषण, अरुण कुमार, धीरज कुमार, संजय कुमार, ने संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# 25 जनवरी को बटाने नदी के किनारे आयोजित होगा विराट शिव गुरु महोत्सव



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद।** जीटी रोड से सटे रायपुर गांव स्थित बटाने नदी के किनारे आगामी 25 जनवरी 2026 को विराट शिव गुरु महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। इस आध्यात्मिक आयोजन में शिव शिष्य हरिंद्रानंद जी के संदेश आइए भगवान शिव को अपना गुरु बनाएं को लेकर शिव शिष्या दीदी बरखा आनंद जी आएंगे। रविवार को शिव शिष्य परिवार की शाखा कार्यालय औरंगाबाद में बरखा दीदी के कार्यक्रम को लेकर एक बैठक बुलाई गई जिसमें सैकड़ो की संख्या में शिव शिष्य परिवार शामिल हुए। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि आज योग्य गुरुओं की कमी हो आई है। अध्यात्म के गलत दिशा–निर्देश के कारण पूजा पद्धति कालगत समस्याओं एवं संकीर्णताओं और दूर करने में असफल होकर आरोप के घेरे में है। अध्यात्म के इस संक्रांति काल में मानव कल्याण हेतु एकमात्र विकल्प सही गुरु का उपलब्ध हो जाना है। भगवान शिव आदिकाल से आदिगुरु एवं जगतगुरु के रूप में प्रतिष्ठित हैं। कोई भी व्यक्ति शिव को सहजता से अपना गुरु बना सकता है। महेश्वर शिव का यथार्थ में जन-जन का गुरु होना ही जगतगुरु एवं महागुरु पद की सार्थकता सिद्ध करता है।

# अज्ञात हाइवा की चपेट में आकर लूना सवार गंभीर रूप से घायल, रेफर

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नबिटा संवाददाता।** रविवार को रफीगंज–ओबरा पथ स्थित कोटवारा मोड़ के समीप एक अज्ञात हाईवा की चपेट में आने से लूना सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल की पहचान ओबरा थाना क्षेत्र के मनौरा वाजितपुर निवासी जगनारायण साव के पुत्र अनिल वर्मा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, अनिल वर्मा राज मिस्त्री का काम करते हैं और रविवार को अपने घर से रफीगंज आ रहे थे। इसी दौरान कोटवारा मोड़ के पास अज्ञात वाहन ने उन्हें टक्कर मार दी, जिससे वे सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से घायल को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां डॉक्टर सोनू वर्मा ने प्राथमिक उपचार किया। चिकित्सक डॉ. ए. के. केसरी ने बताया कि घायल की स्थिति गंभीर होने के कारण बेहतर इलाज के लिए उसे औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। हादसे के बाद हाईवा चालक वाहन समेत फरार हो गया।

## नदी में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** करायपरसुराय थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव स्थित नदी के पुल के पास रविवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव उपलाता हुआ मिला। शव दिखने के बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना करायपरसुराय थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस दल मौके पर पहुंची और शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहारशरीफ सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, शव की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। थानाध्यक्ष रणविजय कुमार ने बताया कि शव को तीन दिनों तक बिहारशरीफ के मॉडल अस्पताल में सुरक्षित रखा जाएगा।

# प्रतिमा विसर्जन के दौरान पंचाने नदी में डूबे तीसरे किशोर का मिला शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** दीपनगर थाना क्षेत्र के हथियाखाड़ पचाने नदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी में डूबे तीसरे किशोर का शव भी रविवार को बरामद कर लिया गया है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान चार बच्चे नदी में उतर गए थे और तेज बहाव में बह गए. एक बच्चे को तुरंत बचा लिया गया था, लेकिन तीन लापता हो गए थे। स्थानीय गोताखोरों ने रविवार को लापता तीसरे किशोर सागर कुमार का शव घटनास्थल से लगभग 500 मीटर दूर नदी से बाहर निकाला। मृतक बिहार थाना क्षेत्र के झींगनगर का निवासी था। इससे पहले, शनिवार को लापता हुए दो अन्य किशोरों झींगनगर निवासी मंदीप कुमार और मोहित कुमार के शव बरामद किए गए थे। रेस्क्यू ऑपरेशन में देरी होने के कारण आक्रोशित परिजनों ने शुक्रवार की रात और शनिवार को बिहार शरीफ-राजगीर फोरलेन को जाम कर आगजनी की थी। दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि ने बताया कि तीनों बच्चों के शव नदी से निकाल लिए गए हैं।

# तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष ने किया प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन

**2025 विधानसभा चुनाव पर जोर**




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** जनता दल 'यू' तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के हाथों प्रखंड कार्यालय का उद्घाटन किया गया। श्रम प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार वर्मा ने फीता काटकर एवं नारियल फोड़कर विधिवत कार्यालय का उद्घाटन किया और कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। तकनीकी श्रम प्रकोष्ठ नवादा के जिलाध्यक्ष ने अपने संबोधन में कार्यकर्ताओं को 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव के लिए अभी से कमर कसने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उनका लक्ष्य है कि एनडीए सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का काम सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा से करें। उन्होंने यह भी दोहराया कि आगामी चुनाव में एनडीए को पूर्ण बहुमत के साथ फिर से सत्ता में लाना है। इस अवसर पर जिला जद 'यू' के जिला उपाध्यक्ष वासुदेव रजक, जद 'यू' के सचिव सच्चिदानंद सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य अनिरुद्ध प्रसाद जयदेव, श्रम एवं तकनीकी के जिला उपाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, जदयू तकनीकी एवं श्रम प्रकोष्ठ के रजौली के प्रखंड अध्यक्ष टिंकू राजवंशी, जद 'यू' किसान प्रकोष्ठ के रजौली प्रखंड अध्यक्ष रामावतार प्रसाद अदरखी,जद 'यू' नगरपंचायत के पंचायत अध्यक्ष संतोष कुमार शर्मा, रजौली पूर्वी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष मनोज कुमार सहित कई अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## उत्कृष्ट सेवाओं के बाद सेवानिवृत्त हुए रजौली थाने के दफादार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** रजौली थाने में लगभग तीन दशक तक पूरी इमानदारी और समर्पण के साथ सेवा देने वाले दफादार रामावतार यादव को उनकी सफल सेवानिवृत्ति के अवसर पर रविवार को थाना परिसर में एक भावभीनी विदाई दी गई। हरदिया गांव निवासी रामावतार यादव को सम्मानित करने के लिए यह समारोह आयोजित किया गया, जिसमें थाने के सभी पुलिसकर्मियों ने भाग लिया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने सेवानिवृत्त दफादार रामावतार यादव के सेवाकाल की जमकर सराहना की।

# सक्षमता उत्तीर्ण शिक्षकों को प्रोन्नति न देकर वेतन संरक्षण के नाम पर सरकार बजा रही डंका



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** विश्व शिक्षक दिवस पर राज्य सरकार विधान सभा चुनाव से पूर्व विशिष्ट शिक्षकों को विशिष्ट शिक्षक नियमावली में वर्णित वेतन संरक्षण का लाभ देकर अपनी पीठ थपथपा रही है और जनता में भी वाह-वाही पाने के लिए शिक्षा विभाग ने निर्देश और प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में विशिष्ट शिक्षक को सक्षमता परीक्षा उतीर्ण होने के बाद विशिष्ट शिक्षक योगदान से जो राशि 8 हजार से 15 हजार रुपए तक कम दी जा रही थी,वो अब नियुक्ति तिथि से जोड़कर देगी।परन्तु विशिष्ट शिक्षक का सेवा निरन्तरता,जो इनका अधिकार है।जिसमें पूर्व की प्रोन्नत्ति सम्मिलित हैं,उसपर सरकार कुंडली मारकर बैठी हुई है।सभी विशिष्ट शिक्षकों द्वारा धैर्य के परिचय देने के बाद,अब भी उन्हें उनकी सेवा निरन्तरता से दूर रहना पड़ रहा है।शिक्षकगण अब दबी जुवान में बोलना शुरू कर दिए हैं कि हमलोग अपने शिक्षक संघ की बात को दरकिनार कर सक्षमता परीक्षा में सम्मिलित हुए। शिक्षकों को आशा थी कि सरकार उन्हें प्रोन्नति देगी,किंतु सरकार ने हमें अपने शिक्षक समाज से गद्दारी का सजा दिया है। हम ज्ञान देते-देते,स्वयं अज्ञानी बन गए थे,जो उस समय सरकार पर राज्यकर्मी बनने के लोभ में विश्वास किया था। इस बाबत रजौली के शिक्षक नेता अजित कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि सरकार स्वयं नियम बनाती है और उसे ही लागू कर जनता से वाह-वाही बटोर रही है।परन्तु हम शिक्षक सरकार से चुनाव में सेवा निरन्तरता हेतु आस्वस्त थे।अब पुनः अपने हक के लिए उच्च न्यायालय के शरण में प्रोन्नत्ति के न्यायादेश को लागू करवाने कंटेप्ट में जाना ही होगा। हालांकि बीते छह से नौ महीनों से वेतन संरक्षण से हम शिक्षकगण को आर्थिक पीड़ा से राहत मिलेगी।साथ ही कहा कि उच्च न्यायालय में भी सरकार द्वारा जारी किया गया नया नियम,हमें हमारी प्रोन्नति दिलाने में सहायता प्रदान करेगी।

# मूर्ति का अपमान पूरे समाज का अपमान : मंत्री प्रेम कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के प्रदेश महामंत्री सह भाजपा जिला महामंत्री पप्पू चंद्रवंशी एवं भाजपा जिला महामंत्री नीरज निश्चल उर्फ मुन्नीलाल जी द्वारा यह सूचना प्राप्त हुई है कि विगत वर्ष हमारे द्वारा गया जिला अंतर्गत बोधगया प्रखंड के ग्राम धनामा में स्थापित मगध सम्राट जरासंध जी महाराज की मूर्ति को असामाजिक तत्वों द्वारा तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इस घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह कृत्य अत्यंत निंदनीय है तथा समाज में वैमनस्य और सामाजिक सौहार्द को बिगाड़ने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि मगध सम्राट जरासंध जी हमारे इतिहास और संस्कृति के गौरवशाली प्रतीक रहे हैं जिन्होंने मगध की भूमि को वीरता, पराक्रम और न्याय के आदर्शों से आलोकित किया। उनकी मूर्ति का अपमान पूरे समाज का अपमान है। डॉ. कुमार ने बताया कि इस संदर्भ में उन्होंने वरीय पुलिस अधीक्षक, गया से दूरभाष पर बात कर दोषियों के विरुद्ध शीघ्र एवं कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि दोषियों की पहचान कर तत्काल गिरफ्तार किया जाए, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों को कानून का भय महसूस हो और भविष्य में कोई इस प्रकार की निंदनीय हरकत करने का साहस न कर सके। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि इस घटना से समाज के पिछड़े एवं अति पिछड़े वर्गों की भावनाओं को ठेस पहुंची है, जो एक सुनियोजित प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने सभी वर्गों से शांति, आपसी भाईचारा और सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की अपील की तथा आश्वासन दिया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।\

## फल्गु नदी में डूबी लड़की का मिला शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** जिले के बेलागंज थाना क्षेत्र में फल्गु नदी से एक किशोरी का शव बरामद हुआ। किशोरी की पहचान सीता कुमारी के रूप में हुई है जो मवेशी चराने के दौरान नदी की तेज धार में बह गई थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार सीता कुमारी का शव शनिवार सुबह करीब 8:00 बजे ग्रामीणों के सहयोग से बरामद हुआ। शव श्रीपुर गांव के पुल से लगभग एक किलोमीटर उत्तर में, विलास यादव मुखिया के चिमनी भट्ठे के सामने, नदी के पूर्वी किनारे पर मिला। एएसआई रंजन कुमार और अशोक कुमार ने बताया कि ग्रामीणों ने शव को नदी से निकालकर सूखे स्थान पर रखा और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही बेलागंज थाना प्रभारी धनंजय कुमार अपनी टीम के साथ तत्काल मौके पर पहुंचे और शव को अंत्य परीक्षण के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया भेजा गया।

## प्रमोद चंद्रवंशी ने की असामाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया जी जिला के बोधगया धनवा गांव में स्थित मगध सम्राट जरासंध महाराज जी के आदमकद प्रतिमा के खंडित करने की घोर निंदा करते हुए असमाजिक तत्वों को गिरफ्तार करने की मांग प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने की। गया जी जिला के बोधगया धनवा गांव में स्थित मगध सम्राट जरासंध महाराज जी के आदमकद प्रतिमा को असमाजिक तत्वों द्वारा क्षतिग्रस्त की जाने की घटना अत्यंत निंदनीय है। यह कृत न केवल हमारी संस्कृति, परम्परा और आस्था पर प्रहार है बल्कि देश भर के करोड़ों चंद्रवंशी समाज की भावना को गहराई से आहत करने बाला है।
उक्त बातें अखिल भारतीय बर्षीय चंद्रवंशी चेतना परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बीजेपी अति पिछड़ा प्रकोष्ठ बिहार के संयोजक प्रमोद सिंह चंद्रवंशी ने एक बयान जारी कर दी है। इस घटना की जानकारी मिलते ही गया के वरीय पुलिस अधीक्षक, जिला पदाधिकारी, पुलिस महानिदेशक से बात कर अपराधियों को शीघ्र गिरफ्तार करने एवं क्षति की गई प्रतिमा को तत्काल पुनः स्थापित करने की अनुरोध किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि इस घटना से लाखों चंद्रवंशियों में आक्रोश है। श्री चंद्रवंशी ने एक तरफ हमारी एनडीए की सरकार नीतीश कुमार मगध सम्राट जी पराक्रम को ध्यान में रखते हुए राजगीर में उनके पौराणिक इतिहास को जानने के लिए जरासंध पार्क का निर्माण एवं भव्य मूर्ति का निर्माण करवाया साथ ही साथ जरासंध जी जन्म दिवस को राजकीय सम्मान के साथ प्रति वर्ष राजगीर में मनाने का निर्णय लिया। श्री चंद्रवंशी ने राज्य सरकार से मांग की है कि समय रहते अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं क्षतिग्रस्त प्रतिमा को पुनः स्थापित किया जाए अन्यथा चंद्रवंशी चेतना परिषद पूरे राज्य में आन्दोलन करने के लिए मजबूर हो जाएगा।




## प्रखंड प्रमुख ने 20 लाख की लागत से बनी चार योजनाओं का किया उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच।** प्रखंड के विभिन्न स्थानों पर लगभग 20 लाख रुपये की लागत से निर्मित चार योजनाओं का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख मनी देवी ने किया। इस अवसर पर टिकारी विधानसभा के लोजपा पूर्व प्रत्याशी कमलेश शर्मा भी मौजूद रहे। तिनेरी पंचायत के तिनेरी गांव में सामुदायिक भवन, नाली निर्माण कार्य, खजुरी मठिया में पेवर ब्लॉक तथा परसावां पंचायत में किसान भवन के मरम्मती कार्य का उद्घाटन किया गया। इस दौरान पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रखंड प्रमुख मनी देवी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद इंतेशाब ने कहा कि प्रखंड प्रमुख फंड से इतने कार्य पहली बार हुए हैं। मौके पर लोजपा प्रखंड अध्यक्ष गिरजेश उर्फ बबलू शर्मा, छात्र जिला उपाध्यक्ष नीतीश कुमार, राघवेंद्र शर्मा, मुन्ना कुमार, संतोष कुमार, सुबोध कुमार, वीरेंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित रहे।

## गुरुआ में भीम आर्मी का एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरुआ (गया)।** गुरुआ थाना क्षेत्र एवं प्रखंड में लगातार हो रही प्रशासनिक मनमानी, अफसरशाही, थाने में व्याप्त दलाली एवं भ्रष्टाचार, निर्दोष लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने, गरीबों को न्याय न मिलने तथा दलित उत्पीड़न के मामलों को दबाए जाने जैसे गंभीर मुद्दों को लेकर भीम आर्मी आगामी 6 अक्टूबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी। भीम आर्मी के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि प्रशासनिक तंत्र आम जनता, विशेषकर गरीब एवं दलित वर्गों के साथ न्याय नहीं कर रहा है। थानों में भ्रष्टाचार और दलाली हावी है जिससे आम लोग न्याय के लिए दर-दर भटक रहे हैं। संगठन ने यह भी कहा कि दलित उत्पीड़न के मामलों को जानबूझकर दबाया जा रहा है और दोषियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। धरना प्रदर्शन के माध्यम से भीम आर्मी प्रशासन को चेतावनी देगी कि यदि हालात नहीं सुधरे तो आंदोलन को और उग्र रूप दिया जाएगा।

## शेरघाटी में उत्पाद विभाग की टीम पर पथराव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के शेरघाटी में उत्पाद थाना की टीम पर शनिवार को अवैध शराब के कारोबारियों ने हमला कर दिया। हमले में एक्साइज डिपार्टमेंट टीम की ओर से गए 7 पुलिसकर्मी घायल हुए जबकि पुलिस की ओर से कार्रवाई करते हुए 5 आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक, एक्साइज डिपार्टमेंट की टीम अवैध शराब के कारोबार की सूचना पर छापेमारी के लिए चिताव गांव पहुंची। कार्रवाई शुरू होते ही शराब कारोबारियों ने पुलिस दल पर अचानक पथराव कर दिया। हमला में घायल 7 पुलिसकर्मियों को हल्की चोटें आई हैं। इसके अलावा हमलावरों की ओर से की गई पत्थरबाजी में एक्साइज डिपार्टमेंट की स्कॉर्पियो का शीशा भी टूटा है। उत्पाद थानाध्यक्ष प्रभात विद्यार्थी ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर छापेमारी की गई। जैसे ही पुलिस कर्मियों ने शराब बनाने वाले घर में प्रवेश किया कारोबारियों ने आक्रामक रूप से हमला कर दिया। स्थिति बेकाबू होते देख तत्काल शेरघाटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दल बल के साथ हालात काबू में किए। हमले के बावजूद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई करते हुए शराब कारोबारियों को खदेड़ा और पांच लोगों को दबोच लिया। ट्रेनी डीएसपी अभिषेक कुमार ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई होगी। छापेमारी में करीब 200 किलो जावा महुआ और 10 लीटर तैयार महुआ शराब जब्त की गई। अधिकारियों के अनुसार घर से बरामद अन्य संदिग्ध सामानों की भी जांच की जा रही है। घटना के बाद इलाके में खौफ और तनाव का माहौल है। ग्रामीणों का कहना है कि अवैध शराब का कारोबार लगातार बढ़ रहा है और इससे गांव की कानून-व्यवस्था बिगड़ रही है। उन्होंने प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उत्पाद विभाग का कहना है कि अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान चलेगा। अपराधियों को किसी कीमत पर छोड़ा नहीं जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने साफ किया कि सुरक्षा बलों पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और दोषियों को कठोर सजा दिलाई जाएगी।

## कैलाशपति मिश्र की जयंती मनाई गई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** भारतीय जनता पार्टी के भीष्म पितामह कहे जाने वाले गुजरात के पूर्व राज्यपाल सह बिहार सरकार के पूर्व वित्त मंत्री दिवंगत कैलाशपति मिश्र की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि कैलाशपति मिश्रा का संपूर्ण जीवन सादगी, समर्पण और संगठन के प्रति निष्ठा से भरा रहा। उन्होंने अपने कर्म और विचारों से भारतीय जनता पार्टी को न केवल बिहार में बल्कि पूरे देश में एक सशक्त राजनीतिक धारा के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्णभूमिका निभाई। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि मिश्रा जी ने पार्टी संगठन को खड़ा करने में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित किया। उन्होंने वैचारिक राजनीति का वह आधार तैयार किया जिस पर आज भारतीय जनता पार्टी मजबूती से खड़ी है। उनका जीवन आदर्श, अनुशासन और राष्ट्रवाद की भावना से ओत-प्रोत था। वे सच्चे अर्थों में जनसेवक थे जिन्होंने राजनीति को जनकल्याण का माध्यम माना आज जब बिहार में एनडीए की लोकप्रिय सरकार विकास के नए आयाम स्थापित कर रही है तो उसमें कैलाशपति मिश्र के विचार और उनके दिए हुए संगठनात्मक संस्कारों की गहरी छाप स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

## कांग्रेस के पूर्व मंत्री अवधेश सिंह ने केन्द्र और राज्य सरकार पर साधा निशाना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**गया।** बिहार में 2025 विधानसभा पहले राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। कांग्रेस के पूर्व मंत्री अवधेश सिंह ने राजेंद्र आश्रम स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता कर केंद्र और राज्य सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने बिहार में कानून-व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अवधेश सिंह ने आरोप लगाया कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं जबकि पुलिस पर राजनीतिक दबाव के कारण निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हो पा रही है।
पूर्व मंत्री ने 'डबल इंजन' वाली एनडीए सरकार पर आरोप लगाया कि राज्य की मौजूदा सरकार जनता के मुद्दों से भटक गई है और केवल सत्ता बचाने की जुगत में लगी है। उन्होंने कहा कि पुलिस प्रशासन को राजनीतिक हस्तक्षेप से मुक्त किए बिना किसी भी सुधार की उम्मीद बेमानी है। अवधेश सिंह ने कहा कि आज बिहार की जनता बेरोजगारी, महंगाई और सुरक्षा जैसे मुद्दों से त्रस्त है, लेकिन सरकार का ध्यान केवल प्रचार और गठबंधन की राजनीति पर केंद्रित है।
इस अवसर पर उन्होंने कांग्रेस पार्टी की भविष्य की रणनीति का भी संकेत दिया है। अवधेश सिंह ने कहा कि कांग्रेस आने वाले विधानसभा चुनावों में 'नए नेतृत्व और नई सोच' के साथ जनता के बीच जाएगी। उन्होंने जोर दिया कि अब समय आ गया है कि बिहार की राजनीति को एक नई दिशा दी जाए। कांग्रेस अपने पुराने जनाधार को फिर से मजबूत करेगी और भ्रष्टाचार के खिलाफ निर्णायक संघर्ष छेड़ेगी। प्रेस वार्ता में कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता खालिद आमीन, जिला अध्यक्ष संतोष कुशवाहा, कांग्रेस नेता अशोक प्रसाद भारती सहित कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता भी मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार की लापरवाही के कारण अपराध के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है और आम जनता खुद को असुरक्षित महसूस कर रही है। पार्टी ने मांग की कि प्रशासन निष्पक्ष तरीके से काम करे और विपक्षी कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने की कोशिश बंद की जाए।

## शेरघाटी में जन सुराज की बैठक को लेकर तैयारी पूरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** शहर के पोद्दार मैरेज हॉल में सोमवार को जन सुराज अभियान की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। जानकारी देते हुए जिला अभियान समिति के संयोजक जावेद खां ने बताया कि बैठक में संगठन की मजबूती और आने वाले विधानसभा चुनाव की रणनीति पर विस्तृत चर्चा की जाएगी।
बैठक में विधानसभा प्रत्याशी, सभी जिलाध्यक्ष, ऑब्जर्वर अमजद हसन, वरिष्ठ नेता रामजीत सिंह समेत कई अन्य प्रमुख पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल होंगे। यह बैठक जन सुराज के संगठनात्मक ढांचे को और मजबूत करने तथा जनता के मुद्दों को प्रभावी तरीके से उठाने के उद्देश्य से की जा रही है। जावेद खां ने बताया कि शेरघाटी में जन सुराज के प्रति लोगों का रुझान लगातार बढ़ रहा है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक को लेकर स्थानीय कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है।

## मंत्री अशोक चौधरी ने किया अंबेडकर की आदमकद मूर्ति का अनावरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** रविवार को आंबेडकर छात्रावास में बाबा साहेब भीम राव आंबेडकर की आदमकद मूर्ति का अनावरण सूबे के ग्रामीण कार्य विभाग के मंत्री अशोक चौधरी ने किया। मूर्ति अनावरण के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में मंत्री अशोक चौधरी ने दबे-कुचले समाज के लोगों के लिए बाबा साहेब को भगवान करार देते हुए कहा कि उन्होंने सभी को बराबरी का हक दिया। मंत्री ने कहा कि 2005 में नीतीश कुमार ने बिहार का बागडोर संभाला, तब से न्याय के साथ विकास किया। 2005 में बिहार की प्रति व्यक्ति की औसत आमदनी को सात हजार से 66 हजार रुपया तक किया है। आने वाले पांच साल में प्रति व्यक्ति एक लाख तक करने का लक्ष्य रखा गया है। बिहार में सात सौ मेगावाट की जगह अब 88 सौ मेगावाट बिजली प्रति दिन खपत हो रही है। बिहार में पहले आठ हजार किमी ग्रामीण सड़कें थीं, लेकिन अब एक लाख 14 हजार किमी ग्रामीण सड़कें हैं। नीतीश कुमार ने नरसंहार के दौर से बिहार को बाहर निकाल कर कानून का राज स्थापित किया है। मंत्री ने कहा कि मगध और शाहाबाद मजबूती से खड़ा रहेगा तो 2025 के विधानसभा चुनाव में हम दो सौ से अधिक सीटें जीतेंगे। क्षेत्रीय विधायक अनिल कुमार ने कहा कि 2025 में गया के सभी दस सीटें एनडीए जीतेगी। बेलागंज की विधायक मनोरमा देवी ने कहा कि बिहार में नीतीश कुमार के नेतृत्व में हर सेक्टर में काम हुआ है। सड़क, बिजली, पेजयल, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य, पुल समेत सभी क्षेत्र में अभूतपूर्ण काम हुए हैं। कार्यक्रम का संचालन बलिराम चौधरी और सिद्धार्थ कुमार ने किया।

## पूजा पंडाल में हत्या के दो आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के भुसुंडा गांव में बीते गुरुवार की रात पूजा पंडाल के पास हुई युवक मोहित की हत्या मामले में तीन आरोपी सहित एक महिला को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस का दावा है कि घटना के महज 24 घंटे के भीतर पुलिस ने 3 आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी बरामद हुई है। हालांकि हत्या में इस्तेमाल हथियार अब तक मुफस्सिल पुलिस बरामद नहीं कर सकी है और न ही मुख्य आरोपी मोहित पकड़ा गया है। वह अब भी फरार है। घटना 3 अक्टूबर की देर रात हुई थी।

## आक्रोशित किसानों ने वादा खिलाफी का दंड भुगतने के लिए सरकार को दी चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**टिकारी।** रविवार को प्रखंड के लाव गांव स्थित उच्च विद्यालय के प्रांगण में क्षेत्र के किसानों का महापंचायत आयोजित हुआ। लाव पैक्स अध्यक्ष कृष्ण गोपाल उर्फ मंटू शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित महापंचायत में मुख्यमंत्री द्वारा वर्ष 2018 में घोषित लाव-पूरा बियर बांध 7 वर्ष बाद भी प्रस्तावित स्थल पर निर्माण नहीं होने पर सरकार के प्रति गहरी नाराजगी प्रकट की गई। आक्रोशित किसानों ने वादा खिलाफी का दंड भुगतने के लिए तैयार रहने की सरकार को चेतावनी दी। महापंचायत का संचालन करते हुए डा. मुंद्रिका प्रसाद नायक ने कहा कि बियर बांध निर्माण को लेकर चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इस कड़ी में महापंचायत द्वारा रास्ता रोको अभियान शुरू करते हुए क्षेत्र में राष्ट्रीय एवं प्रांतीय जनप्रतिनिधियों के साथ नेताओं का क्षेत्र में प्रवेश व भ्रमण पर रोक लगाने का ऐलान किया गया। साथ ही कमेटी का गठन कर गांव-गांव में बैठक एवं जन जागरूकता कार्यक्रम चलाने, पोस्टकार्ड अभियान शुरू करने, धरना प्रदर्शन करने सहित कई निर्णय लिए गए। किसान महापंचायत को नागेंद्र सिंह, नरेंद्र कुमार उर्फ गुड्डू शर्मा, नरेश प्रसाद दांगी, अनिल कुमार, इंद्रदेव दास, नरेश प्रजापति, पूर्व सरपंच मिथिलेश कुमार, जितेंद्र कुमार रवि, उत्तम कुमार, राजेन्द्र प्रसाद दांगी, शम्भू यादव आदि कई किसानों व ग्रामीणों ने संबोधित किया।

## आहर में मिला बच्चे का शव, हत्या का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** प्रखंड के पतेड़ मंगरावां पंचायत अंतर्गत सुढ़नी आहर में रविवार की सुबह एक शव उपलाता देख ग्रामीणों ने हंगामा पसर गया। उसी समय उसकी पहचान अमैठा निवासी शंकर यादव के पुत्र शिवराज कुमार के रूप में की गई। कुछ समय बाद पुलिस बल स्थल पर पहुंची तथा घटना का जायजा लिया। सरपंच महेश कुमार सुमन ने बताया कि बच्चा दो दिनों से गायब था और उसकी तलाश की जा रही थी, आहर में जैसे हीं शव मिला उसकी पहचान हो गई जिसे पुलिस की मौजूदगी में बाहर निकाला गया। शंकर यादव के दो पुत्र एवं तीन पुत्रियां थी जिसमें यह बच्चा बड़ा था। वे एक साधारण किसान है, बच्चे की मौत पर पूरे परिवार का रो - रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं थानाध्यक्ष सह प्रशिक्षु डीएसपी अभिनव कुमार ने बताया कि फिलहाल शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपूर्द कर दिया गया है, लेकिन परिजन हत्या कर शव को ठिकाना लगाने की बात कर रहे थे। पीड़ित परिवार से आवेदन मिलने एवं पोस्मार्टम रिपोर्ट आने पर अग्रेत्तर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। शव मिलने की सूचना पर क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीण स्थल पर पहुंच गये तथा पुलिस से उद्भेदन की मांग की।मौके पर जिप सदस्य छोटू दास भी पहुंचे तथा जायजा लिया।

## रौनियार महिला समिति ने खेली सिंदूर की होली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**गया जी।** शहर के रौनियार समाज की परंपरा के अनुरूप सुहागिन महिलाओं ने सिंदूर की होली खेली। मान्यता है कि इस दिन मां दुर्गा अपने मायके से ससुराल लौटती हैं। उनकी विदाई के सम्मान में महिलाएं मां दुर्गा को सिंदूर चढ़ाकर एक-दूसरे के साथ सिंदूर की होली खेलती हैं। परंपरा के अनुसार महिलाएं पहले मां दुर्गा की प्रतिमा को सिंदूर अर्पित करती हैं, फिर पान के पत्ते से गाल छूकर आशीर्वाद लेती हैं। इसके बाद वे एक-दूसरे को सिंदूर लगाकर सुखी वैवाहिक जीवन की कामना करती हैं। सिंदूर खेल में शामिल ममता महाजन ने बताया कि यह परंपरा मां दुर्गा की विदाई का प्रतीक है। हम मानते हैं कि मां जब ससुराल लौटती हैं तो उन्हें सिंदूर चढ़ाकर विदाई दी जाती है। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना करते हैं और दशमी के दिन विदाई दी जाती है। इस मौके पर बड़ी संख्या में रौनियार समाज कि महिलाएं एकत्रित हुईं और पूरे उत्साह के साथ सिंदूर की होली खेली है। इस सिन्दूर खेला में गया महिला समिति के महामंत्री रेनु रानी रौनियार, रीना गुप्ता कोषाध्यक्ष, ममता महाजन, सीमा गुप्ता एवं काफी संख्या में महिला शामिल थी। इस मौके पर रौनियार वैश्य समाज के अध्यक्ष राजू गुप्ता, राज कुमार गुप्ता पाइप दुकान, राहुल महाजन, भवन के महामंत्री अशोक कुमार गुप्ता उर्फ जी पी, कोषाध्यक्ष अमिताभ कुमार, श्री रौनियार दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष एवं महामंत्री ऋषभ राज, कोषाध्यक्ष कुमार रोहित, व्यवस्थापक आशीष आनंद एवं युवा समिति के लोग शामिल थे इसके बाद मां दुर्गा मूर्ति का विसर्जन सफलता पूर्वक सम्पन्न हुआ।

## अहियापुर मोड़ पर मिला अज्ञात महिला का शव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में कोंच थाना क्षेत्र के अहियापुर मोड़ के पास शनिवार सुबह एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ। सुबह टहलने निकले ग्रामीणों ने सड़क किनारे शव देखकर डायल 112 को सूचना दी जिसके बाद कोंच पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए गया मेडिकल कॉलेज भेज दिया गया। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार के अनुसार, मृतका की उम्र लगभग 40 वर्ष है और उसने सलवार सूट पहन रखा था। महिला के सिर के पास चोट का निशान पाया गया है।

## ट्रेन में अवैध रूप से ले जा रही सूखी लकड़ी जप्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** रेल मंत्रालय एवं आरपीएफ के महानिदेशक तक पहुंची शिकायत के बाद गया आरपीएफ पोस्ट ने ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन (विलाप) के तहत एक महत्वपूर्ण कार्रवाई की है। आसनसोल-वाराणसी पैसेंजर ट्रेन में अवैध रूप से ले जा रही सूखी लकड़ी को जप्त कर वन विभाग को सुपुर्द किया गया है। बताया गया कि कुछ दिन पहले एक व्यक्ति ने एक्स हैंडल पर रेलमंत्री, आरपीएफ के महानिदेशक आदि को टैग करते हुए इस बात की शिकायत की थी जिसके पश्चात कार्रवाई हुई। लगभग 2 क्विंटल, जप्त लकड़ी का मूल्य लगभग 4000 रुपये बताया गया है। आरपीएफ टीम ने ट्रेन की जांच की और सूखी लकड़ियों का बंडल पाया। किसी भी व्यक्ति ने लकड़ी पर अपना दावा नहीं किया। लकड़ियों को उतारकर जप्ती सूची बनाकर जप्त किया गया। जप्त लकड़ी को वन विभाग गया के माडनपुर डिपो कार्यालय में सुपुर्द किया गया। वन विभाग को सुपुर्द की गई लकड़ी का उपयोग वन संरक्षण और प्रबंधन में किया जाएगा। अवैध लकड़ी परिवहन पर रोक लगाने के लिए आरपीएफ की यह कार्रवाई महत्वपूर्ण है। आरपीएफ ने ऑपरेशन वाइल्ड लाइफ प्रोटेक्शन के तहत इस कार्रवाई को अंजाम दिया। आरपीएफ की यह कार्रवाई वन्यजीव संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

संपादकीय

# ये जानलेवा कफ सिरप

खांसी के इलाज करने का दावा करने वाले कफ सिरप पीने से मप्र और राजस्थान में 11 बच्चों की मौत बेहद गंभीर मामला है। मीडिया में ये खबर उछलने के बाद राज्य सरकारें कुछ गंभीर हुई हैं और मामले की जांच के आदेश दिए गए हैं। लेकिन असली सवाल यह है कि बाजार में ऐसी जानलेवा दवाइयां बिक कैसे रही हैं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है? अब सामने आई जानकारी के मुताबिक जहरीले कफ सिरप पीने से मध्य प्रदेश में 9 और राजस्थान में 3 मासूमों ने दम तोड़ दियाहै। जिन बच्चों की जान गई है, वह सभी सर्दी, खांसी और बुखार से पीड़ित थे। इलाज के लिए इन सभी बच्चों को कफ सिरप दिया गया। इसके बाद इनकी तबीयत और ज्यादा बिगड़ गई। अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। राजस्थान में भरतपुर के पीड़ित परिवार का आरोप है कि नकली कफ सिरप पीने से उसकी जान चली गई। बच्चे को जुकाम की शिकायत होने पर परिजन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए। बताया जाता है कि ये दवाएं निजी डॉक्टरों ने लिखी थीं। अभिभावकों ने घर आके बच्चे को जैसे ही परिजनों ने दवा पिलाई वो सो गया। जब 4 घंटे तक उसे होश नहीं आया तो परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद भरतपुर रेफर कर दिया। बच्चे की मौत के बाद परिजनों में गुस्सा है। उनका कहना है कि कफ सिरप के डोज से उनके बच्चे की जान चली गई। अब बच्चे के परिजन इस पूरे मामले में जांच की मांग कर रहे हैं। राजस्थान के ही बयाना से 4 मामले सामने आए हैं। जबकि जयपुर में भी जानलेवा सिरप से डॉक्टर समेत 10 लोग इसकी चपेट में हैं।

मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा में कफ सिरप पीने से बच्चों की मौत की आशंका से सनसनी मची हुई है। छिंदवाड़ा में अब तक कुल 9 बच्चों की मौत हो गई है। दावा किया जा रहा है कि कफ सिरफ पीने से बच्चों की किडनी फेल हो गई। कलेक्टर ने दो कफ सिरप पर बैन लगा दिया है। कफ सिरप से बच्चों की मौत के संदर्भ में जबलपुर के ड्रग एवं औषधि विभाग के अफसरों ने बालाघाट, मंडला, छिंदवाड़ा और जबलपुर में छापा मारा है। स्वास्थ्य विभाग की 5 सदस्यों की टीम ने कटारिया फार्मा की जांच की है। सामने आई जानकारी के मुताबिक जबलपुर की कटारिया फार्मासिटिकल्स ने चेन्नई की कंपनी से 660 कोल्ड्रिफ कफ सिरप की शीशियां मंगाई थीं। छिंदवाड़ा के तीन स्टॉकिस्ट को जबलपुर से सिरप की 594 शीशियां भेजी गईं थीं। 16 शीशियों का सैंपल लेकर जांच के लिए भोपाल भेजा गया है। जबलपुर के थाना ओमती के कटारिया फार्मासिटिकल्स डिस्ट्रीब्यूटर का मामला दर्ज किया गया है। एडीएम परासिया के अनुसार जिला प्रशासन के पास 1420 बच्चों की लिस्ट है, जो सर्दी-बुखार से ग्रसित रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने प्रोटोकॉल बनाया है कि दो दिन से ऊपर कोई भी बच्चा बीमार रहता है तो उसको हम सिविल हॉस्पिटल में 6 घंटे मॉनिटरिंग में रखते है। हालांकि अभी तक जो सेम्पल जांच के लिए भेजे गए हैं, वो नॉर्मल निकले हैं। इस बीच प्रशासन ने प्राइवेट डॉक्टरों से एहतियात बरतने को कहा है। उनसे कहा गया है कि वायरल पेशंट को सीधे सिविल अस्पताल भेजें। उधर इन शिकायतों के बाद नेशनल सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल की केंद्रीय टीम ने सैंपल इकट्ठा किए हैं। राजस्थान में भी डेक्सट्रोमेथोर्फान हाइड्रोब्रोमाइड सिरप की बिक्री पर रोक लगा दी है। सरकारें अब जागी हैं। लेकिन पहले ही बाजार में ऐसी दवाओं की ब्रिकी पर सख्ती से रोक होती तो 11 मासूमों को इस तरह जान न गंवानी पड़ती।

05 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस पर विशेष

# एक कदम गांगेय डॉल्फिन की ओर



संजय कुमार

गांगेय डॉल्फ़िन आज भी गंभीर खतरे में है। भारत, नेपाल और बांग्लादेश की नदियों में पाई जाने वाली मीठे पानी की एकमात्र डॉल्फ़िन प्रजाति की संरक्षण स्थिति बहुत चिंताजनक है। खतरे की स्थिति को देखते हुए गांगेय डॉल्फ़िन को इंटरनेशनल यूनियन फॉर कंजर्वेशन ऑफ नेचर की रेड लिस्ट में %लुप्तप्राय% प्रजाति के रूप में सूचीबद्ध किया गया है। तो वहीं, भारतीय वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972" में इसे अनुसूची-ढ्ढ के तहत पूर्ण सुरक्षा प्रदान की गई है, जिसका अर्थ है कि इसका शिकार करना पूरी तरह से प्रतिबंधित है और कानूनी रूप से दंडनीय है।

इसके संरक्षण को लेकर हर ओर पहल की गूंज सुनाई पड़ती रहती है, क्योंकि वर्ष 1957 के बाद से गांगेय डॉल्फ़िन की आबादी में 50त्न से अधिक की भारी गिरावट दर्ज की गई है। हालिया सर्वेक्षणों को देखें तो भारत में गंगा और ब्रह्मपुत्र बेसिन में इनकी अनुमानित संख्या लगभग 6,327 है,जिसमें उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक 2,397 और बिहार में 2,220 हैं। विशेषज्ञों की मानने तो डॉल्फिन की आवादी की कमी के पीछे प्रदूषण, अवैध शिकार, नदी के बहाव में बदलाव और आवास विखंडन जैसे खतरें अहम हैं।

डॉल्फिन संरक्षण को लेकर बड़ा कदम केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने मार्च 2022 में 5 अक्टूबर को राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाने की घोषणा के साथ की थी। इसका मुख्य उद्देश्य डॉल्फिन संरक्षण के लिए जन जागरूकता बढ़ाना और सामुदायिक भागीदारी को सुनिश्चित करना है। तब से 5 अक्टूबर को हर साल राष्ट्रीय डॉल्फिन दिवस के रूप में मनाया जाता है और डॉल्फिन के संरक्षण और उनके महत्व के बारे में लोगों को जागरूक किया जाता है। यों तो बिहार में डॉल्फिन दिवस 2012 से ही मनाया जाता रहा है जिसका पूरा श्रेय उस समय के विभाग के सचिव रहे दीपक सिंह को जाता है। डॉल्फिन संरक्षण मुहिम के बीच मौत की खबरें बीच-बीच में आती ही रहती है। डॉल्फिन को वर्ष 2009 में भारत का राष्ट्रीय जलीय जन्तु घोषित किया गया था। एक कदम और बढ़ा जब प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त, 2020 को नदी और समुद्री डॉल्फिन दोनों के संरक्षण के लिए %प्रोजेक्ट डॉल्फिन% लॉन्च किया।

जहाँ तक बिहार में डॉल्फ़िन का सवाल है तो हाल ही में जारी नदी डॉल्फ़िन सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, बिहार देश में दूसरा सर्वाधिक डॉल्फ़िन वाला राज्य है। गंगा नदी के अलावा, बिहार में डॉल्फ़िन घाघरा गंडक, कोसी, महानंदा, कमला-बलान, पनार और बागमती जैसी नदियों में पाई जाती हैं। डॉल्फ़िन की सबसे अधिक संख्या बिहार में सुल्तानगंज से कहलगाँव के बीच है, जहाँ विक्रमशिला गांगेय डॉल्फ़िन अभयारण्य स्थित है। जागरूकता की वजह से इनके अवैध शिकार में कमी आई है, लेकिन अभी भी खतरे बने हुये हैं।

विक्रमशिला गांगेय डॉल्फ़िन अभयारण्य भारत का एकमात्र डॉल्फ़िन अभयारण्य है, जो बिहार के भागलपुर जिले में सुल्तानगंज से कहलगाँव तक गंगा नदी के 60 किमी. के खंड में फैला हुआ है। यह डॉल्फ़िन के लिए एक प्रमुख संरक्षित क्षेत्र है। डॉल्फ़िन को अहम मानते हुए एशिया का पहला राष्ट्रीय डॉल्फ़िन अनुसंधान केंद्र, पटना में बना है, जिसका उद्घाटन 4 मार्च, 2024 को पटना विश्वविद्यालय परिसर में गंगा नदी के तट पर किया गया।

बात बिहार में डॉल्फिन को देखने की तो सूदन सहाय, बिहार राज्य वाइल्ड लाइफ बोर्ड के पूर्व सदस्य रहे हैं, जिन्होंने पहली बार वर्ष 1992 में डॉल्फिन को देखा था। अजीबो गरीब जलीय प्राणी को पटेगना-पलासी के दोमुहाना घाट पर लोग देख कर हैरत में पड़ गये थे। ग्रामीणों की भीड़ ने उसे राक्षस यानि राकस का नाम देते हुए मार डाला था। सूदन सहाय कहते है कि यहाँ की डॉल्फिन पनार के ही मूल जलीय प्राणी हैं। तब से इसके संरक्षण से वे जुड़े रहे हैं। अररिया में डॉल्फिन संरक्षण में सालों से सक्रिय सूदन सहाय कहते हैं कि बिहार में डॉल्फिन को संरक्षित करने में अहम भूमिका मछुआरों की है। करेंटी जाल में फंसने से डॉल्फिन की मौत हो जाती है। ऐसे में लगातार मछुआरों को जागरूक किया जाता है। सुदन सहाय कहते हैं कि मछुआरों का जीवन नदी और मछली पकड़ने पर निर्भर है। ऐसे में सरकार को मछुआरों को समय-समय पर प्रशिक्षण और सहायत राशि भी दी जाए। और अगर उनके जाल में फंसते है तो उसे सुरक्षित फिर से पानी में छोड़ने या जान बचाने पर उन्हें प्रोत्साहन राशि दिया जाना चाहिए। क्योंकि डॉल्फिन के करीबी कोई है तो मछुआरा ही होता है।

वहीं, डॉल्फिन के जानकार डॉ. गोपाल शर्मा, अंतरिम निदेशक, राष्ट्रीय डॉल्फिन शोध केंद्र, पटना कहते हैं बिहार की नदियों में डॉल्फ़िनों को आवास विखंडन, जल प्रदूषण, घटते जल स्तर, बड़े- बड़े क्रूज का चलना, बाल खनन के नाव का परिचालनऔर मछुआरों द्वारा आकस्मिक या जानबूझकर हत्या जैसे खतरों का सामना करना पड़ता है। पिछले तीस वर्षों में, केवल अररिया में कम से कम 11 डॉल्फ़िन की मृत्यु दर्ज की गई है, जो अक्सर मछली पकड़ने की गतिविधियों और पारिस्थितिकी दबावों के कारण होती रही है। हाल के सर्वेक्षणों ने अररिया की परमान और महानंदा दोनों नदियों में गंगा डॉल्फ़िन की उपस्थिति की पुष्टि की है, और परमान नदी में 2013 में 35 से 2021 में लगभग 50 तक की संख्या में वृद्धि देखी गई है। वे कहते हैं स्वच्छ नदी अभियान और तकनीकी सर्वेक्षण, आवास स्थितियों का आकलन करने और समुदाय को डॉल्फ़िन-सुरक्षित प्रथाओं, जैसे हानिकारक मछली पकड़ने के जालों से बचने और नदी प्रदूषण को कम करने, के बारे में शिक्षित करने के लिए किए गए हैं।

डॉ गोपाल शर्मा की माने तो 1993 में अररिया जिले में एक घटना घटी थी जिसमें लगभग 10 फुट की मादा गर्भवती डॉल्फिन अररिया के मरिया धार में फंस गयी थी। वन विभाग के अधिकारियों ने सप्राइज़ देने के लिए उस डॉल्फिन को बिना एक्सपर्ट का सहारा लिए जीप की ट्रॉली में पटना भेजना चाहा । लेकिन कुछ ही दूर चलने के बाद उस गर्भवती मादा डॉल्फिन की मौत हो गयी । इस मृत मादा डॉल्फिन का पटना के जू अस्पताल में डिसेक्शन डॉल्फिनमैन प्रो आर. के. सिन्हा एवं डॉ.गोपाल शर्मा के नेतृत्व में किया गया। मृत डॉल्फिन के गर्भ से 7 महीने का भ्रूण (बच्चा) मिला। दोनों को संरक्षित कर पटना के जू में 1993 से 2016 तक रखा गया। 2016 में डॉ गोपाल शर्मा जो कि उस समय भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के उपनिदेशक थे के दूरदर्शी प्रयास से बिहार सरकार के वन विभाग के तत्कालिक प्रधान मुख्य वन संरक्षक-सह-मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक रहे एस. एस. चौधरी से संपर्क कर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के संग्रहालय में रखने के लिए मांगा। उन्होंने उसे 2016 में भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के संग्रहालय के लिए दान में दे दिया। वह मृत डॉल्फिन आज भी सुरक्षित है। यह अब तक के देश में उपलब्ध मृत डॉल्फिन में सबसे बड़ी डॉल्फिन है। इस मसले पर सुदन सहाय ने भी लड़ाई लड़ी थी।

प्रमुख खतरों में कम जल प्रवाह, बढ़ता प्रदूषण, गाद जमाव, यंत्रीकृत नौका विहार, और प्रत्यक्ष मानव संघर्ष जैसे कि जाल में आकस्मिक उलझाव और कभी-कभार अवैध शिकार शामिल हैं। मौसमी परिवर्तन, नदी की गहराई और जल प्रवाह इन छोटी सहायक नदियों में डॉल्फ़िन के अस्तित्व के लिए प्रमुख पारिस्थितिक कारक हैं। जलवायु परिवर्तन और लीन सीज़न में पानी की मात्रा में कमी डॉल्फ़िन के लिए और भी ख़तरा पैदा करती है, क्योंकि उनके प्रजनन और भोजन चक्र के लिए गहरे जल क्षेत्र आवश्यक हैं।

हालिया जानकारी में पटना में वाटर मेट्रो की शुरुआत की जानी है जिसे डॉल्फिन विशेषज्ञों से सलाह लेकर ईको टूरिज़्म की शुरुआत की जानी चाहिए, क्योंकि पटना के पास ही 20 से 25 की संख्या में डॉल्फिन निवास करती है।




बात करते हैं गांगेय डॉल्फिन संरक्षण के लिए आखिर क्या करें। क्या न करें। विशेषज्ञ बताते हैं कि डॉल्फिन को दूर से अवलोकन करना चाहिए ताकि उन्हें कोई परेशानी न हो। दूरबीन या जूम लैस का उपयोग करना चाहिए। डॉल्फिन को देखने के लिए प्रमाणित गाइड के साथ जाना चाहिए। ईको-फ्रेंडली व डॉल्फ़िन-फ्रेंडली टूर ऑपरेटर को चुनना चाहिए ,जो पर्यावरण और डॉल्फ़िन की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हों।

डॉल्फिन को देखते वक्त शांत रहना जरूरी है, ताकि डॉल्फ़िन को डर या असहजता न हो। गैर-मोटर या शांत नावों का उपयोग करना चाहिए। यदि आप अवैध मछली पकड़ने या डॉल्फ़िन के शिकार को देखें तो तुरंत स्थानीय अधिकारियों को सूचित करें, ताकि डॉल्फिन का नुकसान न हो सकें। एक अहम पहल नदी को साफ़ यानि कचरा मुक्त रखें क्योंकि डॉल्फिन साफ पानी में निवास करती है। तो आइये गांगेय डॉल्फिन को संरक्षित रखने की पहल करें, एक कदम बढ़ायें और लुप्तप्राय"होने से बचाये।

**(लेखक डीडी न्यूज , दिल्ली में उप निदेशक हैं )**

अध्यात्म

## बांटने के लिए ईश्वर ने तुम्हें बहुत कुछ दिया है



एक बार गौतम बुद्ध एक गांव में धर्म सभा को संबोधित कर रहे थे। लोग अपनी परेशानियों को लेकर उनके पास जाते और उनका हल लेकर खुशी-खुशी वहां से लौटते। उसी गांव में सड़क के किनारे एक गरीब व्यक्ति बैठा रहता और धर्म सभा में आने-जाने वाले लोगों को ध्यान से देखता। उसे बड़ा आश्चर्य होता कि लोग अंदर तो बड़ा दुखी चेहरा लेकर जाते हैं, लेकिन जब वापस आते हैं तो बड़े प्रसन्न दिखाई देते हैं। उस गरीब को लगा कि क्यों न वह भी अपनी समस्या को बुद्ध के सामने रखे? मन में यह विचार लिए वह भी महात्मा बुद्ध के पास पहुंचा।

लोग पंक्तिबद्ध खड़े होकर उन्हें अपनी समस्याएं बता रहे थे और वह मुस्कुराते हुए सबकी समस्याएं हल कर रहे थे।

जब उसकी बारी आई तो उसने सबसे पहले महात्मा को प्रणाम किया और कहा" भगवन, इस गांव में लगभग सभी लोग खुश और समृद्ध हैं। फिर मैं ही क्यों गरीब हूं?

इस पर बुद्ध मुस्कुराते हुए बोले" तुम गरीब और निर्धन इसलिए हो, क्योंकि तुमने आज तक किसी को कुछ दिया ही नहीं।

आर्श्चयचकित गरीब बोला" भगवन, मेरे पास भला दूसरों को देने के लिए क्या होगा? मेरा तो स्वयं का गुजारा बहुत मुश्किल से हो पाता है। लोगों से भीख मांग कर अपना पेट भरता हूं।

भगवान बुद्ध कुछ देर शांत रहे, फिर बोले" तुम बड़े अज्ञानी हो। औरों के साथ बांटने के लिए ईश्वर ने तुम्हें बहुत कुछ दिया है। मुस्कुराहट दी है, जिससे तुम लोगों में आशा का संचार कर सकते हो। मुंह से दो मीठे शब्द बोल सकते हो। दोनों हाथ से लोगों की मदद कर सकते हो। ईश्वर ने जिसको ये तीन चीजें दी हैं वह कभी गरीब और निर्धन हो ही नहीं सकता। निर्धनता का विचार आदमी के मन में होता है, यह तो एक भ्रम है इसे निकाल दो। यह सुन ज्ञान से उस आदमी का चेहरा चमक उठा।

# सम्मान- कमजोरी नहीं, संस्कार की पहचान

**किसी को सम्मान देना आपके भीतर की विनम्रता और सभ्यता की सबसे बड़ी निशानी है। और यदि कोई इसका मज़ाक बनाता है, तो वास्तव में वह अपने छोटेपन का परिचय दे रहा है। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि सम्मान देना कमजोरी नहीं है, बल्कि संस्कार है। दूसरों को नीचा दिखाने या आदर की खिल्ली उड़ाने से आप बड़े नहीं हो जाते, बल्कि अपना स्तर गिराते हैं। सच्चा इंसान वही है जो सम्मान को स्वीकार कर सके, उसे लौटाकर और गहरा बना सके। और सम्मान देने वाले को भी चाहिए कि वह सोच-समझकर सम्मान दे, क्योंकि यह भी एक अमूल्य धरोहर है जिसे हर कोई संभाल नहीं सकता। आखिरकार, किसी की परवरिश और उसके संस्कार की सबसे सुंदर झलक उसके व्यवहार से दिखती है।**

अदिति सिंह भदौरिया

समाज में एक बड़ी भूल यह है कि लोग अक्सर दूसरों द्वारा दिए गए सम्मान को हल्के में लेते हैं। कई बार किसी व्यक्ति की विनम्रता और आदरपूर्ण शब्दों को लोग उसकी कमजोरी मान लेते हैं, जबकि सच्चाई यह है कि सम्मान देना कभी भी कमजोरी नहीं होता। यह उस व्यक्ति के संस्कारों की गहराई और उसके चरित्र की परिपक्वता को दर्शाता है। जब कोई व्यक्ति आपको 'सर', 'मैडम', 'भाईसाहब' या 'दीदी' जैसे आदरभरे शब्दों से पुकारता है, तो वह यह दिखाता है कि उसके भीतर दूसरों को मान देने की संस्कृति है। यह उसकी पारिवारिक परवरिश और जीवन मूल्यों की झलक है। मगर दुख की बात यह है कि समाज में ऐसे लोग भी मिलते हैं जो इस आदर को समझने के बजाय उसका मज़ाक बना देते हैं।

एक और बड़ी समस्या यह है कि कई लोग दूसरों के सामने उस व्यक्ति को अनदेखा करते हैं जो उन्हें सम्मान देता है, लेकिन अकेले में उसी से प्रेम और अपनापन जताते हैं। यह दोहरा व्यवहार इस बात की पहचान है कि उनका हृदय छोटा है और उनके भीतर आत्मविश्वास की कमी है। दूसरों की नज़रों में 'कूल' दिखने या मज़ाक उड़ाने के लिए वे सार्वजनिक रूप से उसी सम्मानजनक शब्दों को बार-बार दोहराकर खिल्ली उड़ाते हैं। वास्तव में यह उनका परिचय है कि वे परिपक्व नहीं हैं और उनके अंदर वह विशालता नहीं है जो सम्मान स्वीकार कर सके। जो व्यक्ति दिल से किसी को सम्मान देता है, वह जब देखता है कि उसी सम्मान का उपयोग मज़ाक बनाने में हो रहा है, तो उसका हृदय गहराई से आहत होता है। वह यह सोचने पर मजबूर हो जाता है कि शायद उसकी आदर देने की आदत ही गलत थी।



दरअसल, सम्मान देना एक सुंदर भाव है, लेकिन जब वही सम्मान उपहास का कारण बन जाए तो देने वाले का विश्वास टूट जाता है। यह स्थिति अत्यंत दुखद है, क्योंकि समाज में वैसे भी सच्चा आदर देने वाले बहुत कम लोग बचे हैं।

यहां यह कहना भी उचित होगा कि कुछ गलती उस व्यक्ति की भी होती है जो बिना सोचे-समझे किसी को भी सम्मान देने लगता है। जैसे महंगी चीज़ हर किसी की पहुँच में नहीं होती, वैसे ही सम्मान भी हर किसी को नहीं देना चाहिए। सम्मान वही पात्र है जिसके पास उसे संभालने की क्षमता हो। यदि आप हर किसी को आदर देंगे, तो कई लोग उसकी कद्र नहीं करेंगे और आपको ही छोटा साबित करने में लग जाएंगे। इसलिए समझदारी यही है कि सम्मान वहाँ दें जहाँ वह वास्तव में योग्य हो और उसका मूल्य समझा जा सके।

सम्मान का असली सौंदर्य तभी है जब वह सच्चे मन से दिया जाए और उसी ईमानदारी से स्वीकार भी किया जाए। यह न तो लेन-देन की वस्तु है और न ही दिखावे का माध्यम। यह व्यक्ति के संस्कार, शिक्षा और मानसिकता का परिचायक है।

किसी को सम्मान देना आपके भीतर की विनम्रता और सभ्यता की सबसे बड़ी निशानी है। और यदि कोई इसका मज़ाक बनाता है, तो वास्तव में वह अपने छोटेपन का परिचय दे रहा है। इसलिए हमें यह समझना चाहिए कि सम्मान देना कमजोरी नहीं है, बल्कि संस्कार है। दूसरों को नीचा दिखाने या आदर की खिल्ली उड़ाने से आप बड़े नहीं हो जाते, बल्कि अपना स्तर गिराते हैं। सच्चा इंसान वही है जो सम्मान को स्वीकार कर सके, उसे लौटाकर और गहरा बना सके। और सम्मान देने वाले को भी चाहिए कि वह सोच-समझकर सम्मान दे, क्योंकि यह भी एक अमूल्य धरोहर है जिसे हर कोई संभाल नहीं सकता। आखिरकार, किसी की परवरिश और उसके संस्कार की सबसे सुंदर झलक उसके व्यवहार से दिखती है। और जो व्यक्ति दूसरों को आदर दे सकता है, वही जीवन के असली मायनों को समझता है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

आपके धैर्य और संयम की आज परीक्षा होने वाली है। आपके स्वजन ही आपके प्रति दुर्व्यवहार कर सकते हैं। इसीलिये आज केवल अपने काम पर ध्यान दें।

**वृषभ**

व्यापार को लेकर आप अत्यन्त गम्भीर रहेंगे। धार्मिक अनुष्ठानों में आप भाग लेंगे। प्रेमीजन के लिये कुछ महँगे उपहार खरीद सकते हैं।

**मिथुन**

आज आपको किसी विशेष काम को लेकर अपनी योग्यता सिद्ध करनी होगी। परिवार में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी। मानसिक परेशानियों से छुटकारा मिलेगा।

**कर्क**

अपनी शक्ति एवं अधिकारों का दुरुपयोग न करें। आज ऐसा कोई कार्य न करें जिससे आप लोगों के निशाने पर आयें। स्वास्थ्य को लेकर सावधान रहें।

**सिंह**

आज व्यवसाय में अधिक फेरबदल करने से बचें। आप अनावश्यक कार्यों में समय खराब कर सकते हैं। पड़ोसियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें।

**कन्या**

योग्य व्यक्तियों का मार्गदर्शन लेना आपके लिये हितकर सिद्ध होगा। समय पूरी तरह से आपके पक्ष का है। प्रेम-सम्बन्धों की मर्यादा बनाये रखें।

**तुला**

परिवार में आयोजन हो सकता है। भावुकता में आकर कोई निर्णय न लें। आत्मकेन्द्रित होने से बचना चाहिये। मित्रगण आपके प्रति गलत राय बना सकते हैं।

**वृश्चिक**

परिवार के सदस्यों के साथ समय बिताना आपको अच्छा लगेगा। अपनी जिम्मेदारियों को पूरे मनोभाव से पूर्ण करने में लगे रहेंगे।

**धनु**

सभी कार्य धीमी गति से होंगे। कुछ विचित्र प्रकार की अनुभूतियाँ आज आपको हो सकती हैं। पूर्व में की गयी गलती दोबारा दोहरा सकते हैं। इसीलिये आज सतर्क रहें।

**मकर**

आज आप जहाँ भी रहेंगे वहाँ का माहौल बहुत ही अच्छा रहने वाला है। अपनी सफलता से आप सन्तुष्ट रहेंगे। जीवनसाथी आपको हर तरह से खुश रखने का प्रयास करेंगे।

**कुंभ**

अपने व्यावसायिक कार्यों की अच्छी मार्केटिंग करने में सफलता मिलेगी। पैतृक सम्पत्ति से आपको लाभ होगा। आपके दिमाग में चंचलता हावी रहेगी।

**मीन**

राजनीति से जुड़े लोगों को कटु आलोचनाओं का सामना करना पड़ेगा। अपनी शक्तियों और अधिकारों का पर्याप्त उपयोग आप नहीं कर पा रहे हैं।

# अवैध मिनी गन फैक्ट्री का पुलिस ने किया उद्भेदन

## तीन देसी कट्टा, जिंदा कारतूस सहित कई मशीन बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बेगूसराय।** बेगूसराय जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम सांख, फुलवरिया टोला में पुलिस ने एक अवैध मिनी गन फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना के आधार पर डीएसपी सदर आनंद कुमार पांडेय के नेतृत्व में मुफस्सिल थाना और सिंघौल थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से तीन देशी कट्टा, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा और हथियार बनाने के कई उपकरण बरामद किए। मौके से एक व्यक्ति 45 वर्षीय अरविंद शर्मा को गिरफ्तार किया गया। जो अपने ही घर में अवैध रूप से हथियार बना रहा था। पुलिस ने बताया कि आरोपी के घर से लोहे की पाइप, कटिंग ब्लेड, ग्राइंडर, ड्रिल मशीन, औज़ार, गैस कटर, वेल्डिंग मशीन और अन्य उपकरण बरामद हुए हैं, जिनका उपयोग हथियार तैयार करने में किया जा रहा था। पुलिस ने इस संबंध में आर्म्स एक्ट की धारा 25 (1-उ)(थ)/26/35 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी आनंद कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी से पूछताछ जारी है और यह पता लगाया जा रहा है कि हथियार किन-किन लोगों को सप्लाई किए जा रहे थे। उन्होंने कहा कि जिले में अवैध हथियार कारोबार पर पुलिस की निगरानी और सख्ती आगे भी जारी रहेगी। इसी बीच मुफस्सिल थाना पुलिस ने एक अन्य छापेमारी में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि कोरिया हैवतपुर स्थित यादव ढाला के पास तीनों व्यक्ति हथियार के साथ किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुँची और घेराबंदी की। पुलिस को देखकर तीनों आरोपी भागने लगे, लेकिन पुलिस ने दो को पकड़ लिया, जबकि एक आरोपी भागने में सफल रहा। गिरफ्तार अपराधियों की पहचान सिकंदर तांती का बेट्स नंदन कुमार और धीरज राम का अभिषेक कुमार दोनों मुफस्सिल थाना अंतर्गत कोरिया गांव का रहने वाला है। तलाशी के दौरान उनके पास से एक देशी कट्टा, दो मोबाइल फोन और एक स्टील का पंजा बरामद किया गया। पुलिस की सख्त कार्रवाई से अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# कुष्ठ रोगी खोजी अभियान को लेकर कार्यशाला आयोजित

### 6 से 15 अक्टूबर तक संचालित होगा अभियान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** कुष्ठ रोगी खोजी अभियान की सफलता हेतु आशा कार्यकर्ताओं का एक दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन पीएचसी नावकोठी में किया गया। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। पीएम डब्लू रंजन कुमार शर्मा ने उपस्थित आशा कार्यकर्ताओं को बताया कि राज्य सरकार ने ठाना है, कुष्ठ रोग मिटाना है। कुष्ठ लाइलाज बिमारी नहीं है, बशर्ते इसकी पहचान प्रारंभिक अवस्था में हो जाय। इसके लिए सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर निशुल्क जांच की व्यवस्था है। जांच के उपरांत कंफर्म रोगियों को निशुल्क दवा उपलब्ध कराने की भी व्यवस्था है। 6 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक कुष्ठ रोगी खोजी अभियान संचालित होना है। सभी आशा कार्यकर्ताओं को इस अवधि में अपने पोषक क्षेत्र के प्रत्येक घरों का भ्रमण कर कुष्ठ रोगी की खोज करनी है। क्षेत्र भ्रमण के क्रम में किसी व्यक्ति के शरीर के किसी हिस्से में ताम्बाई या शरीर के रंग से हलके रंग का दाग हो तथा उस भाग में सूनापन हो तो यह कुष्ठ का लक्षण है । हाथ एवं पैर के नस का मोटा होना, दर्द होना, झुनझुनी होना भी कुष्ठ का लक्षण है। ऐसे लक्षण वाले लोगों की पहचान कर जांच के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रेफर करने का निर्देश दिया। जांच के बाद कंफर्म रोगियों को निश्चित समय तक दवा सेवन कराने के उपरांत वह बिलकुल स्वस्थ हो सकता है। थोड़ी सी लापरवाही उसे स्थायी तौर पर दिव्यांग बना सकता है। आपके सहयोग से कुष्ठ रोग पर नियंत्रण पाया जा सकता है तथा कुष्ठ को समूल मिटा सकते हैं। इनलोगो को लेजेस्टिक उपलब्ध कराया गया। मौके पर बी सीएम उषा कुमारी, आशा फेसिलेटर संगीता, लक्ष्मी, रुक्मिणी, कंचन, अंजू, आशा कार्यकर्ता बबीता, सुनीता, सीता, मुन्नी, रोबिदा, रीणा, डेजी, मुनचुन, ललिता, कविता, जयमाला, रेखा, सुनैना, तारा आदि ने हिस्सा लिया।

## एक नजर

### घर से एक लाख के सामान की चोरी

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र के भगतपुर वार्ड 8 निवासी रामाकांत चौधरी के पुत्र विकास कुमार चौधरी के घर अज्ञात चोरों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित के द्वारा स्थानीय थाना में आवेदन देकर बताया है कि मैं बीते 30 सितंबर को मुंगेर जिला के कुतलूपुर पंचायत अंतर्गत बहादुर नगर मुंडन समारोह में शामिल होने गया था। रविवार की सुबह जब घर आया तो मेन गेट का ताला खुला था। जब अंदर गया तो देखा घर के सभी सामान बिखरे हैं। और ट्रंक, गोदरेज टूटा हुआ है। उन्होंने बताया है कि घर में रखे कपडा, कासा-पीतल एवं स्टील के बर्तन, दो वीआईपी अटैची, सोने का झूमका सहित करीब एक लाख के सामान का चोरी अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई है। सूचना मिलते ही डायल 112 एवं स्थानीय पुलिस घटना स्थल पर पहुंच कर छानबीन शुरूकर दी है। थानाध्यक्ष विकास कुमार राय ने बताया कि आवेदन के आधार पर जांच की जा रही है।

### तारा कॉलेज में गांधी जयंती मनी

**चेरिया बरियारपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** तारा कॉलेज ऑफ एजुकेशन विक्रमपुर में बीएड एवं डीएलएड के प्रशिक्षुओं द्वारा गाँधी जयंती कार्यक्रम का आयोजन के सेमिनार हॉल में किया गया। जिसमे सभी सहायक प्राध्यापक एवं प्राध्यापिका ने गांधी जी के आदर्शो एवं विचारो को सभी प्रशिक्षुओं के बीच रखा। उक्त कार्यक्रम में स्वागत भाषण आर.एन सर के द्वारा किया गया। महाविद्यालय के वरीय सहायक अध्यापक सह प्रोफेसर इंचार्ज कुमार सौरभ ने गाँधी जी के जन्म से लेकर चंपारण सत्याग्रह आन्दोलन एवं देश के आजादी में प्रमुख भूमिका पर चर्चा किये। देश में किये गए कार्यो के बल पर उन्हें राष्ट्रीय पिता की उपाधि दी गयी। उन्होंने किसानो महिलाओ एवं बुनियादी शिक्षा पर ज्यादा बल दिया। धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक राम रतन कुमार ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डा. संतोष कुमार सिंह, विवेक ओझा, विशेषपाल सिंह, डा. गोपाल कुमार झा, रामानंद राय, रानी कुमारी, प्रतिमा कुमारी तथा शिक्षकेतर कर्मचारी इत्यादि मौजूद थे।

### कायस्थ महासभा की बैठक

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रविवार को अखिल भारतीय कायस्थ महासभा बलिया अनुमंडल इकाई की बैठक बाजार स्थित विवेक विहार सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता अनुमंडल अध्यक्ष सुनील कुमार सिन्हा ने की। बैठक में बेगूसराय जिला कायस्थ महासभा के अध्यक्ष अशोक कुमार सिन्हा एवं बीनू सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। बैठक को संबोधित करते हुए नवीन कुमार सिन्हा ने कायस्थ समाज को मजबूत करने के लिए एकजुट होने का आह्वान किया। अलख कुमार सिन्हा ने कहा की कायस्थ समाज को इंडस्ट्रीज के क्षेत्र में आगे आने की आवश्यकता है। जिसके लिए वह युवाओं को हर संभव मदद करने को तत्पर हैं। राजकुमार प्रसाद ने कहा कि हमें हमारी शक्ति के अनुरूप राजनीति में स्थान दिया जाना चाहिए जो दल जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र से टिकट देगा पूरा कायस्थ समाज उसी दल का समर्थन करेगी। बैठक में भास्कर भूषण, दिलीप कुमार सिन्हा, समीर सिन्हा, वीरेश सिन्हा, प्रमोद कुमार, राजकुमार प्रसाद, राजेश अंबष्ट, राजेश श्रीवास्तव, निक्कू कुमार, रविंद्र कुमार, मनोहर कुमार, मंगल कुमार, रौशन कुमार, सुमन सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, गोपाल सिन्हा, अंशु सिन्हा सहित दर्जनों कायस्थ समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे।

# चतुर्थ कौशल दीक्षांत समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** मटिहानी प्रखण्ड क्षेत्र के आशीर्वाद एवं प्राइवेट आईटीआई रामदीरी लवहरचक, बेगूसराय में चतुर्थ कौशल दीक्षांत समारोह का सफल आयोजन किया गया। यह समारोह संस्थान से विभिन्न ट्रेडों में सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले छात्रों के लिए एक गौरवपूर्ण क्षण था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री राम सेवक साहू उपस्थित रहे। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया और छात्रों को प्रमाण पत्र वितरित किए। इस अवसर पर, संस्थान से उत्तीर्ण हुए छात्रों को उनके कौशल और प्रशिक्षण पूर्णता के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाले छात्रों में सत्यम कुमार, रौशन कुमार, शिवम कुमार, अंकित कुमार, अभिषेक चंदन, संभव, प्रशांत, लक्ष्मी कुमारी आदि शामिल थे। मुख्य अतिथि और संस्थान के पदाधिकारियों ने सभी सफल छात्रों को उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दीं। मंच पर मुख्य अतिथि राम सेवक साहू के साथ मंच पर संस्थान के निदेशक डा. अमित रौशन और उप-निदेशक रौशन कुमार गौतम भी मौजूद रहे। मंच की शोभा बढ़ाने वालों में कार्यालय सहयोगी राहुल कुमार, प्रशासनिक सहायक आशीष तथा ट्रेड अनुदेशक निरंजन कुमार, नातिक इकबाल, रौशन कुमार, राजपति कुमार, विष्णु रौशन, बिट्टू, सचिन, मंटुन आदि शामिल थे।संस्थान के निदेशक डा. अमित रौशन ने अपने संबोधन में कहा कि यह आईटीआई युवाओं को कौशल विकास के माध्यम से सशक्त बनाने और उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि वे अब राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में अपना योगदान देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

# कल्पवास मेला की तैयारी को लेकर डीएम पहुंचे सिमरिया

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला ने रविवार को सिमरिया धाम में कल्पवास मेला की तैयारी का जायजा लिया। आगामी 7 अक्टूबर से लगने वाले कल्पवास मेला की तैयारियों का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने मेला क्षेत्र में साफ-सफाई, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था, यातायात प्रबंधन एवं अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की।इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक भी की गई। जिसमें मेला से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को समय पर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कल्पवास मेला में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया ।बैठक में पुलिस अधीक्षक मनीष, नगर आयुक्त नगर निगम सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।



# मिथिला विश्वविद्यालय का 11वां दीक्षांत समारोह टला, नवंबर में संभावित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के अभिषद की बैठक रविवार को कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी की अध्यक्षता में सुबह 11.30 बजे हाइब्रिड मोड में कुलपति आवासीय कार्यालय में आहूत की गई। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी 16 अक्टूबर को होने वाले दीक्षांत समारोह को लेकर सदस्यों के समक्ष विचार रखें गए। मौसम की प्रतिकूलता को संज्ञान में रखते हुए विगत शनिवार को परीक्षा परिषद् की बैठक में सदस्यों द्वारा बनी राय के आलोक में दीक्षांत समारोह की तिथि 16 अक्टूबर को स्थगित करने के विचार को अभिषद सदस्यों के समक्ष रखा गया। बता दें, बंगाल की खाड़ी में बने डीप प्रेशर और अरब सागर में उठे शक्ति चक्रवात से अगले दो-तीन दिनों तक बिहार के 35 जिलों में तेज़ हवा के साथ मूसलाधार बारिश की आशंका जताई जा रही है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार दरभंगा और मधुबनी जिला रेड अलर्ट जोन के तौर पर घोषित किया गया है। विगत दो दिनों से लगातार तेज़ बारिश से विश्वविद्यालय परिसर में भारी जल- जमाव की स्थिति चिन्ता का विषय बन गया है। ऐसे में विश्वविद्यालय के पास दीक्षांत समारोह में एक साथ अधिकतम 1500 और न्यूनतम 1200 विद्यार्थियों की बैठने की क्षमता वाला ऑडिटोरियम अप्राप्य है। नागेंद्र झा स्टेडियम में जल - जमाव और बिगड़ते मौसम के कारण सामारोह को खुले में कर पाना मुश्किल होगा। इस बाबत कुलपति कार्यालय द्वारा संबद्ध वेन्यू की छायाचित्र राजभवन को प्रेषित की जा चुकी है। बैठक में सदस्यों के विचार का अनुपालन करते हुए सैद्धांतिक रूप से महामहिम राज्यपाल सह कुलाधिपति सचिवालय से पत्राचार के क्रियान्वयन पर सहमति बनी। इस कार्य के लिए अभिषद सदस्यों ने कुलपति को अधिकृत किया। अनुमोदन पर सर्वसम्मति से विचार रखते हुए सदस्यों ने कहा कि दीक्षांत समारोह की तैयारी का कार्य निर्बाध गति से चलता रहेगा और सभी अधिकृत सदस्य अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते रहेंगे। दीक्षांत समारोह की अगली संभावित तिथि नवंबर माह में होने का समर्थन उपस्थित अभिषद सदस्यों ने किया। अन्य मद के अंतर्गत 1500 विद्यार्थियों के बैठने की क्षमता वाले अस्थायी शेल्टर निर्माण हेतु कमिटी के गठन पर सर्वसम्मति से सहमति बनी। इस कमिटी में अभिषद के चार सदस्य, अध्यक्ष, छात्र-कल्याण, एस्टेट ऑफिसर, अभियांत्रिकी अनुभाग और कुलसचिव को नामित किया गया है। इस दिशा में त्वरित कार्य करते हुए कुलपति ने तीन से पांच कार्य दिवस के भीतर रिपोर्ट जमा करने के निर्देश भी दिए हैं। इस बैठक में प्रो दिलीप कुमार चौधरी, प्रो अशोक कुमार मेहता, प्रो विजय कुमार यादव, परीक्षा नियंत्रक डॉ इंसान अली, श्रीमती मीना झा, श्री सुजीत पासवान, डॉ धनेश्वर प्रसाद सिंह, डॉ अनिल कुमार चौधरी, डॉ बीरेंद्र कुमार चौधरी, डॉ गुलाम सरवर, प्रो अजय नाथ झा, डॉ कुमार मनीष और प्रभारी कुलसचिव डॉ दिव्या रानी हंसदा उपस्थित रहें।

# दरभंगा स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचक सूची की तैयारी को लेकर प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** उप निदेशक (खाद्य) सुशील कुमार मिश्र एवं उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अविनाश चन्द्र की संयुक्त अध्यक्षता में दो पाली में दरभंगा स्नातक/शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के निर्वाचन सूची की तैयारी को लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं नामनिर्दिष्ट पदाधिकारी के साथ प्रमण्डल स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान बताया गया स्नातक/शिक्षक मतदाता सूची के निर्माण की प्रक्रिया आरंभ हो गई है। समाचार पत्रों में नोटिस का प्रथम पुनः प्रकाशन 15 अक्टूबर को तथा द्वितीय पुनः प्रकाशन 25 अक्टूबर को किया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्नातक व शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची का आवेदन करने की अंतिम तिथि 06 नवम्बर 2025 निर्धारित की गई है तथा प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन 25 नवम्बर को किया जाएगा, जबकि 25 दिसम्बर 2025 तक दावा/आपत्ति के लिए आवेदन पत्र स्वीकार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 30 दिसम्बर 2025 को आयोग द्वारा अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधान परिषद के शिक्षक एवं स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए नए सिरे से निर्वाचन सूची का को तैयार किया जाना है, पूर्व की सूची को निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दरभंगा स्नातक एवं दरभंगा शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी आयुक्त, दरभंगा प्रमण्डल, दरभंगा को नामित किया गया है, जबकि सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत पड़ने वाले जिला के लिए जिला निर्वाचन पदाधिकारी तथा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अधिसूचित सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी तथा भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अधिसूचित अन्य पदाधिकारी को नामित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रपत्र-18 एवं प्रपत्र-19 में प्राप्त होने वाले आवेदनों का सत्यापन कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देकर पूरा करना है।

### विधायक ने किया जनसंपर्क

**नावकोठी।** प्रखंड के डफरपुर पंचायत के विभिन्न गांव में बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने जनसंपर्क किया एवं लोगों के बीच अपने पिछले 5 साल की उपलब्धियां का प्रगति रिपोर्ट वितरित किया। मौके पर बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान ने कहा कहा की जनता के आशीर्वाद से मैंने पिछले 5 सालों में लगातार सदन मे और सड़क पर संघर्ष कर बखरी विधानसभा को विकास के पथ पर आगे बढ़ाया है, विकास इस कारवां को लगातार आगे बढ़ाने के लिए पुनः जनता के आशीर्वाद की जरूरत है। भाकपा अंचल मंत्री चंद्रभूषण चौधरी ने कहा कि विधायक जी के संघर्ष के बदौलत वर्षो से जर्जर सड़कों का निर्माण हुआ नावकोठी में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण हो रहा है।

# पिछड़ों की आवाज बुलंद करने राजद कार्यकर्ता गए पटना



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** बड़हरा विधानसभा क्षेत्र से सैकड़ो की संख्या में राजद कार्यकर्ता शनिवार को पटना में आयोजित अंबेडकर दलित आदिवासी अधिकार संवाद कार्यक्रम में शामिल होने के लिए रवाना हुए। नेतृत्व राजद के युवा नेता रामबाबू सिंह ने किया। बड़हरा के विभिन्न पंचायतों से वे क्रमबद्ध सकड्डी के पास एकत्रित हुए और एक रोड मार्च भी निकला। फिर गाड़ियों के काफिले के साथ राजधानी रवाना हुए। मीडिया से बात करते हुए रामबाबू सिंह ने कहा पिछड़ों और वंचितों की आवाज को बुलंद करने के लिए आज पूरे बिहार में एक ही विकल्प है तेजस्वी यादव। हम भोजपुर से पटना जा रहे हैं ताकि उनके नेतृत्व को और मजबूती मिल सके। वहीं राजद युवा अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि तेजस्वी यादव लगातार दलित, आदिवासी, पिछड़े और वंचित समाज की आवाज बनकर संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में बड़हरा से रामबाबू सिंह जैसे ऊर्जावान नेता के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं का पटना पहुंचना इस बात का संकेत है कि बिहार का युवा अब सामाजिक न्याय की नई लड़ाई के लिए एकजुट है। कार्यकर्ताओं का जोश देखते ही बन रहा था। सभी का एक ही संकल्प था तेजस्वी को 2025 में मुख्यमंत्री बनाना। वे नारे भी इसी जोश से लगा रहे थे। इस मौके पर राजद के अन्य विंग के भी लोग मौजूद थे।

# बलात्कार-हत्याकांड की हो उच्चस्तरीय जांच : भाकपा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चेरिया बरियारपुर।** थाना क्षेत्र के आठवीं वर्ग की छात्रा के साथ बलात्कार और हत्याकांड की घटना का भाकपा माले नेताओ ने की जांच। रविवार को घटना को लेकर भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद ने पार्टी नेता चन्द्रदेव वर्मा, नवल किशोर, शैलेन्द्र सिंह, दीपक कुमार को चार सदस्यीय जांच दल को घटना स्थल पर भेज कर जघन्य आपराध की घटना की जांच पड़ताल किए। जांच के दौरान पीड़ित परिवार से और ग्रामीणों से मिलकर विस्तार से घटना की जानकारी प्राप्त की। लोगों ने बताया दुर्गा मेला देखने गई छात्रा घर जब नहीं लौटी। घर परिवार के लोगों ने खोजबीन की लेकिन नहीं मिली। लोगों ने बोला छात्रा की अपहरण कर बलात्कार और हत्याकांड को अंजाम दिया गया। जब से लाश मिला है तब से विवाह भवन के रात्री प्रहरी फरार है। भाकपा माले जिला सचिव दिवाकर प्रसाद और जांच दल में शामिल नेताओं ने जघन्य आपराध की घटना की तीव्र निंदा करते हुए कहा दलित पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यक समुदाय के महिलाओं और बच्ची के साथ दुष्कर्म और हत्याकांड को अंजाम आपराधी खुलेआम दे रहा है। डबल इंजन भाजपा जदयू सरकार संरक्षण दे रही है। अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो रही है और महिलाओं बच्ची अपने आप को सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। सुशासन के राज खत्म हुई है। महाजंगल राज कायम हो गई है। छात्रा के अपहरण और बलात्कार हत्याकांड के उदभेदन जिला प्रशासन तत्काल करने और दोषियो के खिलाफ कार्रवाई और पीड़ित परिवार को मुआवजा और सुरक्षा प्रदान करने की मांग की।

### राजमिस्त्री ने लगाई फांसी

**फुलवारीशरीफ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पटना के परसा बाजार में रविवार की सुबह एक व्यक्ति ने आम के बगीचे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परसा बाजार थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान परसा बाजार निवासी 50 वर्षीय बुधन शर्मा के रूप में हुई है, जो राजमिस्त्री का काम करते थे। घटना के संबंध में पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी रंजन कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस ने एफएसएल टीम को बुलाकर घटनास्थल की जांच शुरू कर दी है।

# मोटरसाइकिल की ठोकर से साइकिल सवार की मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के भटौरा पंचायत अंतर्गत बथनाहा गांव के समीप शुक्रवार की शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में साइकिल सवार वृद्ध की मौत हो गई। मृतक की पहचान दूबेपुर गांव निवासी राम रतन मंडल के रूप में हुई है। वे अपने साइकिल से भटौरा गांव में एक संबंधी से मुलाकात कर लौट रहे थे, तभी तेज रफ्तार मोटरसाइकिल ने सामने से ठोकर मार दी ठोकर लगने के बाद वृद्ध सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें शिवाजीनगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए दरभंगा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया परिजन और ग्रामीण जब घायल को लेकर दरभंगा पहुंचे, तब तक देर हो चुकी थी। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वृद्ध की मौत की खबर जैसे ही गांव पहुंची, परिवार और पूरे इलाके में कोहराम मच गया। परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है स्थानीय लोगों के अनुसार, मोटरसाइकिल सवार की रफ्तार काफी तेज थी, जिससे हादसा हुआ। घटना की सूचना मिलते ही शिवाजीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मोटरसाइकिल को जब्त कर चालक की तलाश शुरू कर दी है गांव के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। बताया जा रहा है कि राम रतन मंडल अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए मेहनत-मजदूरी करते थे। उनके निधन से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है।

# चुनाव में आर्थिक आधार पर आरक्षण तय करें राजनीतिक पार्टियां

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर।** बीपीएल एवं एपीएल को संसद व विधान सभा में आरक्षण देने के मुद्दे पर विभिन्न राजनीति पार्टियां अपनी नीति स्पष्ट करें। यह बात वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत आजाद विश्वात्मा ने मदनपुर के मुंशी बिगहा स्थित पार्टी कार्यालय में रविवार को प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा कि वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल का मानना है कि निम्न एवं मध्यम वर्ग को सत्ता में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए गरीबों को 25 प्रतिशत और गरीबी रेखा के उपर किंतु अमीरी रेखा के नीचे के समाज को 72 प्रतिशत आरक्षण मिलना चाहिए। इससे बेरोजगारी बढ़ेगी। इसलिए रोजगार के अधिकार को मौलिक अधिकार बनाने के लिए संविधान संशोधन होना चाहिए। भविष्य में इंसान एक हिस्सा पाने का हकदार होगा। इसके लिए कानून बनने की जरूरत है जिससे यह रकम प्रत्येक उस व्यक्ति के खाते में पहुंचे जिसे सरकारी रोजगार नहीं है या जो आयकर सीमा के नीचे है। 100 करोड़ से अधिक संपत्ति उत्तराधिकार कानून से अगली पीढ़ी को स्थानांतरित नहीं होनी चाहिए। यह पैसा टैक्स लगाकर सरकार के पास जाना चाहिए और सरकारी नौकरी मांगने वालों को इसी धन से वेतन दिया जाना चाहिए। परिवारों को टूटने से बचाने के लिए व्यभिचार को अपराध घोषित करने के लिए नया कानून बनाया जाना चाहिए। अनुसूचित जाति व जनजातियों के आरक्षण में क्रीमी लेयर और उप वर्गीकरण पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश को लागू किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि युद्ध रोकने के लिए भारत सभी देशों में शांति मंत्रालय की स्थापना करने के पहल करें। इसकी आवश्यक है। कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका से वंशवाद समाप्त करने के लिए राजनीतिक उत्तराधिकार उन्मूलन कानून बनाने की आवश्यकता पर बल दिया है। इस दौरान संचालन एवं अध्यक्षता वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के वरिष्ठ नेता रवि शंकर गुप्ता ने किया।



## संक्षिप्त समाचार

### मूसलाधार बारिश से आवागमन हुआ बाधित

**बनकटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के बिजबनी दक्षिणी पंचायत अंतर्गत जगिरहा से गोबिंदपुर जाने वाले मुख्य मार्ग जो रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड को जाने वाली सड़क लगातार मूसलाधार बारिश के कारण सड़क टूट गया जिससे आने जाने वाले राहगीर सहित दो



चक्का चार चक्का वाहन आवागमन बाधित हो गया।बताते चले कि दो प्रखंडों को जोड़ने वाली मुख्य सड़क है ।जो अनुमंडल से लेकर प्रखंड के सभी पदाधिकारी उसी रास्ते से प्रखंड मुख्यालय तक जाने का मात्र एक ही सड़क है।वही इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी श्याम कुमार ने बताया कि इसके बारे में जानकारी मिली है।लेकिन इसकी सूचना वरीय अधिकारी को दे दिया गया है।ऐसे भी यह सड़क पी डब्लू डी का बनाया गया सड़क है।

### मूसलाधार बारिश में किराना दुकान सहित मकान धंसा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के लालसरैया पंचायत के कठैया वार्ड संख्या 13 में शनिवार को हुई तेज आंधी और मूसलाधार बारिश ने भारी तबाही मचा दी। स्थानीय निवासी सफी आलम मियां का दो मंजिला मकान अचानक धंस गया, जिसमें नीचे की मंजिल पर उनकी किराना दुकान संचालित थी।सफी आलम मियां ने बताया कि घटना के समय वे दुकान में मौजूद थे, तभी जमीन अचानक धंसने लगी। किसी तरह जान बचाकर बाहर निकले, लेकिन देखते ही देखते पूरा मंजिल पानी



में समा गया। दुकान में रखे नगदी सहित करीब छह लाख रुपये मूल्य का सामान बर्बाद हो गया।उन्होंने बताया कि यह दुकान बैंक से लोन लेकर खोली थी, अब नुकसान के कारण लोन चुकाना मुश्किल हो गया है। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जुटी और कुछ सामान निकाले गए। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को राहत और मुआवजा देने की मांग की है, जबकि लगातार बारिश से अन्य मकानों पर भी खतरा मंडरा रहा है।

### 14 लीटर शराब व बाइक के साथ तस्कर गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** उतरप्रदेश से शराब की खेप लेकर पूर्वी चंपारण जा रहा एक बाइक सवार तस्कर को 14 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ नौतन पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार तस्कर की पहचान नौतन थाना के शिकवरापुर निवासी मोती ठाकुर के रुप में हुयी है। थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार पासवान ने बताया कि तस्कर शराब की खेप लेकर गोपालगंज से होकर नौतन के रास्ते पुर्वी चंपारण डिलेवरी देने के लिए जा रहा था,तभी पुलिस ने उसे शराब व बाईक के साथ दबोचा लिया। जांच के दौरान एट पीएम शराब 82 पीस करीब चौदह लीटर बरामद किया गया। पुछताछ के बाद बरामद शराब एवं बाइक को जब्त करते हुए पुलिस ने गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया है।

### शादी की नीयत से लड़की का अपहरण

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के एक गांव में घर से शौच को निकली लड़की की शादी की नीयत से अपहरण कर लेने के मामले में लड़की की मां ने थाने में केस दर्ज कराया है। लड़की की मां ने पुलिस को दिया आवेदन में बताया है कि वह बिते दिन 2 अक्टूबर को सुबह में शौच के लिए घर से लड़की निकली तभी बीच रास्ते में वीरेंद्र साह और भीम साह बाइक पर सवार होकर आए और उसे जबरदस्ती शादी की नीयत से उठा लेकर चले गए। इधर लड़की की मां ने आवेदन देकर वीरेंद्र साह,भीम साह राजकुमार सिकंदर शाह कलावती देवी श्रीकिशुन साह के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### आपसी विवाद में चार नामजद

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्थानिय थाना क्षेत्र क्या है पूर्णिया गांव में आपसी विवाद में केस दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष शंभूशरण गुप्ता ने बताया कि रिमझिम देवी के आवेदन पर अंशु कुमार युगल किशोर प्रसाद,हरेंद्र प्रसाद,मंजू देवी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### बिहार केशरी श्री कृष्ण सिंह की 138 वीं जयन्ती को लेकर बैठक

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार के डॉ. श्री कृष्ण सिंह सेवा मंडल के तत्वधान में रविवार को भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास के राय हरिशंकर शर्मा सभागार में श्री बाबू की 138 वीं जयंती मनाने के लिए बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता राय सुंदर देव शर्मा ने की। बैठक में सर्वसम्मति से जयंती को सफल बनाने के लिए राम



कुमार सिंह को संयोजक और एक समिति बनाई गई । जिसके देखरेख में पूरा कार्यक्रम संपन्न होगा। अध्यक्षता करते हुए राय सुंदर देव शर्मा ने कहा कि श्री बाबू का योगदान,समर्पण त्याग को नई पीढ़ी के बीच परोसने और बिहार के विकास में श्री बाबू द्वारा खींची गई लकीर को आगे बढ़ने के लिए यह कार्यक्रम भूमिहार ब्राह्मण छात्रावास में प्रति वर्ष किया जाता है। इस अवसर पर राकेश कुमार मिश्रा, सुधांशु कुमार शर्मा, नीरज शर्मा,ललन शुक्ल, शिवकुमार शुक्ला,आनंद कुमार शुक्ला ,निखिल बिहारी दुबे ,राय रोहित शर्मा, रमाशंकर ठाकुर, रवि नारायण राय ,अजय कुमार देव, वीरेंद्र मिश्र, सुमन कुमार, विनय कुमार आदि ने बैठक में विचार साझा किया।

### आगामी चुनाव को लेकर अर्द्धसैनिक बलों का फ्लैगमार्च

**चकिया (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आगामी बिहार विधान सभा चुनाव को देखते हुए शहर के सभी मुख्य मार्गो पर थानाध्यक्ष के नेतृत्व में अर्धसैनिक बलों के साथ फ्लैग मार्च निकला गया। आगामी चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न करने को लेकर फ्लैक मार्च में एसएसबी जवानों के साथ स्थानीय पुलिस पदाधिकारी ने शहर के केसरिया रोड, साहेबगंज रोड, मोतिहारी रोड, थाना रोड सहित सभी रोड में फ्लैग मार्च किया। फ्लैग मार्च में थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार पांडे, अपर थानाध्यक्ष गौरव कुमार सहित एसआई व एसएसबी के जवान शामिल थे।

# नरकटियागंज में मनियारी, पंडयी व करताहा नदियों ने मचाई तबाही

## नरकटियागंज बलथर रोड जलमग्न, आवागमन बाधित





**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र में हुई मुश्लाधार बारिश के बाद अब पहाड़ी नदियो ने अपना रौद्र रूप अपना लिया है। पंडयी और मनियारी, करताह आदि पहाड़ी नदियो ने शनिवार की रात से ही निचले इलाकों में तबाही मचा दी है। शनिवार की शाम से सभी नदियो का जलस्तर बढ़ने लगा रविवार की सुबह तक निचले इलाकों में बाढ़ का पानी घुस गया। जिससे अलग अलग गांव के लगभग दर्जनाधिक घरों में पानी घुस गया। लोग घर छोड़ कर गांव के ऊंचे स्थान वाले घरों में शरण लिए हुए है। पंडयी और करताह नदी का पानी मथुरा से सियरहि होते हुए मैनाटाड सड़क पर बह रहा है। वही नरकटियागंज बलथर रोड में बिरहा और हलतलवी नदी का पानी मथुरा चौक के समीप मुख्य सड़क पर करीब एक से डेढ़ फीट पानी बह रहा है। जिससे आवागमन पूरी तरह से बाधित हो गया। हालांकि कुछ वाहन चालक व बाइक सवार जान जोखिम में डालकर अपने गंतव्य तक जाने को विवश हैं। पानी की रफ्तार इतना है कि वाहनों को ले जाना खतरे से खाली नही है। वही कुकुरा पंचायत से होकर बहने वाली मनियारी नदी भी रौद्र रूप धारण कर लिया है। यहां मनियारी गाव निवासी जवाहिर पड़ित, अर्जुन पड़ित,प्रेम महतो,नंदलाल महतो, बिक्रमपुर बलिराम महतो समेत आधा दर्जन से अधिक लोगो के घर मे बाढ़ का पानी घुस गया है। उधर दहड़वा टोला में पंडई नदी, गौरीपुर मंझरिया, में मनियारी एवं जमुआ नाला का पानी मुख्य सड़क पर बह रहा है।बारिश के बाद कुकुरा पंचायत से होकर बहने वाली मनियारी नदी ने विकराल रूप ले लिया है। नदी के दबाव के कारण कुकुरा से मनियारी नदी के पुल तक बना बांध टूट गया है। बांध टूटने के कारण नदी का पानी खेतों में फैल गया है।जिससे कई एकड़ फसल बर्बाद गए है। बता दे कि कुकुरा पंचायत के मनियारी गांव के समीप वर्ष 2023-24 में करीब एक करोड़ की लागत से कुकुरा गाव से मनियारी नदी के पुल तक बांध का निर्माण किया गया ताकि कुकुरा गाव को बचाया जा सके। हालांकि इस बांध के निर्माण के दौरान स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे नदी की पेटी की सफाई कराने की मांग की थी।

### लालसरैया मन के पुल का अप्रोच पथ धंसा, छह पंचायतों का संपर्क टूटा

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के लालसरैया पंचायत स्थित मनके पुल का अप्रोच पथ शनिवार की सुबह तेज आंधी और मूसलाधार बारिश के दौरान अचानक धंस जाने से आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। यह पुल लालसरैया, मझरिया शेख, पंडितपुर, करमवा, जगदीशपुर व आसपास की पंचायतों को जोड़ने वाला मुख्य मार्ग है। अप्रोच पथ धंसने से इन छह पंचायतों का आपसी संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है।रविवार को आक्रोशित ग्रामीणों ने पुल स्थल पर प्रदर्शन कर प्रशासन से तत्काल मरम्मत की मांग की। ग्रामीणों का कहना था कि वर्ष 2013 में इस पुल का निर्माण स्थानीय विधायक की पहल पर कराया गया था, लेकिन रखरखाव के अभाव में अब इसकी स्थिति जर्जर हो चुकी है।ग्रामीणों ने बताया कि इस पुल से प्रतिदिन एक हजार से अधिक लोगों का आवागमन होता है। अप्रोच पथ धंसने से बच्चों की पढ़ाई, किसानों की खेती-बाड़ी और व्यापारियों की आवाजाही पर गंभीर असर पड़ा है। उन्होंने शीघ्र मरम्मत कर मार्ग को बहाल करने की मांग की।

## मूसलाधार बारिश से धान की तैयार फसल हुई बर्बाद, किसानों के अरमानों पर फिरा पानी

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में लगातार हुई वर्षा के कारण धान की तैयार फसलों को काफी नुकसान पहुंचा सहित अन्य धान की किस्में शामिल है। अचानक हुई बारिश से इन फसलों पर काफी बुरा असर पड़ा है। जिसके कारण क्षेत्र के किसानों को भारी नुकसान का



है। खेतों में पानी भर गए है जिसमें धान की तैयार फसल डूब गई है। प्रखंड में शुक्रवार देर रात से शुरू होकर शनिवार दिन भर हुई मूसलाधार बारिश से धान के खेतों में घुटने तक पानी भर गया है। जिससे आश्विन माह में कटने के लिए तैयार धान की फसल गिर गई है। लगातार हुई हथिया नक्षत्र की वर्षा से जनजीवन के साथ - साथ धान की फसल को काफी प्रभावित किया है। प्रखंड क्षेत्र के किसान हर वर्ष हजारों एकड़ जमीन पर धान की विभिन्न किस्मों की खेती करते है, जिसमें चंदन कतरनी, वैष्णव कतरनी, हाई ब्रिड 6444, 27 पी 31 सामना करना पड़ रहा है। धान की फसल तैयार हो चुकी थी व फसल भी कटने के लिए तैयार थी। लेकिन असमय वर्षा होने से किसानों की मेहनत बेकार होती दिख रही है तथा उनके माथे पर चिंता की लकीरें पड़ गई। प्रखंड के बरैठा गांव निवासी किसान रामनाथ यादव, विनोद यादव, रामेश्वर यादव व सेमरा गांव निवासी उमाशंकर यादव, बालकिशोर सिंह, दारा सिंह सहित अन्य किसानों ने कहा कि यही हाल रहा तो गांव के सभी खेत पानी में डूब जायेंगे। अचानक हुई वर्षा से किसानों के अरमानों पर पानी फिर गए है।

# नगर निगम क्षेत्र में विकास कार्य को बाधित करने का प्रयास विभाग एवं पदाधिकारियों के माध्यम से कराया जा रहा : महापौर

### राजनीतिक प्रतिद्वंदियों के द्वारा साजिस रची जा रही है कि विकास कार्य का श्रेय नगर निगम को प्राप्त न हो : महापौर



**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महापौर के द्वारा नगर वासियों की जन समस्याओं जैसे नाला, रोड, पुल झ पुलिया के निर्माण कार्य कराने के लिए कुल 94 योजनाओं, जिसकी कुल अनुमानित राशि 41 करोड़ रुपया के योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति देते हुए निविदा आमंत्रित कराई गई थी ताकि आये दिन आम नागरिकों को हो रही जन समस्याओं जैसे प्रतिदिन विभिन्न वार्डो में होने वाले जल जमाव की समस्या, आवागमन के लिए पथों की समस्या, जल निकासी हेतु नालों का निर्माण इत्यादि कराकर आम नागरिकों की जन समस्याओं को दूर किया जा सके। परंतु कुछ गन्दी राजनीतिक मानसिकता वाले व्यक्तियों के द्वारा निगम क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यो को देखा नहीं गया। उनके द्वारा सत्ता के बल का दुरुपयोग करते हुए निगम क्षेत्रों में होने वाले विकास कार्यो को गलत-सलत तथ्य देकर निविदा को रुकवा दिया गया है। उनके द्वारा यह तथ्य दिया गया है कि जो निविदा निगम के द्वारा निकाली गई है, उसमें एक वार्ड की योजना नहीं ली गई है।यह सही है कि सिर्फ एक वार्ड की योजना उस निविदा का हिस्सा नहीं थी। उसके लिए निगम क्षेत्रों के 45 वार्डो का विकास कार्य बाधित कर दिया जाए ? जबकि निगम के द्वारा आगामी बैठक में छूटे हुए एक वार्ड का भी योजना का प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही नगर निगम मोतिहारी द्वारा कुल 15 करोड़ की राशि का कुल 31 योजनाओं का चयन सशक्त स्थायी समिति द्वारा किया गया था। इन योजनाओं के तकनीकी अनुमोदन हेतु प्रस्ताव लगभग दस माह पूर्व विभाग को भेजा गया था, किंतु अब तक अनुमोदन की प्रक्रिया पूर्ण नहीं हो सकी है। इससे साफ जाहिर होता है कि निगम द्वारा प्रस्तावित कार्यो के निष्पादन में विभागीय स्तर पर अनावश्यक विलंब किया जा रहा है। इससे प्रतीत होता है कि राजनीतिक साजिश के तहत निगम क्षेत्रों में विकास कार्य को बाधित करने का प्रयास विभाग एवं पदाधिकारीयों के माध्यम से कराया जा रहा है। ये शहर वासियों के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। इतना ही नहीं राजनीतिक प्रतिबंधियों के द्वारा साजिश रची जा रही है कि विकास कार्य का श्रेय नगर निगम को प्राप्त न हो, इसके लिए मेरे ऊपर सत्ता के बल का दुरुपयोग करते हुए विभागीय जांच प्रारंभ करा दी गई है। कुल 56 करोड़ रुपया की योजना से निगम क्षेत्र के आम नागरिकों को जो मूलभूत सुविधाएं प्राप्त होतीं, उससे आम नागरिकों को वंचित होना पड़ गया। अगर इतने बड़े राशि से निगम क्षेत्रों में विकास कार्य होता, तो निगम क्षेत्रों की कई जटिल समस्याओं का निदान हो जाता। आम नागरिकों को जल जमाव की समस्या, गंदे पानी की निकासी की समस्या, आवागमन के लिए पथों की समस्या से वंचित रहना पड़ रहा है - केवल इसलिए कि महापौर कीलोकप्रियता न बढ़े तथा मोतिहारी शहर के आम नागरिक को मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहना पड़े।

## बावनडीह के युवाओं ने की सड़क किनारे झाड़ियों की सफाई, निखर गया सड़क का सौंदर्य व आवागमन हुआ सुलभ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता





**एकमा/रसुलपुर (सारण)।** विगत दिवस लगातार हुई अतिवृष्टि व बरसात के मौसम में सारण व सिवान जिले को जोड़ने वाली सीमावर्ती बावनडीह क्षेत्र में सड़कों के किनारे खरपतवार व झाड़ियां काफी बड़े आकार में फैल गई थीं, जिससे छोटे-बड़े वाहनों व पैदल यात्रियों को आवाजाही में भारी परेशानी हो रही थी। इस समस्या को देखते हुए रविवार को बावनडीह गांव के स्थानीय युवाओं ने स्वयं पहल करते हुए सफाई अभियान चलाया। इस दौरान बावनडीह पॉलिटेक्निक कॉलेज से रसुलपुर-चैनपुर मुख्य सड़क को जोड़ने वाली सड़क के दोनों किनारों की लगभग 200 मीटर लंबाई तक युवाओं ने झाड़ियों की सफाई की। इस अभियान में सरोज गिरी, पियूष कुमार, लालबाबू गिरी, विनय गिरी, संजीव शर्मा, चंदन ठाकुर, प्रिंस कुमार, आकाश कुमार सहित सैकड़ों युवाओं ने सक्रिय रूप से भाग लिया। नोनिया समाज के नेता व एकमा-हंसराजपुर निवासी रवि कुमार महतो सहित स्थानीय लोगों ने युवाओं की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे न केवल आवागमन सुगम हुआ है, बल्कि सफाई से सड़क का सौंदर्य भी निखर गया है।

### नाश्ता चाय की दुकान पर पेड़ गिरने से एक वृद्ध की मौत

**चकिया (पूर्वी चम्पारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** थाना क्षेत्र के शांति नगर चौक के पास वार्ड नंबर 25 स्थित एक चाय के दुकान पर कई साल पुराना विशाल पेड़ तेज हवा और बारिश के कारण गिरने से दुकान पर चाय पी रहे एक वृद्ध व्यक्ति के दब जाने से मौत हो गई वही चाय दुकानदार घायल हो गया। मृतक की पहचान महेंद्र पंडित उम्र 72 वर्ष, पिता स्व शीतल पंडित, पत्नी प्रभावती देवी, ग्राम शेखी चकिया, वार्ड नंबर 14 के निवासी के रूप में बताया गया है। थाना अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर मोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया।परिजनों द्वारा बताया गया मृतक के तीन पुत्र और एक पुत्री है जिसमें दो पुत्र व एक पुत्री का विवाह हो गया है तथा एक पुत्र कुंवारा है।

## बाढ़ के पानी में बहने से दो सगी बहनों की मौत, तीसरी बची



**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिकटा थाना क्षेत्र के भवानीपुर में बाढ़ के पानी में बहने से दो सगी बहन लापता हो गयी। जबकि एक अन्य को बचा लिया गया। दोनो एक साथ मवेशियों के लिए चारा लाने जा रही थी। इसी बीच टुटे हुये सड़क पर बह रहे तेज पानी के बहाव में बह गई। काफी मशक्कत के बाद दोनो को पानी से निकाला जा सका। लेकिन वह मर चुकी थी। मृतकों की पहचान भवानीपुर निवासी शेख आलम की पुत्री रॉबिन खातून 16 वर्ष व रुबाना खातून 14वर्ष के रूप में हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच बेतिया भेज दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतकों समेत तीन किशोरी चारा काटने जा रही थी। उसी दौरान तीनों पानी में बह गई। जिसमें ग्रामीणों ने तैयब मियां की ग्यारह वर्षीय पुत्री हुसनेआरा खातुन को निकाल लिया। वह सही सलामत है। वही सगी दो बहनों की मौत पानी से निकालने से पहले हो गई थी। लगातार बारिश के बाद आये बाढ में रविवार की सुबह भवानीपुर की दो सगी किशोरी बहने बाढ के तेज बहाव में बह गई।

### सिकटा से फर्जी पुलिस वाला गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पुलिस की वर्दी पहन वसूली करने के आरोप में पुलिस ने शिकारपुर थाना के रखही निवासी रफे आलम को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार पुलिस की वर्दी पहन व फर्जी कमान लेकर स्थानीय दुकानदारों से अवैध वसूली करने की शिकायत पुलिस को मिली थी। शिकायत के आलोक में पुलिस पदाधिकारियों ने संबंधित आरोपी को पकड़ उसकी तलाशी ली।

## दहेज के लिए विवाहिता की हत्या, तीन गिरफ्तार

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जगदीशपुर थाना क्षेत्र के झखरा में शनिवार की रात दहेज के लिए एक विवाहिता की गला दबाकर हत्या कर दी गई। मृतका की पहचान बबलु अंसारी की 24 वर्षीय पत्नी रुखसाना खातून के रूप में हुई है। पुलिस ने घटनास्थल से शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया । परिजनों के आवेदन पर तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विवाहिता के पिता मझौलिया थाना क्षेत्र के महना गनी निवासी शाह आलम ने पुलिस को सूचना दी कि उनकी बेटी की हत्या ससुरालवालो ने दहेज में चार पहिया नही देने के कारण कर दी है। सूचना पर पुलिस ने पहुंचकर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टर्माटम के लिए भेजा। शाह आलम के शिकायत पर जगदीशपुर में प्राथमिकी दर्ज करते हुए आरोपी तीन लोगो को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उनकी बेटी की शादी 5 मई 2023 को बबलु अंसारी से हुयी। विवाह में सामर्थ्य के अनुसार पलंग, कुर्सी, गहना व अन्य उपहार दिए गए थे। बावजूद इसके, ससुराल पक्ष के लोग चार पहिया वाहन की मांग कर रुखसाना पर लगातार अत्याचार कर रहे थे। लगभग छह माह पूर्व दोनों पक्षों के बीच समझौता हुआ था, जिसमें यह तय किया गया था कि ससुराल वाले रुखसाना को सम्मानपूर्वक रखेंगे।

### सामुदायिक भवन सह निगम पार्षद भवन का उद्घाटन



**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सांसद क्षेत्र विकास निधि से बेलबनवा, मछुआ टोली में निर्मित सामुदायिक भवन सह निगम पार्षद भवन का उद्घाटन रविवार को नगर विकास एवं आवास विभाग मंत्री जीवेश मिश्रा ने किया। मंत्री श्री मिश्र ने कहा कि बिहार में विकास अब सिर्फ सपना नहीं, जमीन पर उतरता हकीकत है। आज आधरभूत संरचना निर्माण, पार्क, पल-पुलिया, सड़क एवं ड्रेनेज निर्माण के साथ पब्लिक यूटिलिटी के कार्य द्रुत गति से हो रहे हैं। बिहार की एनडीए सरकार ने हर क्षेत्र में विकास के नये कृतिमान गढ़े हैं। मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार ने कहा कि यह बढ़ता और बनता मोतिहारी है। बिहार की एनडीए सरकार ने बिहार के विकास को जो गति और आयाम दिया है इससे बिहार की एक सकारात्मक वैश्विक छवि बनी है। उक्त अवसर पर उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी सदर श्वेता भारती, निगम पार्षद संजू निषाद, अब्दुल कलाम, आजम रशीद, शकील अहमद, प्रभात कुमार, अंकित सिंह, संतोष कुमार, मोजाहिद आलम, राजेश राम, सुनील कुमार, एहतेशामुल हक, संतोष कुमार सिंह, धीरज जायसवाल, सचिन्द्र कुशवाहा, संटू कुमार सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## पूरा होगा स्टूडेंट्स के डॉक्टर बनने का सपना, एलन कोटा अब मोतिहारी में, जनवरी 2026 से कक्षाएं होगी प्रारंभ

### नीट व जूनियर डिवीजन की कक्षाएं, नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड्स की भी होगी तैयारी



**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कैरियर सिटी के नाम से ख्याति अर्जित कर चुके कोटा के प्रमुख एलन कैरियर इंस्टीट्यूट ने बिहार की राजधानी पटना में अपनी स्थापना के सफलतम एक वर्ष पूरा करने के साथ ही जिले के मोतिहारी शहर में सेवाओं के विस्तार की घोषणा की है। उक्त घोषणा रविवार को आयोजित उद्घाटन समारोह में की गई है। देश में मेडिकल व इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं के साथ-साथ साइंस ओलंपियाड की तैयारियों के लिए ख्याति प्राप्त कोटा के एलन कैरियर इंस्टीट्यूट की मोतिहारी में शुरूआत से स्थानीय अभिभावकों व विद्यार्थियों में उत्साह है। एलन मोतिहारी में वर्ष 2026-27 से मेडिकल प्रवेश परीक्षा नीट एवं कक्षा 6 से 10 (जूनियर डिवीजन) नेशनल व इंटरनेशनल ओलंपियाड कोर्सेज के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। कक्षाएं जनवरी माह से शुरू होंगी। मोतिहारी के होटल रामसन में आयोजित उद्घाटन समारोह में जोनल हैड एवं वाइस प्रेसिडेंट डॉ. विपिन योगी मुख्य अतिथि रहे। इसके साथ ही जेईई डिवीजन के जोनल हैड कपिल बिरथरे, नीट डिवीजन के जोनल हैड हेमंत योगी, जूनियर डिवीजन के जोनल हैड विशाल केजरीवाल, एलन पटना के सेंटर हैड चेतन शर्मा एवं एलन कोटा के एक्सपर्ट फैकल्टीज एवं अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में विद्यार्थी एवं अभिभावक की मौजूदगी में पोस्टर का विमोचन किया गया। इस मौके पर शहर के प्रमुख शिक्षाविद एवं एलन कोटा से पूर्व में पढ़ चुके एवं बेतिया मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुए और उन्होंने एलन के बारे में अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर डॉ. विपिन योगी ने बताया कि अब मोतिहारी के स्टूडेंट्स को डॉक्टर बनने का सपना पूरा करने के लिए किसी दूसरे शहर जाने की जरूरत नहीं होगी। यहां की प्रतिभाओं को यहीं संबल मिलेगा और वो आगे बढ़ेंगे। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट पटना ने अपनी स्थापना के एक वर्ष के अध्यापन कार्य में नीट व जेईई परीक्षाओं में शानदार परिणाम दिए हैं। बिहार के सौ से ज्यादा विद्यार्थियों को आईआईटी सहित बिहार के मेडिकल कॉलेजों में एडमिशन मिल चुका है। वर्तमान में 13 हजार से ज्यादा विद्यार्थी एलन पटना में अध्ययनरत हैं। मोतिहारी में सौम्यदर्शन रोड़ पर राजा बाजार स्थित कैम्पस में पढ़ाई होगी। जबकि स्टेशन रोड़ पर चरखा पार्क के नजदीक मंगलम बिल्डिंग में एडमिशन आफिस होगा।

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन कार्यक्रम का किया आयोजन

### संघ के पंच परिवर्तन की विस्तृत रूप से दी गई जानकारी



**चिरैया (पूर्वी चंपारण) नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड क्षेत्र के मधुबनी आश्रम स्थित स्वामी विवेकानंद प्रभात शाखा के स्वयंसेवकों ने रविवार को शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हो रहे कार्यक्रम की शुरूआत स्वयंसेवक विशाल कुमार के द्वारा संघ गीत से किया गया। इसके उपरांत स्वयंसेवक हरिवंश प्रसाद सिंह ने मंच पर आसीन अतिथियों का परिचय कराया। इस मौके पर आरएसएस के चंपारण विभाग के समाजिक सद्भाव कार्य प्रमुख रवि कुमार रवि ने संघ के कार्यो, सिद्धांतों और उद्देश्यों पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने संघ के पंच परिवर्तन के पांच विषय सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, स्वदेशी अपनाने तथा नागरिक कर्तव्यों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि समाजिक कार्यकर्ता संत प्रसाद सिंह ने कहा कि हमारे सभी देवी देवताओं के हाथों में शास्त्र व शस्त्र दोनों है लेकिन आज हिन्दू समाज के हाथों में ना शस्त्र है और ना ही शास्त्र है। कार्यकम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्रधानाध्यापक राम बिहारी सिंह ने संस्कृत के एक श्लोक "अग्रतः सकलं शास्त्रं, पृष्ठतः सशरं धनुः" का उल्लेख किया। उन्होंने इसका अर्थ समझाते हुए कहा कि अग्रतः सकलं शास्त्रंः यानि सामने समस्त शास्त्र (ज्ञान) होना चाहिए। पृष्ठतः सशरं धनुः यानि पीठ पर बाणों सहित धनुष होना चाहिए। उनका कहना था कि हिन्दू समाज को शास्त्र व शस्त्र दोनों शक्तियों की समान आराधना करनी चाहिए। कहा कि संघ के स्वयंसेवक अपने स्थापना काल सन 1925 से आज तक राष्ट्रहित के मुद्दे पर समर्पित होकर कार्य कर रहे है। कार्यक्रम में हरिवंश प्रसाद सिंह, ब्रह्मानंद सिंह, बबलू महतो, बिकाऊ पासवान, बाल्मीकि सिंह, रामाशीष पासवान, हीरालाल सिंह, सनोज महतो सहित दर्जनों स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# चंदा के पैसे से राजनीति करने वाले ठग हैं, पहले खुद का हिसाब दें : जीतन राम

**पूर्व मुख्यमंत्री जीतन राम मांझी का प्रशांत किशोर पर तीखा प्रहार**



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद**। बिहार की सियासत में एक बार फिर बयानबाजी का दौर शुरू हो गया है। पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी ने जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर पर तीखा हमला बोला है। मांझी ने जहानाबाद में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि प्रशांत किशोर अब जनता को गुमराह करने की राजनीति कर रहे हैं और बिहार की जनता उनकी सच्चाई जान चुकी है।मांझी ने कहा, "प्रशांत किशोर कोई दूध का धुला हुआ इंसान नहीं हैं। वह दूसरों पर आरोप लगाने से पहले यह बताएं कि चंदे के पैसे से चलने वाला उनका अभियान आखिर कहां से फंडेड है। अगर उन्हें राजनीति करनी है, तो पहले अपने पैसे और उद्देश्य का स्रोत स्पष्ट करें।"

पूर्व मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जब प्रशांत किशोर देशभर में चुनावी रणनीतिकार के रूप में काम करते थे, तब उन्हीं नेताओं से पैसे लेकर प्रचार करते थे, जिन्हें आज कोस रहे हैं। यह दोहरा चरित्र है और जनता अब इस ठगी को भली-भांति समझ चुकी है।उन्होंने कहा कि प्रशांत किशोर खुद को बिहार की राजनीति का नया चेहरा बताकर जनता को भ्रमित कर रहे हैं। "राजनीति कोई नाटक नहीं, बल्कि जनसेवा का कार्य है। चंदे के पैसे से राजनीति करना और दूसरों को भ्रष्ट कहना अपने आप में विरोधाभास है।मांझी ने यह भी कहा कि अगर प्रशांत किशोर को सच में बिहार की चिंता है, तो वे पहले यह बताएं कि पिछले कुछ वर्षों में उन्होंने राज्य के लिए क्या किया है। उन्होंने कहा कि सिर्फ बयानबाजी और प्रचार से बिहार नहीं बदलेगा।

पूर्व मुख्यमंत्री ने जन सुराज अभियान पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह अभियान जनता का नहीं, बल्कि कुछ खास लोगों द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम है। इसके पीछे कौन फंड दे रहा है, यह साफ होना चाहिए। मांझी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और मंत्री अशोक चौधरी पर प्रशांत किशोर द्वारा लगाए गए आरोपों पर कहा कि अगर किसी कोसने से राजनीति होती है, तो जनता उन्हें कभी स्वीकार नहीं करेगी। आज बिहार में जो विकास कार्य हो रहे हैं, वह किसी भाषण से नहीं बल्कि सरकार की योजनाओं से संभव हुआ है।उन्होंने आगे कहा कि बिहार की राजनीति अब भावनाओं से नहीं, बल्कि विकास और विश्वास से चलती है। जनता बहुत समझदार है और ठगी की राजनीति को कभी स्वीकार नहीं करेगी।

मांझी के द्वारा दिए इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। माना जा रहा है कि उनके इस तीखे बयान से बिहार की सियासत में एक बार फिर प्रशांत किशोर बनाम पारंपरिक नेताओं की जंग गहराने वाली है।

# कल्याण पदाधिकारी अशोक कुमार को भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**हसपुरा**। प्रखंड कार्यालय के सभाकक्ष में शुक्रवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी सह प्रभारी बीडीओ अशोक कुमार के स्थानांतरण पर एक गरिमामय विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की देखरेख बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने की। समारोह में शिक्षक समुंदर सिंह, मिथलेश कुमार, संजय कुमार, नीरज कुमार, निशांत कुमार चंदन सहित दर्जनों शिक्षक एवं पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस अवसर पर बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा की एक नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि अशोक कुमार ने अपने कार्यकाल में कल्याण विभाग से जुड़े सभी कार्यों को समय पर एवं निष्ठापूर्वक पूरा किया। शिक्षा विभाग का प्रभार मिलने के बाद उन्होंने विभागीय आदेशों का अक्षरशः पालन किया और उत्कृष्ट कार्य संस्कृति की मिसाल पेश की। इटवां पंचायत के मुखिया राकेश कुमार ने उनके कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि विशेषकर महादलित समुदाय के बीच अशोक कुमार की कार्यशैली का गहरा प्रभाव देखने को मिला। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने उनके स्वस्थ एवं सफल जीवन की कामना की और उन्हें माला व अंगवस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

# जर्जर सड़क, जलजमाव से त्रस्त जहानाबाद के कृष्णापुरी कॉलोनी के लोगों का फूटा गुस्सा

**जहानाबाद में वोट बहिष्कार का ऐलानः सड़क नहीं तो वोट नहीं**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

जहानाबाद। जहानाबाद नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर- 6 कृष्णापुरी कॉलोनी के लोगों ने इस बार वोट बहिष्कार करने का ऐलान किया है। क्षेत्र में सड़क नहीं बनने से नाराज लोगों ने जिला प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। नाराज लोगों का कहना है कि जब तक सड़क का निर्माण नहीं होगा, तब तक "रोड नहीं तो वोट नहीं" का नारा कायम रहेगा।

स्थानीय निवासियों ने बताया कि वे अपनी समस्या को लेकर कई बार जिला प्रशासन, वार्ड पार्षद और संबंधित अधिकारियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक किसी ने उनकी परेशानी पर ध्यान नहीं दिया। मोहल्ले में कीचड़ और गड्ढों से भरी सड़कों के कारण लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ती है। लोगों ने कहा कि अब आश्वासन नहीं, काम चाहिए। जब तक सड़क नहीं बनेगी, तब तक वोट नहीं देंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर उनकी समस्या का समाधान जल्द नहीं किया गया, तो वे एनएच-22 को जाम करने के लिए मजबूर होंगे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जनप्रतिनिधि चुनाव के समय वादे तो करते हैं, लेकिन चुनाव बीतते ही क्षेत्र की समस्याओं की ओर ध्यान नहीं देते। इस बार वार्ड नंबर 6 के मतदाता अपने निर्णय पर अडिग हैं—"रोड नहीं तो वोट नहीं।"

# दो दिन से बुजुर्ग लापता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। 60 वर्षीय एक बुजुर्ग के गुमशुदगी का मामला सामने आया है। मामला फेसर थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव की है। ये बुजुर्ग बीते 3 अक्टूबर से लापता है। इस संबध में परिजनों ने फेसर थाना में तहरीर समर्पित किया है। उन्होंने बताया कि सुदामा साव बीते 3 अक्टूबर की सुबह से लापता है। इस दौरान उन्होंने अपने स्तर से काफी खोजबीन की, लेकिन कहीं कोई पता नहीं चला। बुजुर्ग लाल टीशर्ट, हाफ पैंट व लाल गमछा लिए हुए है। परिजनों ने जिला प्रशासन से खोजबीन की गुहार लगाई है।

# बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति चुनाव अधिवेशन व प्रतिनिधि सम्मान समारोह संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)**। रफीगंज में बिहार कुम्हार प्रजापति समन्वय समिति प्रखंड इकाई के बैनर तले चुनाव अधिवेशन सह प्रतिनिधि सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झारखंड माटी कला बोर्ड के सदस्य अभिनाश देव, संघ के प्रदेश महामंत्री अरविन्द प्रजापति उर्फ पिंटू गुरु, जिलाध्यक्ष ललन प्रजापति, जिला सचिव गया प्रजापति, रामप्रवेश प्रजापति, अरविंद प्रजापति, रामवतार प्रजापति, शंभू, बवन, शशि किशोर, रंजीत, शिव पंडित, मनोज, रविंद्र, पंकज, मिथलेश, रामजी, राम बहादुर, अरुण कुमार, मीडिया प्रभारी शंभू प्रजापति, रविन्द्र प्रजापति,



रामप्रवेश प्रजापति व कृष्णा प्रजापति सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। समारोह की अध्यक्षता मानिक चंद प्रजापति ने की, जबकि संचालन सेवानिवृत्त शिक्षक बबन प्रजापति एवं जिला प्रवक्ता रंजीत प्रजापति ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर प्रखंड स्तरीय समिति का गठन किया गया।

नवगठित प्रखंड कमेटी इस प्रकार रहीः
प्रखंड अध्यक्षः महेंद्र पांडेय
सचिवः मानिक चंद
कोषाध्यक्षः डॉ. सनोज प्रजापति
संरक्षकः यमुनाकांत निराला
उपाध्यक्षः पंकज कुमार निराला
उपसचिवः दिपनारायण प्रजापति
मीडिया प्रभारीः अरुण कुमार
संगठन सचिवः विनोद कुमार
नगर अध्यक्षः सरोज प्रजापति
नगर सचिवः सुनील प्रजापति
कार्यकारी सदस्यः अजय प्रजापति

**महिला प्रकोष्ठः**
प्रखंड अध्यक्षः सोनी देवी
सचिवः मति देवी
कोषाध्यक्षः जितेंद्र प्रजापति

मुख्य अतिथि अभिनाश देव ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रजापति समाज को एकजुट रहना होगा, तभी राजनीतिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में समाज की उपेक्षा हुई है, लेकिन यदि समाज एक स्वर में खड़ा होगा तो उसकी ताकत को नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकेगा।

# गायत्री परिवार ने किया साप्ताहिक पौधारोपण अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**जहानाबाद**। अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में गायत्री परिवार की युवा इकाई प्रज्ञा युवा प्रकोष्ठ जहानाबाद के द्वारा लगातार 227वें रविवासरीय साप्ताहिक वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन मखदुमपुर प्रखंड के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इक्किल एवं ठाकुरबाड़ी परिसर में किया गया। इस दौरान 30 छायादार पौधों का रोपण किया गया। लोजपा नेत्री इंदू कश्यप ने कहा कि पेड़ हमारे लिए प्रकृति के उदार उपहार की तरह हैं। वे जीवन को सुचारू रखने और प्रकृति को संतुलित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हमारे लिए यह जानना वास्तव में महत्वपूर्ण है कि पेड़ कितने मायने रखते हैं। कम से कम पेड़ होने की समस्या के साथ-साथ इसके साथ आने वाली अन्य सभी चुनौतियों को ठीक करने के लिए हम क्या कर सकते हैं। पेड़ तापमान को नियंत्रित करने और बारिश के लिए मौसम को बिल्कुल उपयुक्त बनाने में मदद करते हैं। लेकिन, वनों की अंधाधुंध कटाई से प्राकृतिक संतुलन का खतरा उत्पन्न हो गया है। इससे जलवायु परिवर्तन जैसे बड़े विकराल समस्या पैदा हो रही है। साथ ही बहुत सारे पेड़ - पौधों और जानवरों की प्रजाति हमेशा के लिए विलुप्त हो रहे हैं।अब समय आ गया है कि हम इसके बारे में कुछ करें। हमें पृथ्वी की देखभाल करने की जरूरत है, जैसे वह हमारी देखभाल करती रही है। ऐसा करने का एक तरीका यह है कि हम अपने ग्रह को फिर से हरा-भरा और सुंदर बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। गायत्री परिवार के द्वारा चलाया जा रहा नियमित वृक्षारोपण कार्यक्रम तब तक चलता रहेगा जब तक की जिला हरा-भरा न बन जाये।

# बसों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था नहीं

**किट के बजाए रखे होते हैं गैर जरुरी सामान, कई बसों में नहीं है इमरजेंसी गेट**

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। सड़कों पर दौड़ रही अधिकांश बसों में यात्रियों की सुरक्षा के उपाय नहीं हैं। जानकारी के मुताबिक सभी सवारी वाहनों में यात्रियों की सुरक्षा से संबंधित संसाधन होना अनिवार्य है। आपात स्थिति से निपटने के लिए वाहनों में फर्स्ट एड बॉक्स और अग्निशमन यंत्र की व्यवस्था होनी चाहिए, लेकिन अधिकांश बसो में इस नियम का पालन नहीं हो रहा है। परिवहन नियमों का पालन कराने को लेकर संबंधित विभाग का कोई ध्यान नहीं है और न ही विभाग इसके लिए कोई जांच करता है। लिहाजा यात्रियों की सुरक्षा हमेशा ताक पर रहती है। जिले में चल रही बसों में सुरक्षा मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा जाता। बस मालिकों को केवल अपनी कमाई से ही मतलब रहता है। उन्हें यात्रियों की सुरक्षा की कोई परवाह नहीं रहती। बता दें कि प्रखंड मुख्यालय से कई प्राइवेट बसों का परिचालन होता है। काफी संख्या में यात्री प्रतिदिन सफर करते हैं।

**किट के बजाए रखे होते हैं गैर जरुरी सामान**

कुछ वाहनों में फस्र्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें दवाई, मल्हम, पट्टी के बजाए गैर जरुरी सामान रखे जाते हैं। उस बॉक्स में वाहनों के औजार ही मिलते हैं। वाहन चालकों और उपचालकों को किट के संबंध में जानकारी भी नहीं रहती। उन्हें प्रशिक्षण भी नहीं दिया जाता है। एक बस चालक ने बताया कि केबिन में फर्स्ट एड बॉक्स तो है लेकिन उसमें कौन-कौन सामान होना चाहिए इसकी जानकारी नहीं है।

**कई बसों में नहीं है इमरजेंसी गेट**

परिवहन नियमों के अनुसार सड़कों पर चलने वाली बसों में इमरजेंसी गेट होना अनिवार्य है। ताकि आपात समय में यात्री बस से बाहर निकल सकें लेकिन सड़कों पर दौड़ने वाली बसों में अब इमरजेंसी गेट नहीं लगवाए जा रहे हैं। बस संचालकों को लगता है कि जितनी जगह में इमरजेंसी गेट होगा, वहां दो सीट बना देने से कमाई हो जाएगी लेकिन बस में किसी प्रकार की गड़बड़ी होने पर यात्रियों को एक ही गेट से निकलना पड़ेगा। जिससे बड़ी दुर्घटना होने की आशंका रहती है।

**जुर्माना का है प्रावधान**

अग्निशमन यंत्र या फस्र्ट एड बॉक्स न होने पर मोटर वाहन अधिनियम के अंतर्गत 5600 से 7000 रुपये का जुर्माना लगाने का प्रावधान है। बावजूद वाहन चालकों और मालिकों में इस कानून भय नहीं है। विभागीय अधिकारी भी नियमित इसकी जांच नहीं करते हैं। लिहाजा बेखौफ होकर यात्रियों की सुरक्षा की अनदेखी करते हुए वाहनों का परिचालन जारी है।

# ऑटो की टक्कर से बाइक सवार महिला जख्मी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। अंबा थाना क्षेत्र के बैजल मोड़ के समीप ऑटो की चपेट में आने से बाइक सवार महिला घायल हो गई। घायल महिला की पहचान थाना क्षेत्र के ही बैजल गांव निवासी महेंद्र पासवान की पत्नी सुनीता देवी के रूप में हुई है। रविवार की शाम सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि सुनीता देवी अपने पुत्र के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से हरिहरगंज बाजार गई थी। वापस घर लौटने के दौरान बैजल मोड़ के समीप एक तेज रफ्तार अनियंत्रित ऑटो ने टक्कर मार दिया, जिससे महिला बाइक से गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने ऑटो को पकड़ लिया। ऑटो चालक ने इलाज का सारा खर्चा देने को कहा तो परिजनों ने ऑटो से ही महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। इधर, सदर अस्पताल के सिटी स्कैन वार्ड में ऑटो चालक से पैसों की लेनदेन को लेकर परिजनों की बहसबाजी शुरू हो गयी। ऑटो चालक इलाज के लिए पैसे देने से इंकार किया। परिजनों का कहना था कि जो पैसा लग रहा है उसे इलाज में लगाओ। इसी बात को लेकर काफी देर तक दोनों के बीच बहसबाजी होती रही। महिला का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया। वैसे परिजनों ने इलाज के लिए पैसे न देने पर ऑटो चालक के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराने की बात कही है।

# जहानाबाद सांसद पर संसदीय फंड के दुरुपयोग का आरोप

**"यह जहानाबाद की जनता के साथ ठगी है": पूर्व मुख्यमंत्री**

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद**। जहानाबाद जिले की सियासत एक बार फिर गरमाती नजर आ रही है। मामला जहानाबाद के सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव से जुड़ा है, जिन पर अपने संसदीय निधि (एमपी लैड फंड) का दुरुपयोग करने का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि सांसद ने यह फंड जहानाबाद में खर्च करने के बजाय अपने पूर्व के विधानसभा क्षेत्र गया जिले के बेलागंज में लगभग 1 करोड़ 75 लाख रुपये की राशि से विकास कार्य कराने की अनुशंसा की है। इस खुलासे के बाद जिले की राजनीति में हड़कंप मच गया है।

इस मुद्दे पर विपक्षी दलों के साथ-साथ आम लोगों में भी नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि जब जहानाबाद जिले में आज भी कई मूलभूत विकास कार्य अधूरे हैं- जैसे सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल की समस्या आदि तो सांसद का दूसरे जिले में इतनी बड़ी राशि खर्च करना जनता के विश्वास के साथ धोखा है।इसी बीच, पूर्व मुख्यमंत्री और हिंदुस्तानी आवाम मोर्चा (हम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीतन राम मांझी शनिवार को गया से पटना लौटते वक्त जहानाबाद में रुके और पत्रकारों से बातचीत में इस पूरे प्रकरण पर तीखी प्रतिक्रिया दी। मांझी ने कहा, "यह जहानाबाद संसदीय क्षेत्र की जनता के साथ ठगी है। जिस जिले का सांसद होता है, उसका पहला कर्तव्य उस जिले के विकास के लिए काम करना होता है, न कि दूसरे जिले में फंड खर्च करना।" उन्होंने कहा कि संसदीय निधि का स्पष्ट नियम है- सांसद केवल अपने निर्वाचन क्षेत्र में ही इस राशि का उपयोग कर सकता है। किसी अन्य जिले में इतनी बड़ी राशि देना नियमों का उल्लंघन और नैतिक रूप से गलत है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "अगर किसी दूसरे जिले में कोई बड़ी प्राकृतिक या मानवीय आपदा होती है, तो संवेदनशीलता के तहत सांसद थोड़ी बहुत सहायता कर सकता है। लेकिन 1 करोड़ 75 लाख रुपये जैसी बड़ी राशि देना किसी भी तरह से उचित नहीं है।"

मांझी ने सवाल उठाया कि जब जहानाबाद जिले के सैकड़ों गांवों में विकास कार्य अधूरे हैं, ग्रामीण सड़कें जर्जर हालत में हैं, स्कूलों में संसाधनों की कमी है और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थिति बदतर है, तब सांसद को गया जिले में इतनी बड़ी राशि खर्च करने की क्या आवश्यकता थी? उन्होंने कहा कि "जनता सब समझ रही है और समय आने पर इसका जवाब जरूर देगी।" मांझी ने प्रशासन से भी इस पूरे मामले की जांच कराने और आवश्यक वित्तीय कार्रवाई करने की मांग की। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, "सांसद निधि जनता की संपत्ति है। इसे व्यक्तिगत या राजनीतिक स्वार्थ के लिए इस्तेमाल नहीं किया जा सकता। जनता को ठगा नहीं जा सकता। यह गंभीर मामला है और इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।" इस बयान के बाद जहानाबाद की राजनीति में हलचल और तेज हो गई है। स्थानीय राजनीतिक दलों के नेता भी सांसद पर निशाना साध रहे हैं। उनका कहना है कि जहानाबाद का सांसद होने के नाते फंड का उपयोग जिले के विकास में होना चाहिए था।फिलहाल, सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव की ओर से इस विवाद पर कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं दी गई है।

# हिंसक बंदरों का झुंड पहुंचा रहा जन व धन को नुकसान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मखदुमपुर (जहानाबाद)**। जहानाबाद जिले के टेहटा बाजार में हिंसक बंदरों के झुंड का कहर लगातार जारी है। किसी जंगली इलाके से लाकर यहां छोड़ दिये गए बंदरों का झुंड जन व धन की हानि पहुंचा रहा है। दो दिन पहले बंदरों की झुंड ने टेहटा निवासी विश्राम साव की छोटी बेटी पर जानलेवा हमला कर दिया जिससे वह काफी गंभीर रूप से जख्मी हो गई। यदि घर परिवार के लोग डंडा व लाठी लेकर बंदरों को नहीं खरेदते तो हिंसक बंदर उस बच्ची की जान ले लेते। अधिवक्ता सह सामाजिक कार्यकर्ता मुकेश कुमार गौतम उर्फ मुकेश चंद्रवंशी ने बताया कि पिछले दो से तीन माह के अंदर हिंसक बंदरों के हमले से दो दर्जन से अधिक लोग जख्मी हो गए हैं। बंदरों का झुंड महिलाओं एवं छोटे बच्चों पर ज्यादा हमला करता है। बंदरों के हमले से कई महिलाएं भी जख्मी हो गई हैं। इसके आतंक से वृद्ध, महिला व बच्चों के घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। अकेला देखते ही बंदर हमला बोल देता है। हमला से बचने के लिए लोग भागने लगते हैं। जिसके कारण कई लोगों के पैर और हाथ भी टूट चुके हैं। बंदरो का झुंड छत पर लगे पानी की टंकी व नलों को क्षतिग्रस्त कर दे रहा है। इसके डर से आम लोग काफी डरे व सहमे रहते हैं। उन्होंने जिला प्रशासन से मांग की है कि लोगों के जन व धन की हो रही क्षति को ध्यान में रखते हुए इन बंदरों को पकड़कर जंगली इलाके में भेजवाने का कार्य किया जाए अन्यथा बंदरों के हमले से कभी भी किसी की बेवजह जान चली जायेगी।

# महुआ धाम में लगता है भूतों का मेला

**यहां महिलाएं करती है अजीब हरकतें, भूत-प्रेत से मुक्ति का स्थान, रात में जाना है वर्जित**

**रंजन सिंह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले के कुटुंबा प्रखंड के महुआ धाम में मां अष्टभुजी का मंदिर है। लोगों का मानना है कि यहां प्रेत बाधा से पीड़ित भक्त स्नान कर पान का पत्ता, रोड़ी और कसैली लेकर मंदिर परिसर में बैठते हैं और मां के गीतों पर झूमने लगते हैं। ऐसा कहा जाता है कि यहां मात्र आ जाने से उनके ऊपर लगे प्रेत बाधा से उन्हें छुटकारा मिलता है। बता दें इसे भुतहा मेला भी कहा जाता है। बता दें यहां रोजाना 500 से अधिक भूत प्रेत बाधा से पीड़ित महिलाएं पहुंचती हैं। कोई तालाब में स्नान कर रही होती हैं तो कोई सिर के बाल खोल कर झूमती रहती हैं। कई महिलाएं रोती बिलखती हैं तो कई हमलावर भी होती हैं। यहां पहुंचे लोगों का मानना है कि सभी महिलाएं प्रेत बाधा से ग्रसित है। बता दें मंदिर परिसर में एक नरक कुंड भी है, जिसमें लगातार हवन होता रहता है। हवन का सुगंध मंदिर परिसर के चारों ओर फैली रहती है। वहीं मां अष्टभुजी की कृपा से सभी ठीक भी हो जाते हैं।



**चैत्र और कार्तिक में लगता है भूतों का मेला**

महुआ धाम के स्थानीय निवासी सुनील कुमार कहते हैं कि इस मंदिर की ख्याति अब जिले ही नहीं बल्कि कई प्रदेशों में फैली हुई है। यहां पर इस चैत्र और कार्तिक माह में बिहार सहित झारखंड छत्तीसगढ़ बंगाल तरफ से प्रेत बाधा से पीड़ित महिलाएं पहुंचती है। इस मंदिर में किसी तरह का न कोई ओझा गुणी नहीं होता है और न कोई मंत्रोच्चार होता है लेकिन फिर भी यहां पहुंचने वाली महिलाएं इस प्रेत बाधा से ठीक हो जाती हैं।

**बिहार सहित दूसरे राज्यों से आते हैं लोग**

स्थानीय की मानें तो यह कोई वर्षों पुराना मंदिर नहीं हैं बल्कि यह सिर्फ 20 साल पहले का ही मंदिर है। स्थानीय निवासी भैरो वैद्य बताते हैं कि 20 वर्ष पहले इस स्थान को हारो सहाय कहा जाता था। इस परिसर में दो महुआ के पेड़ थे जिसके गिरने पर यहां मां अष्टभुजी की मूर्ति मिली थी तब से इसमें पूजा पाठ शुरू हो गया और देखते ही देखते हजारों लोगों के आने से इसे महुआ धाम के रूप में प्रसिद्धि मिल गई है। हालांकि मनोचिकित्सक द्वारा इसे एक मानसिक बीमारी ही माना जाता है।

# जान जोखिम में डाल बस की छत पर बैठ यात्रा कर रहे यात्री

**- कभी भी हो सकती है बड़ी घटना**
**- चैन की नींद सोए हैं परिवहन विभाग के लोग**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जिले में आए दिन दुर्घटना घट रही है। बावजूद बसों में कोई खास असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। जिले के विभिन्न रुटों में चलने वाली निजी बसों में ओवरलोडिंग हो रही है। बता दें कि प्रतिदिन दुर्घटना होने के बावजूद भी बस संचालक सवारियों को बस की छत पर सफर करवाया जा रहा है। यहां निजी बस मालिक लगातार क्षेत्र में अपनी बसों में यात्रियों को छतों पर भेड़-बकरियों की तरह ठूंस-ठूंस कर भर रहे हैं। निजी बस मालिक चंद पैसों की खातिर यात्रियों की जान को जोखिम में डालकर ओवरलोडिंग करने में लगे हुए हैं। यहां तक जिले में जब कहीं भी बस हादसा होता है तो उस वक्त बड़े-बड़े नेता व प्रशासन एक दम हरकत में आते हैं। साथ ही बड़े-बड़े कानून बनाने की बातें कहते हैं, लेकिन कुछ समय बाद फिर स्थिति पहले जैसे ही हो जाती है। यातायात नियमों की अवहेलना पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। यहां तक तक की जब कभी बस चालक की नजर पुलिस पर पड़ती है तो बस चालक बसों में सवारियों को छतों से उतार कर अंदर ठूंस दिया जाता है। परिवहन मंत्री के आदेशों की निजी बस मालिक कोई भी परवाह नहीं करते हैं। जम्होर के प्रदीप कुमार, विकास साव, औरंगाबाद शाहपुर के बब्लू सिंह ने बताया कि झारखंड के रांची से आ रहे हैं। ट्रेन से अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन उतरे तो बस में भीड़ अत्यधिक थी। मजबूरन जान जोखिम में डालकर बस के छत के ऊपर बैठ गए। जान जोखिम में डालकर किसी तरह औरंगाबाद पहुंचे है। एमवीआई औरंगाबाद ने बताया कि ओवरलोडिंग वाहनों के खिलाफ हमेशा जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की जाती है। साथ ही वाहन चालकों से जुर्माना वसूला जाता है। वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि जो भी बस चालक ओवरलोडिंग करते पकड़े जाएंगे उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क के किनारे सजती है फल व सब्जी की दुकानें, लोगों की जान खतरे में

**परिवहन विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद**। जीटी रोड के सिक्स लेन का निर्माण कार्य चारी है लेकिन वर्तमान में अतिक्रमण और बेतरतीब पार्किंग के कारण यह सिकुड़ सी गई है। जहां-तहां सैकड़ों गाडियां खड़ी रहती हैं। सड़क पर ही सब्जी बाजार सजता है। इस कारण एनएच पर हमेशा हादसे की आशंका बनी रहती है। लेकिन एनएचएआइ और प्रशासन दोनों बेपरवाह बना हुआ है।

सड़क पर सैकड़ों की संख्या में वाहन लगे रहते हैं। यूं कह लीजिए जीटी रोड पर सिर्फ ट्रक खड़े रहते हैं। एनएच-दो एवं एनएच-139 पर सड़क किनारे वाहन लगे रहते हैं। वाहन खड़ा रहने के कारण जाम की समस्या उत्पन्न हो जाती है। एनएचएआइ के अधिकारी व्यवस्था सुचारू करने में असफल साबित हो रहे हैं। महाराणा प्रताप चौक से रायपुरा गांव मोड़ तक जीटी रोड पर दोनों तरफ वाहन खड़े रहते हैं। सड़क पर वाहनों के खड़े होने से कई बार दुर्घटना हुई है। घटना के बाद एनएचएआइ की नींद खुलती है तो अभियान चलाया जाता है फिर कुछ दिनों बाद सभी चीजें पुरानी हो जाती है। बता दें कि शहर में तीन बस स्टैंड हैं जिनमें दो की स्थिति काफी बदहाल है। रामबांध में बेहतर बस स्टैंड बना परंतु नेशनल हाइवे पर ही वाहनों को खड़ा किया जाता है। रामाबांध बस स्टैंड की स्थिति नारकीय है। सभी वाहन एनएच-139 पर लग रहे हैं। इस वजह से जाम की समस्या हो जाती है। ओवरब्रिज से लेकर रामाबांध तक दोनों तरफ बस खड़े रहते है। बीच में थोड़ी जगह बच रही है जिसमें वाहनों का आवागमन होता है। अतिक्रमण से नागरिक परेशान हैं। मदनपुर एवं शिवगंज में बस स्टैंड भी जीटी रोड पर है। मदनपुर में हाइवे पर वाहन लगे रहने के सड़क संकीर्ण हो गई है। सड़क किनारे सजती है सब्जी दुकान जले में एनएच पर ही सब्जी की दुकानें सजती है। ओबरा में औरंगाबाद-पटना मुख्य पथ पर सब्जी की दुकानें लगती है। इस कारण हमेशा जाम रहता है। हमेशा दुर्घटनाएं होती रहती है। एनएच पर सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा जमा रखा है। अधिकारियों की उदासीनता के कारण नागरिकों एवं ग्रामीणों की परेशानी बढ़ गई है। शहर के एनएच-139 पर ओवरब्रिज से रामाबांध तक सब्जी एवं चाइनीज फूड का ठेला लगा रहता है। दाउदनगर में भी यही स्थिति है। यहां भी बस सड़क पर ही खड़े होते हैं।

# अत्यधिक बारिश से सासाराम में कई कच्चे मकान ध्वस्त

## डॉ. निर्मल कुशवाहा मदद के लिए पहुंचे, मुख्यमंत्री की संवेदनशील नीति का दिया उदाहरण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो





**सासाराम/ डिहरी।** लगातार हो रही अत्यधिक बारिश के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। सासाराम विधानसभा क्षेत्र के फजलगंज के निकट के कंपनी सराय वार्ड संख्या 28 स्थित मोहल्ले में भारी तबाही देखने को मिली। बारिश के कारण करीब दो दर्जन कच्चे मकान धराशायी हो गए जिन परिवारों के घर गिरे हैं, उनमें कुंती देवी, सुरेंद्र पासवान, सोनू पासवान, बबन पासवान, राजेंद्र चौधरी, पारस शाह, धनजी डोम, श्री निवास पासवान और कन्हैया पासवान सहित कई गरीब परिवार शामिल हैं। इस आपदा की सूचना मिलते ही जदयू के वरिष्ठ नेता, जदयू सलाहकार समिति के सदस्य एवं सासाराम विधानसभा क्षेत्र के संभावित प्रत्याशी डॉ. निर्मल कुशवाहा तुरंत स्थल पर पहुंचे। उन्होंने करीब दो दर्जन प्रभावित परिवारों से मिलकर उनकी स्थिति जानी और राहत के रूप में खाद्य सामग्री व आर्थिक सहायता प्रदान की। डॉ. कुशवाहा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार हमेशा गरीबों और पीड़ितों के साथ खड़ी रही है। मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता और जनकल्याणकारी नीतियों से प्रेरित होकर उन्होंने स्वयं आगे बढ़कर इस संकट की घड़ी में सहयोग किया। उन्होंने प्रशासन से भी आग्रह किया कि पीड़ित परिवारों को शीघ्र सरकारी राहत उपलब्ध कराई जाए। स्थानीय लोगों ने डॉ. निर्मल कुशवाहा की तत्परता और मदद की भावना की सराहना की तथा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के जनसेवी नेतृत्व की प्रशंसा की जिनकी नीतियों से जनता को समय पर राहत और सहायता मिल रही है। मौके पर जदयू नेता अरविंद तिवारी, अल्पसंख्यक जदयू नेता असलम अंसारी, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुशवाहा, रिंकू सिंह सहित कई उपस्थित थे।

# ऑर्थो मैक्स मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के चुन्ना भट्टा कैनाल रोड पर बने ऑर्थो मैक्स ए मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल का रविवार को भव्य उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.आर.डी. सिंह ने फीता काटकर अस्पताल का शुभारंभ किया। इस मौके पर डॉ. कुमार अंशुमान, डॉ.सी.के. दिवाकर और डॉ.महेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। उद्घाटन के बाद संबोधित करते हुए डॉ.आर.डी.सिंह ने कहा डिहरी जैसे शहर में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस इस हॉस्पिटल का खुलना मरीजों के लिए बड़ी राहत है। डॉ. कुमार अंशुमान जैसे ऊर्जावान और अनुभवी विशेषज्ञ ने यह सराहनीय पहल की है। निश्चित रूप से उन्हें सफलता मिलेगी और 24 घंटे मरीजों को राहत उपलब्ध होगी। वहीं हड्डी, जोड़, नस एवं गठिया रोग विशेषज्ञ डॉ. कुमार अंशुमान ने कहा मरीज की संतुष्टि ही हमारा संकल्प है। हमारी कोशिश रहेगी कि इलाज और सेवा के स्तर पर किसी तरह की कमी न रहे। उन्होंने बताया कि उनके साथ इएनटी विशेषज्ञ डॉ. सी.के. दिवाकर और मधुमेह व हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ.महेंद्र प्रताप सिंह भी हॉस्पिटल में अपनी सेवाएं देंगे। भविष्य में इसे और सुविधाओं से सुसज्जित कर डिहरी ही नहीं बल्कि पूरे जिले के मरीजों के लिए एक भरोसेमंद केंद्र बनाया जाएगा।

# घनघोर बारिश में फंसे कर्मचारियों के लिए पहुंचायी राहत सामग्री

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शुक्रवार सुबह से शुरू हुई घनघोर बारिश ने प्राकृतिक आपदाओं में से एक न केवल स्थानीय मुगलसराय अपितु पंडित दीनदयाल उपाध्याय मंडल के स्थानीय रेल कॉलोनी में रह रहे रेलकर्मियों को भी झकझोर कर रख दिया। बारिश इतनी तीव्र गति से थी कि शाम होते होते रेल कॉलोनी में पानी लगना शुरू हो गया जिसमें मुख्य रूप से न्यू सेंट्रल कॉलोनी और लोको कॉलोनी तथा रोजा कॉलोनी के क्वार्टर में कर्मचारियों के किचन तक पानी पहुंच जाने से स्थिति बड़ी भयावह हो गई जिसकी सूचना शनिवार सुबह वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद को मिली और तत्काल उन्होंने सहायक कार्मिक अधिकारी सुमित चटर्जी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया जिसमें कल्याण निरीक्षक और स्काउट एंड गाइड के स्थानीय सभी ग्रुपों के वॉलिंटियर्स को नियुक्त किया गया और तत्पश्चात उनके नेतृत्व में न्यू सेंट्रल कॉलोनी लोको कॉलोनी और रोजा कॉलोनी में कर्मचारियों के रेल आवास में जाकर उन्हें एक लंच पैकेट की व्यवस्था कराई गई जिसमें 6 केला एक पैकेट ब्रेड, बिस्किट जाम और उनकी कुछ आवश्यक चीज उन्हें उपलब्ध कराई गई जिससे कर्मचारियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े और उन्हें राहत पहुंचा कर इस आपदा से निपटने हेतु एक अच्छा कार्य किया जा सके कार्मिक शाखा सदैव कर्मचारी हितों के लिए प्रयासरत रहती है, इस तरह की आपदाएं हो तो कर्मचारी कल्याण फंड में भी व्यवस्था की गई है कि प्राकृतिक आपदाओं पर मदद करने का भी प्रावधान है।

# शराब के नशे में दो चालक धराये, गए जेल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** स्थानीय पुलिस शराब के नशे में दो चालक को गिरफ्तार कर लिया। दोनों चालक का कुदरा अस्पताल में मेडिकल जांच के बाद भभुआ जेल भेज दिया। थानाध्यक्ष नंदू कुमार ने बताया कि दोनों चालक शराब के नशे में आपस में तू तू में में कर रहे थे। सूचना मिलने पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। धराये चालकों में मध्यप्रदेश के रीवां निवासी अंकुश सुधियां व उत्तरप्रदेश के मिजार्पुर निवासी गणेश मिश्रा शामिल हैं।

# अखिल भारतीय कानू हलवाई वैश्य महासभा की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** अखिल भारतीय कानू हलवाई वैश्य महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक डिहरी में संजय कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में काजू गुप्ता के निवास पर सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत अधिकार महासम्मेलन की ऐतिहासिक सफलता पर सभी सदस्यों एवं सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुई। महासम्मेलन में शामिल सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि आगामी विधानसभा चुनाव में यदि पार्टी समाज के प्रतिनिधि को टिकट प्रदान करती है तो कानू हलवाई वैश्य समाज पूर्ण रूप से सहयोग और समर्थन प्रदान करेगा अन्यथा अन्य विकल्प लेने के लिए समाज स्वतंत्र है। बैठक में राजगृही प्रसाद गुप्ता, संरक्षक चंद्रिका प्रसाद गुप्ता, केशव प्रसाद, पूर्व मुखिया हरिद्वार प्रसाद, वीरेंद्र गुप्ता, बुचन शाह, जगनाराम प्रसाद, ठाकुर प्रसाद गुप्ता, रामबली शाह, राजकुमार प्रसाद, तारकेश्वर प्रसाद गुप्ता सरपंच, महेंद्र साह, विष्णु गुप्ता, महेश कारण, सरोज गुप्ता, चंदन गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, आनंद गुप्ता, किशोर गुप्ता, मुन्ना गुप्ता सहित कई उपस्थित थे।

# विद्यालय में चोरी करते चोर को रात्रि प्रहरी ने पकड़ा

## शौचालय का रोशनदान तोड़कर चोर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** प्रेमनगर उच्च विद्यालय में विद्यालय के बागवानी में लगे लोहे की रड व जाली चोरी करते हुए रात्रि प्रहरी ने पकड़ लिया। वहीं पुलिस को सूचना दिया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर चोर को हिरासत में लिया। वहीं प्रधानाध्यापक ने आवेदन देकर चोर पर प्राथमिकी दर्ज कराई। वहीं पुलिस ने शनिवार को न्यायलय में प्रस्तुत करने ले गई। न्यायालय परिसर पहुंचते ही चोर ने शौच करने के लिए पुलिस को इशारा दिया। पुलिस ने न्यायालय परिसर में बनी शौचालय में शौच कराने ले गये। चोर शौचालय में घुसकर दरवाजा को अन्दर से बन्द कर लिया। उसके बाद चोर ने शौचालय में लगी रौशनदार तोड़ा और पुलिस को चकमा देकर चोर सोन के रास्ते फरार हो गया जब पुलिस ने चोर को शौचालय से निकलने में देर हुई तो पुलिस को शक हुआ और शौचालय का दरवाजा तोड़ा तो देखा कि चोर शौचालय का रोशनदान तोड़कर फरार है। पुलिस ने आनन-फानन में डिहरी थाना पहुंच कर चोर पर प्राथमिकी दर्ज करने का लिखित आवेदन दिया।

# डीडीयू मंडल में स्वच्छता पखवारा के अंतर्गत कई जन केंद्रित गतिविधियां आयोजित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**डिहरी ऑन-सोन।** पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल में विशेष अभियान 5.0 और स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत कई जन-केंद्रित गतिविधियां आयोजित की गईं। मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर यात्रियों के साथ 'अमृत संवाद' कार्यक्रम आयोजित किए गए जिसमें रेल सेवाओं, स्वच्छता प्रयासों और यात्री अनुभवों पर संवाद स्थापित किया गया। यात्रियों से स्टेशन परिसर में सुविधाओं, कोच स्वच्छता, शौचालयों की स्थिति और डस्टबिन के उपयोग आदि पर उनकी प्रतिक्रिया भी ली गई। ताकि उत्तम रेल सेवा सुनिश्चित करने में जन सहभागिता और जागरूकता को और अधिक बल मिले। आज पूरे मंडल में गहन सफाई अभियान चलाया गया जिसमें प्लेटफॉर्म, प्रतीक्षालय और ट्रेनों के शौचालयों की विशेष सफाई की गई। बायोटॉयलेट के समुचित उपयोग, गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और डस्टबिन के सही प्रयोग पर जागरूकता बढ़ाने हेतु पोस्टर, घोषणाएं और संवाद सत्र आयोजित किए गए। ट्रेनों में स्वच्छता पर यात्रियों से फीडबैक भी लिया गया। डीडीयू मंडल आगामी दिनों में भी अभियान की गतिविधियों को निरंतर जारी रखने हेतु प्रतिबद्ध है।

# ट्रेन में यात्री का छूटा ट्रॉली बैग सही सलामत यात्री को लौटाया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट निरीक्षक राम विलास राम ने बताया कि यात्री संतोष कुमार सिंह पिता स्व. रामप्रीत सिंह साकिन फुलवारिया थाना-बाउबढ़ी जिला-मधुबनी (बिहार) गाड़ी 03698 के कोच संख्या एस-02 बर्थ संख्या 64 पर दिल्ली से भभुआ रोड तक तक यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान यात्री का ब्लू रंग का ट्राली बैग ट्रेन में ही छूट गया और यात्री भभुआ रोड स्टेशन में उतर गए एवं भूलवश उनका एक ट्रॉली बैग ट्रेन में छूट गया। बाद में सूचना पर उक्त गाड़ी के डिहरी ऑन सोन स्टेशन आगमन पर आरपीएफ डिहरी ऑन सोन के अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा अटेण्ड कर यात्री का ट्राली बैग सही सलामत उतारकर पोस्ट पर रखा गया जिसकी सूचना से यात्री को अवगत कराया गया। सूचना पर यात्री संतोष कुमार सिंह आरपीएफ पोस्ट डिहरी ऑन सोन पर आए जिसका उचित पहचान व सत्यापन उपरांत सभी विधिक कार्यवाही करते हुये बरामद ट्राली बैग को फोटोग्राफी कर सही सलामत सुपुर्दगीनामा बनाकर सुपुर्द किया गया।

# नगर पूजा समिति ने गणमान्य लोगों को किया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** शहर में शांतिपूर्ण विजयादशमी के त्यौहार संपन्न होने के बाद नगर पूजा समिति रोहतास के द्वारा अध्यक्ष डॉक्टर शिवनाथ चौधरी की अध्यक्षता में पूजा पंडाल के सभी लाइसेंसियों को सम्मानित करने का कार्य किया गया। भारी वर्षा में भी आस्था का जनसैलाब देखने को मिला। शोभायात्रा में सनातनियों की श्रद्धा, भक्ति, उत्साह देखने लायक था। यह एक यादगार था जिसे लोग युगों-युगों तक याद रखेंगे। गौरतलब है कि नगर पूजा समिति रोहतास के द्वारा अपने लाइसेंसियों को सम्मानित करने की यह परंपरा पूजा समिति के स्थापना काल से ही चला आ रहा है। इस बार भी अपने परंपरा का निर्वहन करते हुए नगर प्रयास समिति काफी सक्रिय दिखा। अपने लाइसेंसियों के साथ-साथ शहर के गणमान्य लोगों एवं मीडिया बंधुओं को भी सम्मानित करने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में नगर पूजा समिति के संरक्षक पूर्व विधायक जवाहर प्रसाद, शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर सचिन कुमार, पूजा समिति के पूर्व अध्यक्ष सरदार मानिक सिंह, भुनेश्वर महतो, सलाहकार विजय अग्रवाल, भरत कसेरा, नित्यानंद शर्मा, गिरजा दुबे, माधुरी सोनी, भोला केसरा, मुन्ना कसेरा, डॉक्टर सरोज कुमार आदि मुख्य लोगों के साथ नगर पूजा समिति के संयोजक कमलेश महतो, महामंत्री संतोष कुमार, संगठन मंत्री राम इकबाल सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष अशोक कुमार, कोषाध्यक्ष महेंद्र कांस्यकार, उपाध्यक्ष सोनू सिन्हा, रजनीश कुमार वर्मा, मुकेश पाण्डेय, ध्रुव सिंह, इंदु चौरसिया, जग्गू चौरसिया, संदीप सोनी, मंत्री सुशील सोनी, सुरेंद्र पांडेय, सुजीत गोंड, राजेश कुमार, प्रकाश दीप, संजय कुमार, सन्नी चौरसिया, सरोज कुमार, कपिल देव चौधरी, विनीत सोनी, सोनू मेहता, बजरंगी कुमार, उमेश रावत इत्यादि लोग शामिल रहे।

# मां तुतला भवानी इको पर्यटन स्थल व मांझर कुंड सहित अन्य झरनों में जाने पर रोक



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास जिले में शुक्रवार की रात आए शक्ति सायक्लोन से हो रही लगातार बारिश की वजह से जिले के कई झरनों ने रौद्र रूप ले लिया है जिस वजह से मां तुतला भवानी इको पर्यटन स्थल एवं मांझर कुंड सहित अन्य झरनों में लोगों के प्रवेश पर अगले आदेश रोक लगा दी गई है। डीएफओ स्टेलिन फिडल कुमार ने कहा कि रोहतास वन प्रमंडल के लगभग सभी झरनों में अत्यधिक पानी एवं बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है जिसको लेकर लोगों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से यह निर्णय लिया गया है। डीएफओ रोहतास ने लोगों से अपील की है कि वे बाढ़ की स्थिति सामान्य होने तक किसी भी झरने या पहाड़ी इलाके की ओर न जाएं और मौसम विभाग की चेतावनियों पर भी ध्यान दें।

# तिलौथू में भारी बारिश से पूरे क्षेत्र में मचा हाहाकार

## आधा दर्जन से अधिक गांव जलमग्न, बिजली और सड़क संपर्क बाधित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार रात्रि को बादल फटने व भारी बारिश से तबाही मच गई जहां एक तरफ प्रखंड के आधा दर्जन से अधिक गांव जलमग्न हो गया तो वही दूसरी तरफ बिजली और सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया। घरों में बारिश के पानी घुसने से लोग सुरक्षित जगह की तलाश करते नजर आये। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन अलर्ट मोड़ पर है। इस संबंध में अंचलाधिकारी हर्ष हरि ने बताया कि पूरे क्षेत्र में बाढ़ जैसी हालत उत्पन्न हो गई है जिससे आमलोगों का जनजीवन पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। बताया कि मेरे द्वारा तिलौथू, कोडर, मदारीपुर, भरखोहा, शिवपुर,भीषड़ा और चटनी बीघा गांव का निरीक्षण कर जानमाल के नुकसान का जायजा लिया गया जहां पाया गया कि भीषणा गांव में दशरथ पासवान का पक्का मकान गिर गया जिससे एक व्यक्ति का पैर टूट गया। इसको लेकर प्रशासन अपने तरफ से पूरी कोशिश कर रही है इस भयावह स्थिति से कैसे निपटा जाए।

# खिजरसराय में विवाह मंडप के स्थल चयन पर विवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले के खिजरसराय प्रखंड की नौडीहा पंचायत में विवाह मंडप के स्थल चयन को लेकर विवाद गहरा गया है। शनिवार को नौडीहा, बड़ी नौडीहा और टोला रानीगंज के सैकड़ों ग्रामीण गया-पटना मुख्य सड़क मार्ग पर उतर आए और विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत मुख्यालय नौडीहा गांव में विवाह मंडप का शिलान्यास न होकर मुखिया के गांव पंचमहला में किया गया है। उप मुखिया और पंचायत के सरपंच ने बताया कि मुखिया विनोद पासवान का गांव पंचमहला पहले लोदीपुर पंचायत का हिस्सा था। खिजरसराय नगर पंचायत के गठन के बाद लोदीपुर पंचायत का अस्तित्व समाप्त हो गया और पंचमहला नौडीहा पंचायत में शामिल हो गया। ग्रामीणों का आरोप है कि पंचमहला के निवासी मुखिया बनने के बाद विनोद पासवान नौडीहा पंचायत के अधिकारों का हनन कर रहे हैं। नौडीहा गांव के धनंजय दास ने कहा कि नौडीहा पंचायत में पर्याप्त जगह होने के बावजूद विवाह मंडप का निर्माण यहां न करना मुखिया की तानाशाही है।

# कर्मनाशा नदी उफान पर, दुर्गावती-ककरैत मार्ग बंद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती थाना क्षेत्र में बहने वाली कर्मनाशा नदी एक बार फिर से उफान पर है। लगातार 48 घंटे से हो रही तेज बारिश के कारण नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया है। इसके चलते उत्तर प्रदेश और बिहार को जोड़ने वाला दुर्गावती-ककरैत मार्ग पूरी तरह से जलमग्न हो गया है जिससे दोनों राज्यों के बीच आवागमन बाधित हो गया है। जानकारी के अनुसार मुसाखाड़ बांध से करीब 35 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद लतीफ शाह बीयर से भी हजारों क्यूसेक पानी ओवरफ्लो होकर कर्मनाशा नदी में गिर रहा है। परिणामस्वरूप नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और महज 24 घंटे में ही नदी उफान पर आ गई। ककरैत मार्ग पर करीब ढाई से तीन फीट पानी की तेज धारा बह रही है जिससे राहगीरों के लिए यह रास्ता खतरनाक बन गया है। स्थिति को देखते हुए डायल 112 की पुलिस टीम सुरक्षा की दृष्टि से मौके पर तैनात की गई है। पुलिसकर्मी नितिन कुमार ने बताया कि नदी के बढ़े जलस्तर के कारण मार्ग पर आवागमन पूरी तरह से बंद कर दिया गया है। कोई दुर्घटना न हो, इसको लेकर पुलिस टीम लगातार आने-जाने वालों को दूसरे रास्ते से जाने की अपील कर रही है। वहीं स्थल पर मौजूद लोक जनशक्ति पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष पंडित रामप्रवेश शर्मा ने बताया कि यह मार्ग उत्तर प्रदेश के जमनिया और बिहार के दुर्गावती को जोड़ता है। जितिया पर्व के बाद इस साल पहली बार बाढ़ जैसे हालात बने हैं। उन्होंने कहा कि हर वर्ष बारिश के समय यही स्थिति उत्पन्न होती है जिससे लोगों को परेशानी होती है। शर्मा ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इस जगह पुलिया की जगह एक स्थायी पुल का निर्माण कराया जाए। ताकि हर साल होने वाली इस समस्या से स्थायी राहत मिल सके। फिलहाल नदी का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है और प्रशासन की टीम सतर्क बनी हुई है।

# छत गिरने से किशोरी की मौत, पांच घायल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के देवरिया गांव में घर से काव नदी का बाढ़ का नजारा देखते समय छत गिरने से एक किशोरी की मौत हो गई, पांच किशोर घायल हो गए। पुलिस के अनुसार भीम राम के पुराने मकान के छत से छह किशोर बाढ़ का नजारा देख रहे थे। तभी छत टूट कर गिर गया जिसमें एक नौ वर्षीय अनुराज कुमारी की मौत हो गई, पांच अन्य किशोर घायल हो गए। घायल किशोर में गुड्डू कुमार का दस वर्षीय पुत्री रितु कुमारी, मुन्ना राम के 11 वर्षीय पुत्र रजनीश कुमार व 14 वर्षीय पुत्री रोशनी कुमारी, मिधारी राम का 13 वर्षीय पुत्र कल्लू कुमार, साहब राम का 12 वर्षीय पुत्र मोहन कुमार घायल हो गए। पुलिस ने सभी को अनुमंडल अस्पताल में इलाज के बाद घर भेज दिया गया। सभी को हल्की चोट लगी थी। थानाध्यक्ष निलेश कुमार के अनुसार मृतक किशोरी देवरिया गांव में अपने मामा उदय बैठा के घर रहकर पढ़ाई करती थी। वह चकन्हा गांव के सुमेश रजक की पुत्री है।

# वृद्धजन अनुभव की अमूल्य निधि, उनका जीवन व्यथित न हो : डॉ. विवेकानंद मिश्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** डॉक्टर विवेकानंद पथ में, विश्व वृद्धजन दिवस प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठन से जुड़े कौटिल्य मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने कहा कि वृद्धजन जीवित ग्रंथ के समान होते हैं। उनके अनुभव जीवन को दिशा देने वाले दीपक की भाँति हैं। उन्होंने कहा कि यदि युवा पीढ़ी संयम और धैर्य का वास्तविक पाठ पढ़ना चाहती है तो उसे अपने ही परिवार के बुजुर्गों की छाया में बैठना होगा। यह हमारे समाज के बहुमूल्य निधि हैं उनका जीवन व्यतीत न हो हम सबों का दायित्व एवं परम कर्तव्य है।वहीं सम्मानित साहित्यकार राधामोहन मिश्र ने चिंता व्यक्त की कि वृद्धाश्रमों की बढ़ती संख्या हमारी संवेदनहीनता का प्रतीक है। उनका कहना है कि यदि हम अपने ही जीवन-दर्शन के स्रोत को अलग कर देंगे तो परिवार और राष्ट्र दोनों की जड़ें दुर्बल हो जाएंगी। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की उपेक्षा करना अपनी ही जड़ों को काटने के समान है। इसी विचार को आगे बढ़ाते हुए प्रासिद्ध समाजसेवी आयुर्वेदचार्य आचार्य सचिदानंद मिश्र नैकी ने स्पष्ट किया कि वृद्धावस्था उपेक्षा का समय नहीं है। उनके अनुसार जिस परिवार में बुजुर्गों का सम्मान होता है, वही सच्चे अर्थों में संस्कृति का पालन करता है। उनके हाथों की सेवा करना ही धर्म का पालन है और यही संतान का सबसे बड़ा सौभाग्य है।डॉक्टर मृदुला मिश्रा ने कहा कि वृद्धजन केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान के पथ-प्रदर्शक और भविष्य के संस्कार-निर्माता हैं।

# बाढ़ पीड़ितों को आपदा प्रबंधन के अंतर्गत अनुदान का किया जायेगा भुगतान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू प्रखंड क्षेत्र में बीते शुक्रवार रात्रि को हुई भारी बारिश के कारण पूरे क्षेत्र में काफी जानमाल का नुकसान हुआ है जिसको लेकर स्थानीय प्रशासन ने जांच पड़ताल कराई जिसमें पाया गया कि लगभग आधा दर्जन से अधिक गांवों में काफी जान माल का नुकसान हुआ है। साथ ही कई मिट्टी के घर और पक्का का मकान गिर गया और कई किसानों का फसल और सब्जी बर्बाद हो गया। इस संबंध में अंचलाधिकारी तिलौथू हर्ष हरि ने बताया कि रविवार को प्रखंड के सभी पंचायत में राजस्व कर्मचारी व पंचायत सचिव के द्वारा क्षतिग्रस्त हुए घरों का सर्वेक्षण किया गया जिसमें भीषणा गांव में एक, सरैया गांव में दो, चंदनपुर में 16, तिलौथू में 10, भदोखरा में 25 सहित कुल 54 घरों का क्षतिग्रस्त होने का सत्यापन किया गया। वहीं उन्होंने बताया कि क्षतिग्रस्त हुए घरों के सभी पीड़ितों को आपदा प्रबंधन विभाग की ओर से अनुदान की प्रक्रिया को पूर्ण कर उनको अनुदान दिया जाएगा।

# चिरप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर नीतीश सरकार को दिया धन्यवाद

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** पिछले एक दशक से बिहार के अधिवक्ताओं द्वारा लगातार किए जा रहे मांगों को पूरा करने पर स्थानीय अधिवक्ताओं ने नीतीश सरकार को साधुवाद दिया। बताते चलें कि शनिवार को बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित गजट में नए अधिवक्ताओं को 3 साल तक 5000 प्रति माह स्टाइपेंड देने, महिला अधिवक्ताओं हेतु पिंक शौचालय का निर्माण करने, अधिवक्ता कल्याण कोष में 30 करोड़ रुपए देने एवं बिहार के सभी अधिवक्ता बार संघों को इ लाइब्रेरी हेतु 500000 देने का निर्णय कर नीतीश सरकार ने अधिवक्ताओं द्वारा लंबे समय से किये जा रहे मांगों को पूरा करने का कार्य किया है। इस फैसले का स्वागत करते हुए रोहतास जिला जदयू विधि प्रकोष्ठ के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार ने बताया कि जदयू विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष आनंद कुमार के अथक प्रयासों के चलते नीतीश सरकार द्वारा यह प्रस्ताव पारित किया गया है। धन्यवाद देने वालों में रोहतास जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष मारकंडेय सिंह, रोहतास बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मुक्ति नारायण तिवारी, महासचिव शैलेंद्र नाथ ओझा, अनिल कुमार सिंह सहित जदयू विधि प्रकोष्ठ के पदाधिकारी धीरज कुमार सिंह, हुसैन इजहार अंसारी, पंकज सिंह, शाहिना कमर, उमेश शर्मा, राम अयोध्या सिंह, सुरेश कुमार सिंह, अंगेश कुमार सिंह, मुनमुन पांडेय सहित कई अधिवक्ता शामिल हैं।

# कसबा ट्रेन हादसा : अब हादसा नहीं, नृशंस साजिश का चेहरा दिखा रहा यह मंजर

## दरभंगा निवासी ठेकेदार का नाम आया सामने, बालश्रम की भयावह हकीकत पर उठे गंभीर सवाल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** कसबा प्रखंड में घटित वह हृदयविदारक ट्रेन हादसा — जिसने एक ही पल में चार मासूम जिंदगियों को निगल लिया और एक बालक को जीवनभर की विकलांगता सौंप दी — अब किसी सामान्य दुर्घटना की परिभाषा में फिट नहीं बैठता। जांच की परतें खुलते ही यह पूरा प्रकरण बालश्रम, ठेकेदारी शोषण और निर्दय मानवता की उस काली तसवीर को उजागर कर रहा है, जहां मजबूरी को मजदूरी समझ लिया गया और बचपन को कामगार बना दिया गया।

दरअसल, जिन बच्चों की लाशें वंदे भारत ट्रेन की पटरी पर बिखरी मिलीं, वे राह चलते मुसाफिर नहीं थे। वे उस गांव के अबोध श्रमिक थे, जिन्हें जीवन की ककहर सिखाने से पहले ही मखाना फौरी की कड़ाही में झोंक दिया गया था। आरोप है कि इन्हें गांव के कुछ कथित ठेकेदारों द्वारा दरभंगा निवासी अमर कुमार मल्लाह के निर्देशन में कटिहार जिले के सपनी स्थित मखाना फौरी केंद्र पर काम के लिए भेजा गया था। वही अमर मल्लाह, जिसकी ठेकेदारी अब इस हादसे के केंद्र में आ चुकी है। परिजनों ने विधायक कृष्ण कुमार ऋषि और प्रशासनिक अधिकारियों के समक्ष यह चौंकाने वाला खुलासा किया कि ठेकेदार अमर मल्लाह के संपर्क में चांदपुर भंगहा का निवासी मुकेश



कुमार ऋषि था, जो वहां मुंशी के रूप में कार्यरत था। बताया गया कि इन पांचों बच्चों की जवाबदेही उसी के कंधों पर थी। बच्चों को मजदूरी के नाम पर कठिन श्रम कराया जाता था, लेकिन उनकी मेहनत की कीमत उन्हें कभी नहीं मिली। विरोध करने पर उन्हें धमकाया गया, पीटा गया और अंततः जब उन्होंने इस बंधन से भागने की कोशिश की — तभी यह 'हादसा' घटित हुआ या कहें कि 'सच को दफन करने की साजिश' पटरी पर उतार दी गई। ग्रामीणों का दावा है कि यह घटना महज संयोग नहीं थी। वे सवाल उठा रहे हैं— आखिर वे बच्चे आधी रात को रास्ता भटककर कसबा तक पहुंचे ही कैसे? क्या यह सचमुच भटकाव था, या फिर एक योजनाबद्ध रास्ता, जहां उन्हें उनकी आवाज के साथ हमेशा के लिए खामोश कर दिया गया?

अब यह प्रश्न प्रशासन के सामने है — क्या यह रेल हादसा था, या फिर बालश्रम के खिलाफ उठती आवाजों की संगठित हत्या?

गांव के लोग ठेकेदार की भूमिका पर उंगली उठा रहे हैं। उनका कहना है कि आज भी अमर मल्लाह के घर पर इसी क्षेत्र के दो बच्चे काम कर रहे हैं। यदि यह सच है, तो यह न केवल कानून का उल्लंघन है बल्कि उस सामाजिक व्यवस्था पर भी कलंक है जो बचपन को रोटी के बदले बेड़ियों में जकड़ती है।

प्रशासन ने इस भयावह सच्चाई को गंभीरता से लिया है। अनुमंडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि श्रम विभाग से संपर्क स्थापित कर सभी मखाना फौरी स्थलों को चिन्हित करने और वहां छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा— 'नाबालिग बच्चों से श्रम कराना अपराध है, और ऐसे ठेकेदारों पर अब कानून का शिकंजा कसेगा।'

साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि यह पता लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा कि किन गांवों से कितने बच्चे पलायन कर बाहरी जिलों में कार्यरत हैं। यह हृदयविदारक घटना अब एक केस फाइल नहीं, बल्कि समाज के उस तंत्र का आईना बन चुकी है जिसने गरीबी के नाम पर बचपन की लाशें बिछा दीं।

### अब सवाल है

क्या जांच एजेंसियां सच के उस छोर तक पहुंच पाएंगी, जहां से यह साजिश बुनी गई?

या फिर यह हादसा भी उन अनगिनत फाइलों में दफन हो जाएगा, जहां 'मजबूरी' का नाम देकर हर अपराध को वैधता मिल जाती है?

# नशीले पदार्थ तस्करों पर कड़ा प्रहार मझुआ प्रेमराज पुल पर तीन गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन की निगाहें शहर और गांव के हर चौक-चौराहे पर पैनी बनी हुई हैं। पूर्णिया पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जिले में वाहन चेकिंग अभियान लगातार चल रहा है। अपराधियों और नशीली मादक पदार्थ तस्करों में पुलिस की बढ़ती सतर्कता का खौफ साफ देखा जा रहा है।

इसी कड़ी में मझुआ प्रेमराज पुल समीप सरसी पुलिस ने शुक्रवार को वाहन चेकिंग के दौरान स्मैक और इलेक्ट्रॉनिक तराजू के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए युवकों की पहचान अमित कुमार यादव (23 वर्ष) और छोटू कुमार (19 वर्ष), दोनों सिहं जियनगंज दक्षिण टोला, थाना सरसी के निवासी के रूप में हुई। एसडीपीओ शैलेश प्रीतम ने बताया कि बाइक सवार युवकों को रोकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने भागने का प्रयास किया। तत्पर पुलिस बल ने उन्हें पकड़कर तलाशी ली। तलाशी के दौरान स्मैक, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, दो मोबाइल और एक बाइक बरामद किया गया।पुलिस ने दोनों युवकों से पूछताछ के बाद उनके साथ संलिप्त मो0 नजीर (35 वर्ष), सादर बुढ़िया, रहमतपुर, थाना सरसी को भी धर दबोचा। सभी तीनों के खिलाफ अग्रतर कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अब स्नातक युवाओं के लिए भी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** बिहार सरकार के सात निश्चय कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना अब स्नातक (कला, विज्ञान और वाणिज्य संकाय) युवाओं के लिए भी खोली गई है। इस योजना का उद्देश्य 20 से 25 वर्ष आयु वर्ग के बेरोजगार युवाओं को रोजगार खोजने में सहायता प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना का शुभारंभ 2 अक्टूबर 2016 को किया गया था। प्रारंभिक रूप से यह योजना केवल 12वीं या समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण बेरोजगार युवाओं को लाभ प्रदान करती थी। अब इसे विस्तारित कर स्नातक उत्तीर्ण युवाओं को भी शामिल किया गया है। योजना के तहत पात्र युवा और युवतियाँ, जो राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/ महाविद्यालय/ संस्थान से स्नातक हो चुके हैं और रोजगार/स्वरोजगार के अवसर नहीं प्राप्त किए हैं, कहीं अध्ययनरत नहीं हैं तथा रोजगार की तलाश में हैं, उन्हें प्रति माह 1000 रुपये की दर से अधिकतम दो वर्ष तक स्वयं सहायता भत्ता दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, योजना लाभार्थियों को रोजगार/ स्वरोजगार हेतु क्षमतावर्धन के लिए निःशुल्क कौशल विकास प्रशिक्षण भी प्रदान किया जाएगा। यह प्रशिक्षण श्रम संसाधन विभाग, बिहार सरकार द्वारा आयोजित किया जाएगा। राज्य सरकार का लक्ष्य प्रति वर्ष पाँच लाख लाभार्थियों को इस योजना का लाभ देना है, जिसका अनुमानित व्यय 600 करोड़ रुपये प्रति वर्ष है। यह पहल न केवल बेरोजगार युवाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करेगी, बल्कि उन्हें स्वरोजगार और दक्षता वृद्धि के माध्यम से सशक्त भी बनाएगी।

# अधेड़ व्यक्ति का शव पोखर से बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**केनगर/पूर्णिया।** केनगर थाना क्षेत्र के बिठनौली पूरब पंचायत अंतर्गत वार्ड संख्या-1 स्थित शिशुआ मुसहरी टोला में शुक्रवार की शाम से लापता अधेड़ व्यक्ति का शव शनिवार की सुबह पोखर से बरामद किया गया। केनगर थाना पुलिस ने मृतक की पहचान 50 वर्षीय होरेन ऋषि, पुत्र स्व. गनोरी ऋषि के रूप में की है।थानाध्यक्ष मुन्ना कुमार पटेल ने बताया कि शव की बरामदगी स्थानीय गोताखोरों की मदद से हुई। उन्होंने कहा कि मृतक शुक्रवार की शाम अपने घर से लापता था और शनिवार की सुबह शिशुआ पोखर से मृत अवस्था में पाया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच पूर्णिया भेज दिया है। घटना से मृतक के परिजनों और स्थानीय लोगों में गहरा शोक व्याप्त है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई के लिए हर संभावित पहलू पर ध्यान दे रही है।

# लापरवाही की मिट्टी में दबता जनहित, इच्छामती धार पर बना पुल बना मुसीबत का पुलिंदा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अमौर/पूर्णिया।** तीयरपारा पंचायत स्थित इच्छामती धार पर बना पुल इन दिनों लोगों के लिए राहत से अधिक मुसीबत का कारण बन गया है। पुल के पश्चिमी छोर का एप्रोच ध्वस्त हो जाने से स्थानीय लोगों का आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या वर्ष दर वर्ष दोहराई जाती है, परंतु समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं होती। ऊंचाई अधिक होने के कारण हल्की बारिश या जलजमाव की स्थिति में इसका हिस्सा बार-बार कट जाता है। संवेदक द्वारा हर बार केवल मिट्टी डालकर खानापूर्ति कर दी जाती है, जिससे कुछ ही दिनों में एप्रोच पुनः ध्वस्त हो जाता है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस स्थिति ने लोगों को रोजमर्रा की परेशानियों में डाल दिया है। टूटा हुआ एप्रोच वाहन चालकों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। हल्की सी चूक पर वाहन सीधे नदी में गिरने की आशंका बनी रहती है। रात्रि के समय यह खतरा और भी बढ़ जाता है क्योंकि अंधेरे में टूटा हुआ हिस्सा स्पष्ट



दिखाई नहीं देता। ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल सुविधा का नहीं, बल्कि जनसुरक्षा का गंभीर प्रश्न है। मोहम्मद सिराज, मोहम्मद दिल नवाज, अशरफ, इम्तियाज, इश्तियाक, नौशाद, इलियास, मुदस्सिर, नसर, रौनक, सबा, गुलरेज समेत पंचायत के मुखिया नैयर आलम ने जिला पदाधिकारी से शीघ्र स्थायी एप्रोच निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने संवेदक पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि हर बार अस्थायी मिट्टी कार्य कर समस्या को दबाने का प्रयास किया जाता है, जिससे कुछ ही दिनों में हालात फिर जस के तस हो जाते हैं। मुखिया नैयर आलम ने कहा कि यह मामला अब प्रशासनिक तत्परता की कसौटी पर है। जब तक पक्के ढंग से एप्रोच का निर्माण नहीं होगा, तब तक यह स्थिति बार-बार सामने आती रहेगी और किसी दिन बड़ा हादसा निश्चित है। उन्होंने जिला प्रशासन से शीघ्र ठोस पहल करने की अपील की है। ग्रामीणों की समस्या पर संज्ञान लेते हुए विधायक अख्तरुल इमान

**■ एप्रोच ध्वस्त होने से आवागमन बाधित, ग्रामीणों में आक्रोश, विधायक अख्तरुल इमान ने लिया संज्ञान**

स्वयं मौके पर पहुंचे और पुल की वास्तविक स्थिति का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने उच्चाधिकारियों से बात कर एप्रोच मरम्मत कार्य को तत्काल प्रारंभ करने का निर्देश दिया। विधायक ने कहा कि जनता की सुरक्षा सर्वोपरि है, किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस समस्या का समाधान शीघ्र कराया जाएगा ताकि लोगों की आवाजाही फिर से सुचारु हो सके। जब लापरवाही आदत बन जाए, तो हादसे नियति बन जाते हैं। इच्छामती धार का यह एप्रोच प्रशासनिक संवेदनशीलता की नहीं, बल्कि जवाबदेही की मांग करता है। समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए, तो यह टूटा एप्रोच सिर्फ मिट्टी नहीं, किसी की जिंदगी भी निगल सकता है।

# चंपानगर पुलिस की लगातार सक्रियता : चोरी की मोटरसाइकिल के साथ अभियुक्त गिरफ्तार, अपराधियों को चेतावनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चंपानगर/पूर्णिया ।** चंपानगर थाना की पुलिस ने अपनी सतर्कता और चुस्त-दुरुस्त कार्रवाई से एक बार फिर यह साबित कर दिया कि अपराधियों के लिए शहर में कोई सुरक्षित ठिकाना नहीं है। चोरी की मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस की चौकसी और जांच क्षमता के सामने टिक नहीं पाया।गिरफ्तार अभियुक्त मो. दुरुल, पिता मो. मोजीब, निवासी खुट्टी हसैली, थाना श्रीनगर, जिला पूर्णिया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई जारी है और उसे न्यायिक प्रक्रिया के तहत सख्त दायरे में लाया जाएगा। यह गिरफ्तारी पुलिस की लगातार सफलता की एक और मिसाल है, जो यह दशार्ती है कि चंपानगर पुलिस अपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए लगातार सक्रिय है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिस की यह सतर्कता और लगातार कार्रवाई अपराधियों के लिए चेतावनी का काम करती है। चंपानगर पुलिस न केवल अपराधियों को पकड़ने में तेजी दिखा रही है, बल्कि समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित करने में भी प्रतिबद्ध है।

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि वे अपने वाहनों और कीमती सामान की सुरक्षा में सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत जानकारी थाने को दें और पुलिस के प्रयासों में सहयोग करें।

चंपानगर पुलिस की यह सफलता यह संदेश देती है कि अपराध रोकने के लिए कानून की नजर हमेशा सतर्क है और समुदाय के लिए सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस की प्रतिबद्धता लगातार बढ़ रही है।

# आदर्श अध्यापक प्रो. शंभू प्रसाद यादव का निधन, शिक्षाजगत में शोक की लहर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**बनमनखी/पूर्णिया।** आनंदी जानकी महिला महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग के प्रोफेसर शंभू प्रसाद यादव के असामयिक निधन से शिक्षा जगत में शोक की लहर दौड़ गई। कुछ दिनों से बीमार चल रहे प्रो. यादव का जाना मानो ज्ञान और सद्गुण के मंदिर में एक दीपक के बुझ जाने जैसा है। उनके निधन से महाविद्यालय और पूरे क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है।

महाविद्यालय के सचिव अवधेश कुमार साह एवं प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर महेंद्र राय मृतक के पैतृक आवास भंगहा पहुंचकर परिजनों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर सचिव अवधेश कुमार साह ने परिवार को 50 हजार रुपया की आर्थिक मदद प्रदान की और मृतक के पुत्र को महाविद्यालय में नौकरी देने की घोषणा कर यह संदेश दिया कि संस्था अपने आदर्श शिक्षकों के परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। प्रो. महेंद्र राय ने भावुक होकर कहा 'प्रो. शंभू प्रसाद यादव मृदुभाषी, मिलनसार और विद्यार्थियों के प्रति समर्पित शिक्षक थे। उनके जाने से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। उनका व्यक्तित्व और शिक्षण कला हमेशा हमारे बीच जीवित रहेगी।' श्रद्धांजलि सभा में कृष्ण देव यादव (पूर्व प्राचार्य, एलपीएम कॉलेज), उमेश प्रसाद यादव (सेवानिवृत्त राजस्व कर्मचारी), मनोज यादव (राष्ट्रीय जनता दल, महासचिव), आलोक कुमार यादव (पैक्स अध्यक्ष) समेत सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन रखकर पुष्पांजलि अर्पित की।

# चोरी का पदार्फाश अभियुक्त गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** सहायक खजांची थाना पुलिस ने चोरी की वारदात में एक अभियुक्त को धर दबोचा है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से एक इलेक्ट्रॉनिक पानी की मोटर, एक एलईडी लाइट और 15 मीटर तार जप्त किया है।

गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मो॰ शाहिद (24 वर्ष), पुत्र मो॰ इश्ताक, निवासी सा॰ सिपाही टोला, वार्ड नं॰ 06, थाना के0हाट, जिला पूर्णिया के रूप में हुई है। थाना पुलिस ने बताया कि अभियुक्त के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पुलिस ने शहरवासियों से अपील की है कि संदिग्ध गतिविधियों पर तुरंत सूचना दें, ताकि चोरी जैसी घटनाओं पर समय रहते नियंत्रण पाया जा सके।

# प्रत्याशी चयन की दिशा में जन सुराज पार्टी की जोरदार तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रुपौली/भवानीपुर/पूर्णिया।** जन सुराज पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारी को गति देते हुए पूर्णिया के रूपौली विधानसभा क्षेत्र में भवानीपुर धर्मशाला में महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य संभावित प्रत्याशियों पर विचार-विमर्श करना और संगठन के प्राथमिक सदस्यों की राय के आधार पर प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया को अंतिम रूप देना था।

बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राकेश कुमार यादव 'बंटी'ने की, जबकि राज्य मुख्यालय से नियुक्त पर्यवेक्षक रणधीर कुमार रमन 'शंभु' और राजेश ठाकुर की निगरानी में कार्यक्रम संपन्न हुआ। बैठक में सभी संभावित प्रत्याशियों—अमोद मण्डल, कुमार नरेंद्र और नैयर आलम ने अपनी उम्मीदवारी का पक्ष रखा और अपने विचार साझा किए। संगठन से जुड़े पदाधिकारी और



सभी संबंधित प्रखंड अध्यक्ष भी बैठक में शामिल हुए। उम्मीदवारों की बातों को सुनने के बाद संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों ने अपनी राय बंद लिफाफे में पर्यवेक्षक को सौंपी। राज्य मुख्यालय स्तर के पर्यवेक्षक इन मतों के आधार पर रिपोर्ट तैयार कर पार्टी नेतृत्व को प्रस्तुत करेंगे। पार्टी के अनुसार, यह प्रक्रिया 3 से 8 अक्टूबर तक बिहार के सभी विधानसभाओं में आयोजित की जा रही है। इससे पहले प्रत्याशी चयन के लिए संगठन के विभिन्न स्तरों से राय ली जा चुकी है। अब अंतिम निर्णय के लिए संस्थापक और प्राथमिक सदस्यों की राय निर्णायक होगी।

कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष राकेश कुमार यादव 'बंटी', महिला अध्यक्ष सुनीता सिंह, कार्यालय प्रभारी अमरनाथ सिंह, पर्यवेक्षक रणधीर कुमार रमन 'शंभु' एवं राजेश ठाकुर, और सैकड़ों संस्थापक सदस्य उपस्थित थे।

# राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक कैलाशपति मिश्र की जयंती पर श्रद्धांजलि सभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पूर्णिया।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल द्वारा रविवार को गुलाबबाग स्थित विधायक जनसंपर्क कार्यालय में भाजपा के वरिष्ठ नेता, संगठन शिल्पी और राष्ट्रनिष्ठा के प्रतीक स्वर्गीय कैलाशपति मिश्र की जयंती पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस अवसर पर सदर विधायक विजय कुमार खेमका ने कहा कि श्रद्धेय कैलाशपति मिश्र ने अपना संपूर्ण जीवन राष्ट्र और समाज की सेवा के लिए समर्पित कर दिया। भारतीय जनता पार्टी के शासनकाल में उन्होंने जिस सूझबूझ और दृढ़ निष्ठा के साथ कार्य किया, वह संगठन के लिए प्रेरणास्रोत है। वे भाजपा के विस्तार के अग्रदूत रहे और संगठन को सशक्त दिशा प्रदान की। उनका जीवन हम सभी के लिए राष्ट्रसेवा,




संगठननिष्ठा और जनकल्याण का मार्गदर्शक है। सदर विधायक ने आगे कहा कि आज आवश्यकता है कि हम सब उनके जीवन मूल्यों को अपनाते हुए संगठन को नई ऊर्जा दें। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए जनसंपर्क अभियान को गति देना और पूर्णिया में पुनः कमल खिलाना प्रत्येक कार्यकर्ता का संकल्प होना चाहिए। उन्होंने विश्वास व्यक्त

**■ विधायक विजय खेमका ने कहा- कैलाशपति मिश्र के आदर्शों से संगठन को और सशक्त बनाना हमारा दायित्व**

किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए फिर से प्रचंड बहुमत के साथ सत्ता में लौटेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम में भाजपा नेता अरुण राय पुलक एवं संजय मिश्रा ने बूथ स्तरीय सुदृढ़ीकरण और आगामी कार्यक्रमों पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर नगर पूरब मंडल अध्यक्ष पवन साहनी, रुपेश शर्मा, पप्पू कामती, जितेंद्र मंडल, संजय सिंह, अमित बबलू, मुकेश मिश्रा, प्रमोद केसरी, दिनेश महलदार, जय किशन साह, अविनाश यादव, आशा सिंह, पुष्पा राय, टुंपा बरई सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चार सूत्री मांगों को लेकर सेविकाओं की बैठक आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बनमनखी/पूर्णिया।** आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका ने अपनी चार सूत्री मांगों को लेकर सिकलीगढ़ धरहरा स्थित भक्त प्रह्लाद स्तंभ परिसर में अहम बैठक आयोजित की। बिहार राज्य आंगनवाड़ी संघ के महासचिव रमेश यादव की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में लगभग 150 सेविकाओं ने भाग लिया। बैठक में उपस्थित सेविकाओं ने बताया कि प्रखंड के पूर्व अध्यक्ष और महासभा अध्यक्ष अस्वस्थ होने के कारण कार्यों में लापरवाही बरती जा रही है। इसी को देखते हुए दोनों कमिटी को अस्थायी रूप से भंग कर दिया गया और अगले आदेश तक अध्यक्ष पद का प्रभार रमेश यादव को सौंपा गया।

रमेश यादव ने मीडिया को बताया कि बैठक का मुख्य उद्देश्य



उनकी चार प्रमुख मांगों को उजागर करना था। सरकार द्वारा पहले गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया गया था, लेकिन पिछले छह माह से गैस नहीं मिल रही है, जिससे बच्चों के पोषाहार बनाने में कठिनाई हो रही है। इसके अलावा, एफआरएस के बिना कोई काम नहीं होता, लेकिन अब तक मोबाइल और मोबाइल रिचार्ज का पैसा उपलब्ध नहीं कराया गया है। सेविकाओं ने नए मोबाइल फोन और रिचार्ज की व्यवस्था की मांग की है। बच्चों के पोषाहार बनाने के लिए

**■ गैस, मोबाइल, बर्तन और चावल के लिए आंगनबाड़ी सेविकाओं ने जताया विरोध**

आवश्यक बर्तन भी उपलब्ध कराने की मांग की गई है। साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र तक चावल पहुंचाने का किराया भी नहीं दिया जाता, जिसे तुरंत सुनिश्चित करने की अपील की गई है। बैठक में यह निर्णय लिया गया कि अगर इन मांगों को शीघ्र पूरा नहीं किया गया, तो सेविका एवं सहायिका वृहत स्तर पर आंदोलन करने को तैयार हैं।

# नीतीश कुमार को काम के आधार पर मिल रहा अपार समर्थन : वीरेन्द्र सिंह

## पूर्व सांसद वीरेन्द्र सिंह नबीनगर विधानसभा क्षेत्र में दूसरे चरण के तहत कर रहे जन संवाद यात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह ने कहा है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को काम के आधार पर लोगों के बीच जोरदार समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कानून व्यवस्था, शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, पुल पुलिया, बिजली सुधार, महिला सशक्तीकरण, अल्पसंख्यक कल्याण, महादलित समुदाय, जाति आधारित जनगणना, किसान कल्याण आदि के क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किया है। सात निश्चय-2 के तहत दस लाख नौकरियां दी गई हैं। वे रविवार को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बारून प्रखंड के रिउर ग्राम पंचायत में दूसरे चरण के तहत 'जन संवाद यात्रा' कर रहे थे। पूर्व सांसद ने ग्रामीणों से अपील की कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएँ और बिहार के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार को सुशासन, सुरक्षा और सम्मान का पर्याय बना दिया है, और आने वाले समय में यह राज्य विकास की नई ऊंचाइयों को छुएगा। बिहार में जाति आधारित जनगणना कराकर मुख्यमंत्री ने ऐतिहासिक कार्य किया है। इससे समाज के हर तबके को अपने विकास का अधिकार सुनिश्चित करने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। बारून प्रखंड जदयू अध्यक्ष उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि पूर्व सांसद ने मल्लू खैरा, बतसपुर, नकाईन, गोपी बिगहा, लोहा पिपर, बहुआरा, बसावन बिगहा, साहू खाप, रमडीहा, बघोईया, सोहदा, बाबुराम बिगहा, सेन्दो खाप, रिउर, बहुरिया बिगहा एवं ईगुना, मालपुर गांव में जन संवाद यात्रा किया। इस दौरान जगहऽजगह ग्रामीणों ने पूर्व सांसद का माला पहना कर स्वागत भी किया। यात्रा में पूर्व राज्य परिषद सदस्य अनिल कुमार यादव, बारून किसान प्रकोष्ठ अध्यक्ष अशोक कुमार सिंह, जिला महासचिव उदय पटेल, रमेश कुमार, महेंद्र सिंह, संजय पटेल, मधु सिंह, अशोक पटेल, रंजीत शर्मा, दिलीप सिंह, अरुण कुमार आदि उपस्थित रहे। पूर्व सांसद की जन संवाद यात्रा को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।



# नक्सलियों की साजिश नाकाम डेटोनेटर व केबल बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** आगामी विधान सभा चुनाव को ध्यान में रखकर पुलिस के स्तर पर जिले के सभी इलाकों को चिह्नित कर अपराध व नक्सलवाद के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी के मद्देनजर औरंगाबाद में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जिला पुलिस बल को बड़ी सफलता हाथ लगी है। 47 डेटोनेटर एवं केबल (तार) को बरामद किया गया। इस कार्रवाई से नक्सलियों के हौसले पस्त हुए हैं। यह कार्रवाई मदनपुर थाना क्षेत्र के लडुड्या पहाड़ी क्षेत्र में की गई। बरामद सभी डेटोनेटर को यथावत स्थान पर ही सुरक्षात्मक तरीके से विनष्ट किया गया। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि सुरक्षा बलों की भनक पाकर नक्सली फरार हो गए। इस दौरान लडुड्या पहाड़ी क्षेत्र से 47 डेटोनेटर एवं केबल (तार) को बरामद किया गया। इस कार्रवाई से नक्सलियों का मनोबल काफी गिरा हुआ है। नक्सली गतिविधि पर अंकुश लगाये जाने हेतु लगातार छापामारी अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक ने साफ किया है कि कहीं से भी किसी तरह की संदिग्ध गतिविधि की सूचना मिलने पर दोषी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।



# सर्पदंश से युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के बड़की सलैया गांव में घर में काम करने के दौरान विषैला सांप के काटने से युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान उस गांव निवासी भूषण राम के पुत्र मिथलेश राम के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि मिथिलेश राम ने गांव के बाहर अपने मकान का निर्माण कराया है। कुछ दिन पूर्व मकान में मिट्टी की भराई की गई थी। रविवार को पानी डालकर लोहे की रॉड से मिट्टी को बैठा रहा था। इसी दौरान किसी सांप ने उसे काट लिया। चीखने-चिल्लाने की आवाज सुनकर घर के परिजन पहुंचे और उसे इलाज कराने के बजाय झाड़ फूंक कराने ले गए। घंटों तक झाड़-फूंक का दौर चला लेकिन उसकी स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ। अंततः झाड़-फूंक के दौरान ही उसकी मौत हो गई। इसके बाद परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सक ने जांच के उपरांत मृत घोषित कर दिया। चिकित्सकों द्वारा मौत घोषित किए जाने के बाद भी परिजनों को विश्वास नहीं हुआ। इसके बाद परिजन अंधविश्वास में पड़कर सदर अस्पताल में ही ओझा गुनी व देवी-देवताओं का नाम लेकर जयकारा लगाने लगे। परिजन मिथिलेश को झाड़-फूंक कराने के लिए मदनपुर प्रखंड क्षेत्र के वार गांव स्थित बकस बाबा मंदिर लेकर चले गए। परिजनों ने बताया कि मिथिलेश दूसरे प्रदेश में रहकर मजदूरी करता था। उसकी मौत के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। थानाध्यक्ष ने बताया कि सांप काटने से मौत की जानकारी नही है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नियोजित शिक्षकों को मिले कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** बिहार पंचायत नगर प्रारंभिक शिक्षक संघ के तत्वावधान में नियोजित शिक्षकों के जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन संघ के जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में की गई। यह सम्मेलन रविवार को मदनपुर प्रखंड मुख्यालय परिसर स्थित बहुद्देशीय भवन में आयोजित किया गया। सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि रविन्द्र कुमार यादव व शिक्षक संघ के अधिकारियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन बलवंत कुमार सिंह ने किया। सम्मेलन का मुख्य एजेंडा सभी नियोजित शिक्षकों को कालबद्ध प्रोन्नति का लाभ, सभी नियोजित शिक्षकों को स्नातक ग्रेड में पदोन्नति, कालबध्द प्रोन्नति और स्नातक ग्रेड में पदोन्नति के उपरांत अहर्ता पूरा करने वाले सभी नियोजित शिक्षकों को मिडिल स्कूल के प्रधानाध्यापक में पदोन्नति, नियामावली के अनुसार इपीएफ की कटौती योगदान तिथि से करना प्रारंभ करने के साथ सभी प्रमोशन के बाद मिलने वाले पूर्व से वित्तीय लाभ को एरियर के रुप में शीघ्र भुगतान करना शामिल था। वक्ताओं ने कहा कि इस सम्मेलन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट किया गया। नियोजित शिक्षक सरकार के सभी आदेशों, निर्देशों का पालन निष्ठापूर्वक करते हैं। सरकार के कार्यक्रमों को सफल बनाने में नियोजित शिक्षकों की भूमिका है। सरकार का भी दायित्व बनता है कि इन मांगों को पूरा करें। सम्मेलन में प्रदेश उपाध्यक्ष सह जिलाध्यक्ष जयंत कुमार सिंह, जिला कोषाध्यक्ष कैसर नवाब, जिला सचिव राजीव कुमार यादव, कामेश्वर कुमार, उदय नारायण सिंह, रामवृक्ष सिंह भोक्ता, दिनेश कुमार, हैदर अली, जयकिशोर यादव, मनीष कुमार, संजय कुमार सुमन, सत्येन्द्र कुमार, कृष्णकांत कुमार, रिता कुमारी, शोभा कुमारी, पुष्पा कुमारी, रिना कुमारी सिन्हा, महजबिन बानो, नितु कुमारी, किरण कुमारी, लीला कुमारी सहित काफी संख्या में नियोजित शिक्षक शामिल थे।



# सड़क दुर्घटना में अबोध बच्चा समेत छह लोग घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के घटराईन के समीप रविवार को एक ऑटो असंतुलित होकर डिवाइडर से टकरा गई जिससे ऑटो सवार दो वर्षीय बच्चा समेत छह लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान कुटुंबा प्रखंड के सड़सा गांव निवासी अरविंद सिंह, उनकी पत्नी नीमा देवी, संजय सिंह के पुत्र विकास कुमार, मदनपुर प्रखंड के जमुआईन निवासी पारस रिकियासन, पत्नी आरती देवी एवं दो वर्षीय पुत्र विकास कुमार के रूप में की गई है। सभी घायलों का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार सभी लोग ऑटो से मदनपुर की तरफ आ रहे थे तभी उस जगह ऑटो अनियंत्रित होकर डिवाइडर में जा टकराई जिससे यह हादसा हो गया। इसके बाद घायलों को स्थानीय लोगों के सहयोग से सीएचसी में भर्ती किया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद आरती देवी एवं विकास कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। वहीं अन्य घायलों की स्थिति सामान्य बताई जा रही है। घटना की जानकारी घायलों के परिजनों को दे दी गई है। घटना के बाद चालक ऑटो लेकर मौके से फरार हो गया।

# भाजपा सांसद डॉ. महेश शर्मा ने देव सूर्य मंदिर में टेका मत्था

## ऐतिहासिक महत्व को दर्शाती है यहां की नक्काशीदार पत्थर की संरचनाएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** भारत सरकार के पूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री सह उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा एवं भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह ने रविवार को देव सूर्य मंदिर का दर्शन किए। देव पहुंचने पर लोगों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। साथ ही देव सूर्य मंदिर न्यास परिषद के सदस्यों द्वारा अंग वस्त्र देकर स्वागत अभिनन्दन किया गया। मौके पर पूर्व केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि मैं जिस पावन देव सूर्य मंदिर के बारे में सुना था आज मुझे इस मंदिर में पूर्व सांसद सुशील कुमार सिंह एवं एनडीए कार्यकर्ताओं के साथ दर्शन एवं पूजन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। यह भारत का एकमात्र सूर्य मंदिर है जिसका मुख पूर्व दिशा की ओर न होकर पश्चिम दिशा की ओर है। इस मंदिर में छठ पूजा के दौरान भक्तों की भारी भीड़ होती है और भगवान सूर्य देव को अर्घ्य समर्पित किया जाता है। इस मंदिर में जटिल रूप से नक्काशीदार पत्थर की संरचनाएं इसके ऐतिहासिक और धार्मिक महत्व को दर्शाती है। मंदिर के महिमा के बारे में पुजारी के द्वारा विस्तृत रूप से बताया गया। मौके पर देव पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, जिला प्रभारी मनोज कुशवाहा, देव नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सह मंडल अध्यक्ष पिन्टू साहिल, मदनपुर व्यापार मंडल अध्यक्ष पीयूष रंजन उर्फ रिषु सिंह, पैक्स अध्यक्ष मोनी सिंह, मनोहर कुमार, उप मुख्य पार्षद गोलू कुमार, पश्चिमी केताकी पंचायत के मुखिया धीरेन्द्र राम, योगेन्द्र सिंह, गुड्डू राय, दीपक सिंह, जिला मीडिया प्रभारी मितेन्द्र कुमार सिंह, भाजपा नेता दीपक सिंह, अंकित सिंह, मुखिया पंकज सिंह, वाणिज्य प्रकोष्ठ संयोजक मनोज प्रमार, उपेन्द्र सिंह आदि उपस्थित रहे।



# औरंगाबाद में 11 डॉक्टरों का पदस्थापन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से औरंगाबाद के विभिन्न अस्पतालों में कुल 11 डॉक्टरों का पदस्थापन किया गया है। इन डॉक्टरों की बहाली होने से मरीजों को बेहतर इलाज और सुविधा प्रदान होगी। लगातार डॉक्टरों की कमी को लेकर जो कयास लगाये जा रहे थे, वह अब सदर अस्पताल में कुछ हद तक समस्या दूर होती दिख रही है। बता दें कि सदर अस्पताल में छह डॉक्टरों की नियुक्ति की गयी है। इसमें एक रेडियोलॉजिस्ट, दो इएनटी, एक चर्म रोग, एक विशेषज्ञ व अन्य चिकित्सा पदाधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही पीएचसी नवीनगर में एक मुच्छर्क, एक रेफरल अस्पताल कुटुंबा में मुच्छर्क, अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में एक मुच्छर्क और एक शिशु रोग विशेषज्ञ और पीएचसी जम्होर में एक शिशु रोग डॉक्टर की नियुक्ति की गयी है। दरअसल जिले के विभिन्न अस्पतालों में विभिन्न रोगों से संबंधित डॉक्टरों को नहीं होने से मरीजों को काफी परेशानी होती थी। इलाज में लापरवाही बरते जाने और डॉक्टरों की कमी पाए जाने पर अस्पताल हंगामे की भी भेंट चढ़ जाता था। कई बार स्वास्थ्य विभाग औरंगाबाद की टीम ने जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री से शिकायत भी की और डॉक्टरों की पदस्थापना को लेकर आवेदन भी सौंपा। कई बार स्थिति यह भी हुई कि सदर अस्पताल में डॉक्टर न रहने पर डॉक्टरों को विरोध भी झेलना पड़ा। संबंधित रोग के डॉक्टर न रहने पर मरीज निराशा घर लौट जाते थे। ऐसे में मॉडल अस्पताल का दर्ज़ा प्राप्त कर चुकी सदर अस्पताल बदनामी झेल रहा था। अब यहां डॉक्टरों की पदस्थापना की गयी है तो मरीजों को इलाज में सुविधा प्रदान होगी। वैसे डॉक्टरों की कमी होने पर विभाग की टीम भी टाल मटोल करती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं है। डॉक्टरों की बहाली हुई है और मरीजों की इलाज भी होगी। सदर अस्पताल में डॉ रुपाली कौशल को रेडियोलॉजिस्ट, डॉ सुमित व डॉ चित्तरंजन को इएनटी, डॉ रविभूषण कुमार सिंह को सर्जन, डॉ पंकज कुमार को शिशु रोग, डॉ सचिन कुमार गुप्ता को मुच्छर्क के पद पर पदस्थापित किया गया है। वहीं अनुमंडलीय अस्पताल दाउदनगर में डॉ जय प्रकाश भारती को शिशु रोग, डॉ गुंजन कुमार को मुच्छर्क के तौर पर पदस्थापित किया गया है। पीएचसी जम्होर में डॉ राम उदगर प्रसाद को शिशु रोग, रेफरल अस्पताल कुटुंबा में डॉ विवेकानंद को मुच्छर्क, रेफरल अस्पताल नवीनगर में डॉ संजीत को मुच्छर्क के तौर पर बहाल किया गया है। बताया कि डॉक्टरों की बहाली होने से मरीजों को सुविधा प्रदान होगी। धीरे-धीरे व्यवस्था बढ़ायी जा रही है, जिससे मरीजों की हर समस्या हल हो सके। पूर्व डीएस डॉ सुरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में भी डॉक्टरों की बहाली की गयी थी। मरीजों का बेहतर इलाज भी हो रहा है। विभाग हमेशा बेहतर सुविधा देने में लगी रहती है। मरीजों को दिक्कत न हो, इसका भी खासा ध्यान विभाग को रहता है। जितने डॉक्टरों की बहाली हुई है, अगर वे सभी अपनी ड्यूटी सही तरीके से करें, तो मरीजों को कोई परेशानी नहीं होगी।

# माले का कार्यकर्ता सम्मेलन कल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा।** भाकपा माले का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन मंगलवार को होगा। इसकी तैयारी को लेकर अंबा में पार्टी कार्यकर्ताओं की एक बैठक हुई। बैठक में कार्यक्रम को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गयी जिसमें उपस्थित कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेदारी दी गयी। बैठक का नेतृत्व पार्टी के प्रखंड सचिव रमेश पासवान ने किया। उन्होंने बताया कि सात अक्टूबर को अंबा के नवीनगर रोड में कार्यकर्ता सम्मेलन रखा गया है, जिसमें कुटुंबा, नवीनगर, देव प्रखंड के कुटुंबा विधानसभा से जुड़े सभी 34 पंचायत के कार्यकर्ता शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि काराकाट सांसद राजाराम सिंह मुख्य अतिथि होंगे। इसके साथ ही जिला सचिव मुनारिक राम, अनवर हुसैन, सत्येंद्र सिंह विशिष्ट अतिथि होंगे। उन्होंने गांव- गांव में लोगों को पार्टी के नीति सिद्धांत से अवगत कराने की बात कही। कहा कि कुटुंबा विधानसभा चुनाव में भाकपा माले सक्रिय भूमिका में रहेगी। इस मौके पर मंटू कुशवाहा, संजय तेजा, विनोद ठाकुर, जितेंद्र मेहता, शंकर गुप्ता आदि थे।

# देव में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**देव।** त्रेतायुगीन प्रसिद्ध पौराणिक देव सूर्य मंदिर में रविवार को भगवान सूर्य के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर दर्शन पूजन किया। सूर्य मंदिर न्यास समिति के अनुसार हजारों श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। कतारबद्ध श्रद्धालुओं को बारी-बारी से गर्भगृह के अंदर प्रवेश कराकर समिति व्यवस्था के तहत पूजा करने का मौका दिया गया। इधर भगवान सूर्य के जयघोष से मंदिर परिसर गुंजायमान रहा। वहीं भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस की तैनाती की गयी थी। पुरुष व महिला सिपाही सुरक्षा में तैनात रहे। ऐसे में कतार में खड़े होकर श्रद्धालुओं ने मंदिर में पूजा की। न्यास समिति के सचिव विश्वजीत राय, कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, सदस्य योगेंद्र सिंह व लक्ष्मण गुप्ता ने बताया कि देव सूर्य मंदिर पौराणिक है। इसे संजोकर रखना हम सभी का कर्तव्य है। श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो, इसका ख्याल रखा जा रहा है। देश में भगवान सूर्य के कई प्रख्यात मंदिर हैं, परंतु देव में छठ करने का अलग महत्व है। श्रद्धालुओं को किसी तरह की तकलीफ से बचने के लिए न्यास समिति ने भी इस मौके पर हर संभव उपाय किया। बता दें कि मंदिर में भगवान सूर्य तीन स्वरूपों में विराजमान हैं। ऐसी मान्यता है कि तीन स्वरूपी भगवान सूर्य के दर्शन मात्र से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। ज्ञात हो कि रविवार को सूर्य देवता की पूजा का विशेष महत्व माना जाता है। सूर्य देव को सभी ग्रहों का अधिपति माना जाता है। सूर्य देव की पूजा अर्चना करने से स्वास्थ्य, धन और समृद्धि में वृद्धि होती है।

# विधि विज्ञान प्रयोगशालाओं में संविदा से 189 पदों पर होगी बहाली

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार पुलिस की विधि-विज्ञान प्रयोगशालाओं में सहायक निदेशक (राजपत्रित) और वरीय वैज्ञानिक सहायक (अराजपत्रित) के 189 पदों पर संविदा पर बहाली होगी। इसके लिए अपराध अनुसंधान विभाग के डीआईजी सह अध्यक्ष नियोजन बोर्ड के स्तर से विज्ञापन जारी किया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक विधि विज्ञान प्रयोगशाला में सहायक निदेशक के 89 और वरीय वैज्ञानिक सहायक के रिक्त पड़े 100 पदों पर नियोजन की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। इन पदों के लिए छह अक्टूबर से ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन की अंतिम तिथि 31 अक्टूबर रखी गई है। इन पदों पर चयन के लिए न्यूनतम आयुसीमा 21 वर्ष जबकि अधिकतम आयुसीमा 65 वर्ष होगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# महाकवि वाणभट्ट महोत्सव की तैयारी को ले बैठक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** प्रखंड के छठी अहरा-अमृतनगर रोड स्थित निजी शिक्षण संस्थान के सभाकक्ष में रविवार को महाकवि वाणभट्ट महोत्सव मनाने की तैयारी को लेकर बुद्धिजीवी, समाजसेवी तथा शिक्षाविदों की बैठक हुई। अध्यक्षता आचार्य लालमोहन शास्त्री व संचालन अधिवक्ता सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने किया। कहा जाता है कि पीरू गांव में आज भी महाकवि वाणभट्ट का सांस्कृतिक विरासत स्थल देखने को मिलता है। इसे लेकर प्रखंड ही नहीं अपितु जिले के प्रबुद्धजन, शिक्षाविद्, समाजसेवी के बीच महाकवि बाणभट्ट महोत्सव मनाने की जरूरत महसूस हो रही है। महोत्सव के कार्यक्रम की रूप-रेखा पर विस्तार से चर्चा की गयी। सिद्धेश्वर विद्यार्थी ने महोत्सव की तैयारी पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि महाकवि वाणभट्ट संस्कृत के प्रख्यात विद्वान थे। महोत्सव ऐतिहासिक हो इसे लेकर कमिटी का गठन करने के साथ 26 दिसंबर को महोत्सव मनाने की तिथि निर्धारित की गयी। बैठक में विजय अकेला, चन्द्रदेव सिंह, लालदेव प्रसाद, कुलदीप चौधरी, देवनारायण यादव, सुरेंद्र सिंह, आदित्य श्रीवास्तव, लोरिक यादव, श्रीराम सिंह के अलावा कई गण्यमान लोगों ने महोत्सव की तैयारी पर चर्चा की। गठित कमिटी में संरक्षक मंडल आचार्य लालमोहन शास्त्री चन्द्रदेव सिंह, लालदेव प्रसाद, देवनारायण यादव, लोरिक यादव, संयोजक विजय अकेला, अध्यक्ष पिन्टू चौधरी ,उपाध्यक्ष अनिल आर्य, सुरेश आर्य, सचिव सुरेन्द्र यादव, सह सचिव अरविंद यादव, रामबिलास यादव, समाजसेवी सुरेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष विवेक कुमार को सर्वसम्मति से बनाया गया। अगली बैठक 19 अक्टूबर को हसपुरा बाजार के ठाकुरबाड़ी में होगी।



# दुर्घटना में दंपति समेत तीन जख्मी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के कुशी मोड़ के समीप बकरी को बचाने में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे उसपर सवार पति-पत्नी सहित तीन लोग घायल हो गए। घायलों में फ़ेसर थाना क्षेत्र के चतरा गांव निवासी मनोज कुमार, मनोज की पत्नी तारा देवी व पुत्री नायरा कुमारी शामिल है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल महिला तारा देवी ने बताया कि वह अपने पति के साथ बाइक पर सवार होकर किसी काम से औरंगाबाद बाजार गई थी। वापस घर लौटने के दौरान कुशी मोड़ के समीप चलती बाइक के सामने अचानक एक बकरी आ गई। बकरी को बचाने में तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद घटनास्थल पर मौजूद स्थानीय लोगों ने तीनों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया गया।

